वार्षिक प्रतिवेदन
2013-2014

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

Institute for **Plasma Research**

भाट, गांधीनगर 382428

प्रबंध परिषद

1)	डॉ. आर. के. सिन्हा	अध्यक्ष
2)	डॉ.धीरज बोरा	सदस्य
3)	श्री शेखर बासु	सदस्य
4)	डॉ.अमित रॉय	सदस्य
5)	डॉ. जे. एन. गोस्वामी	सदस्य
6)	डॉ.सिराज हसन	सदस्य
7)	श्री पी. आर. बाविस्कर	सदस्य
8)	श्री वी. आर. सदाशिवम	सदस्य
9)	श्रीमती जयंति एस. रवि	सदस्य
10)	श्री संजय लाल भाई	सदस्य
11)	श्री पी. के. आत्रेय	गैर-सदस्य सचिव

कार्यकारी सारांश

स्थिर-अवस्था अतिचालक टोकामक-1 (एसएसटी-1) में विस्तृत एवं व्यापक अभियांत्रिकी मान्यकरण करने के पश्चात् 20 जून, 2013 को प्रथम प्लाज़्मा सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया है। इस उपलब्धि के बाद भारत, स्थिर अवस्था प्रचालन की क्षमता से युक्त अतिचालक टोकामक वाले देशों (रूस, फ्रांस, जापान, चीन एवं कोरिया के बाद) के एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गया है। प्रथम प्लाज़्मा प्राप्त करने के बाद प्लाज़्मा प्राचलों को बढ़ाने के लिए प्रयोगात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। एसएसटी-1 के प्लाज़्मा केन्द्र में 0.75T के टीएफ के साथ 51kA एवं 1.5T के टोरोइडल क्षेत्र सहित 75kA की अधिकतम प्लाज़्मा विद्युत् धारा को प्राप्त किया गया है। वास्तविक स्थिर अवस्था प्रचालन के लिए निम्न संकर धारा प्रवाह (एलएचसीडी) प्रणालियों के परीक्षण प्रयोगों को भी शुरू कर दिया गया है और उसमें निरन्तर प्रगति हो रही है।

आदित्य में इलेक्ट्रॉन (ईसीआरएच) एवं आयन (आईसीआरएच) साईक्लोट्रॉन अनुनाद तापन प्रयोगों के साथ रनअवे अल्पीकरण पर समर्पित प्रयोगों को क्रियान्वित किया गया। द्वितीय हार्मोनिक ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन ने प्रचालन लूप वोल्टता को 7 V तक कम कर दिया है, जबकि आईसीआरएच आधारित भित्ति अनुकूलन ने कार्बन एवं ऑक्सिजन जैसी अशुद्धियों को बहुत निम्न स्तर तक कम कर दिया है।

12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत अधिक उन्नत तकनीकियों को पूरा करने के लिए प्रारंभ की गई नई परियोजनाएँ अच्छी प्रगति कर रही हैं। स्वदेशीय विकसित 30 kA केबल-इन-कंड्यूट (सीआईसी) अतिचालक द्वारा एक 8-मोड की एकल परत की सोलेनॉयड को निर्मित किया था एवं नई स्थापित प्रयोगात्मक सुविधा में उसका परीक्षण किया जा रहा है। ऊष्मा स्रोत के रूप में उच्च शक्ति इलेक्ट्रॉन पुँज का प्रयोग करके एक नई उच्च ऊष्मा फ्लक्स परीक्षण सुविधा एवं बड़े डी-आकार के निर्वात पात्र की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था का उपयोग डायवर्टर एवं प्रथम भित्ति तकनीकियों के लिए पदार्थ का परीक्षण करने के लिए किया जा रहा है। सक्रिय कार्बन सॉरबेन्ट एवं अधिशोषण गुणों, विगैसन, बहिर्गैसन मापन आदि का अध्ययन करने के लिए प्रयोगात्मक प्रणालियों के सफलतापूर्ण विकास ने क्रायो-पम्पों के स्वदेशी विकास को एक स्तंभ दिया है। बड़ी क्रायोजेनिक प्रणालियों के लिए लघु प्रणालियों को प्रतिरूपकों के साथ अभिकल्पित किया जा रहा है।

ईटर के लिए टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल की प्रतिबद्धता की सुपुर्दगी के लिए आवश्यक सभी अनुसंधान एवं विकास कार्यों में अन्य ईटर सहयोगियों के साथ समकक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। भारतीय अभिकल्पन की सुरक्षा योग्यता को परखने के लिए भी प्रयोग किए जा रहे हैं। संलयन न्यूट्रॉनिकी प्रयोगशाला (एफएनएल) में 14 MeV सीलबंध न्यूट्रॉन जनरेटर का प्रयोग करके ब्रीडर पदार्थ के रूप में लिथियम टाइटेनेट एवं मल्टीप्लायर के रूप में लेड से युक्त ब्लैंकेट मॉक-अप संयोजन के लिए किरणन प्रयोग किए गए। एसएसटी-1 अंत:भित्ति निरीक्षण एवं अनुरक्षण प्रणाली के लिए एक प्रोटोटाइप रोबोटिक आर्टीकुलेटड प्रणाली को अभिकल्पित किया गया है एवं उसकी प्राप्ति की प्रक्रिया प्रगति पर है। ईटर के लिए नैदानिक अनावेशित पुँज अंत:क्षेपण (एनबीआई) का परीक्षण करने के लिए एक परीक्षण सुविधा को भारत में बनाया जा रहा है, जिसका बाद में भविष्य की एनबीआई प्रणालियों के लिए उपयोग किया जाएगा।

इस अवधि में बृहद आयतन प्लाज़्मा उपकरण (एलवीपीडी) जैसी स्थापित व्यवस्था पर आधारभूत प्लाज़्मा प्रयोगों, टोरोइडल संयोजन (बीटा) एवं गैर-अनावेशी प्लाज़्मा प्रयोग (एसएमएआरटीईएक्स-सी) आदि पर मूलभूत प्रयोगों को भौतिकी के नए क्षेत्रों की खोज करने के लिए जारी रखा जा रहा है, नई मशीनों पर प्रारंभिक प्रयोग भी शुरू हो गए हैं। पहले विकसित की गई उच्च दक्षता से युक्त प्लाज़्मा टॉर्च को निरंतर प्रचालन के लिए उच्च शक्ति (30 kW तक) तक बढ़ाया गया है।

प्लाज़्मा भौतिकी के अछूते पक्षों की खोज करने के लिए देश में उपलब्ध सबसे अच्छी अभिकलन सुविधाओं द्वारा अनुकरण एवं अभिकलनात्मक कार्य और अधिक परिष्कृत हो रहे हैं। इस कार्य को संस्थान में उपलब्ध वैविध्यपूर्ण आधारभूत सिद्धांत विशेषज्ञता से समर्थन भी मिल रहा है। आदित्य एवं एसएसटी-1 के प्रयोगों के लिए अन्यत्र उपलब्ध विभिन्न अनुकरण कोड को इन मशीनों से प्राप्त परिणामों को समझाने के लिए अपनाया जा रहा है। एक एकीकृत मॉडलिंग के माध्यम से भविष्य के भारतीय संलयन कार्यक्रम के लिए विशाल मशीन के अभिकल्पन के लिए अन्य बड़े टोकामकों के प्रत्यक्ष परिणामों के साथ इन परिणामों को काम में लिया जा रहा है।

एफसीआईपीटी में विकसित तकनीकियों के सामाजिक लाभ कई जगहों से प्रशंसा प्राप्त कर रहे हैं। एफसीआईपीटी द्वारा उद्योगों को स्थानांतरित की गई दो तकनीकियों पर दिए गए प्रारंभिक व्याख्यान अत्यधिक सफल रहे हैं। विभिन्न परियोजनाओं के लिए कई समझौताज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। इस दौरान एफसीआईपीटी में उन्नत पदार्थ अभिलक्षणन एवं परीक्षण यंत्रों से सुविधाओं को मजबूत बनाया जा रहा है, जिसे विशेष रूप से संलयन अनुप्रयोगों के लिए सामग्री के विकास के लिए उपयोग किया जाएगा।

ईटर-भारत द्वारा कड़े अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं आश्वासन के साथ ईटर के लिए सुपुर्दगी पैकेजों के अधिकतर भाग का विनिर्माण चरण आरम्भ हो चुका है। कार्य की गति एवं गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए फैक्टरी साइट पर ही संबंधित व्यक्तियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों की व्यवस्था की जा रही है। ईटर साइट पर क्रायोस्टेट के अंतिम एकीकरण के लिए आवश्यक वर्कशॉप हेतु भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। विभिन्न प्रणालियों के लिए प्रोटोटाइपों का विकास एवं परीक्षण करके ईटर-भारत प्रयोगशाला में जहाँ आवश्यक हो वहाँ अनुसंधान एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। देशीय संलयन कार्यक्रम (पहले बीआरएफएसटी के नाम से) के अंतर्गत परियोजनाओं की समीक्षा को इस वर्ष जारी रखा गया है।

प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र, गुवाहटी में संस्थान के प्रमुख उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए कई मौलिक प्रयोगों के साथ नवीन कार्यों को भी आरंभ किया गया है। टोकामक प्लाज़्मा के डायवर्टर क्षेत्र की भौतिकी का अध्ययन करने के लिए एक खंडित प्लाज़्मा टॉर्च आधारित डायवर्टर सिमुलेटर प्रणाली को विकसित करने का कार्य प्रगति पर है।

व्यापक रूप में संस्थान से संबंधित सभी क्षेत्रों में कार्य की प्रगति उत्साहवर्धक एवं संतोषजनक है।

निदेशक,
आईपीआर

वार्षिक प्रतिवेदन

अप्रेल 1, 2013 से मार्च 31, 2014 तक

वर्ष 1986 से यह संस्थान प्लाज़्मा भौतिकी अनुसंधान में द्रुत गति से बढ़ रही सुविधाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं कई फलित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों के साथ प्रगति कर रहा है। एक छोटे टोकामक प्रयोग एवं मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग से प्रारम्भ करके यह संस्थान नियंत्रित तापनाभिकीय संलयन के लिए आवश्यक सभी उपयुक्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी आवश्यकताओं में विशेषज्ञता प्राप्त कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (ईटर) में देश की प्रतिभागिता के माध्यम से विकसित प्रौद्योगिकियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। पिछले एवं वर्तमान पंच वर्षीय योजनाओं के अंतर्गत संलयन विज्ञान तथा तकनीकी अनुसंधान बोर्ड (बीआरएफएसटी) एवं संलयन तकनीकी विकास कार्यक्रम की गतिविधियाँ अपेक्षित विकास को आगे बढ़ा रही हैं। इसके साथ ही औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी प्रसुविधा केन्द्र (एफसीआईपीटी) द्वारा उद्योग को प्लाज़्मा तकनीक का तात्कालिक उपयोग करने हेतु मौलिक प्रयोग इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। अब प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र के कार्यक्रम को भी संलयन अनुसंधान के मुख्य विषय के लिए संरेखित किया जा रहा है।

अध्याय

A. वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश.....02

B. अन्य परिसरों की गतिविधियाँ.....37

C. शैक्षिक कार्यक्रम.....50

D. तकनीकी सेवाएँ.....50

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति.....52

अध्याय A

वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश

A.1 संलयन प्लाज़्मा प्रयोग 02

A.2 संलयन तकनीकी विकास..... 09

A.3 मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग..... 24

A.4 सैद्धान्तिक, मॉडलिंग एवं
संगणनात्मक प्लाज़्मा भौतिकी 31

A.1 संलयन प्लाज़्मा प्रयोग

संस्थान में संलयन प्लाज़्मा से संबंधित प्रयोगों को करने के लिए दो मौजूदा सुविधाओं में आदित्य टोकामक तथा स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामक-1 (एसएसटी-1) हैं। इस अनुभाग में उपकरण की स्थिति, नये विकास तथा किए गए प्रयोगों के बारे में विवरण दिया गया है।

A.1.1 आदित्य टोकामक
A.1.1.1 यंत्र की स्थिति एवं प्रयोगात्मक परिणाम.....02
A.1.1.2 नैदानिकी विकास.....03
A.1.1.3 तापन प्रणालियाँ.....04
A.1.2 स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामक (एसएसटी-1)
A.1.2.1 यंत्र की स्थिति.....05
A.1.2.2 नैदानिकी विकास.....06
A.1.2.3. तापन एवं धारा प्रवाह प्रणालियाँ.....07

A.1.1 आदित्य टोकामक

A.1.1.1 यंत्र की स्थिति एवं प्रयोगात्मक परिणाम

यह यंत्र एक वायु-कोर, मध्यम आकार का (R = 75 cm, a = 25 cm) ओमीय रूप से तापित वृत्ताकार सीमक टोकामक, रनवे अल्पीकरण, विदारण नियंत्रण आदि कई समर्पित प्रयोगों को क्रियान्वित करने में लगा है, जो ईटर जैसे बृहदाकार टोकामकों के सफल प्रचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन नवीन प्रयोगों के परिणाम बहुत ही उत्साहजनक रहे हैं और भविष्य के टोकामक प्रचालनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

रनअवे अल्पीकरण: वर्तमान टोकामक अनुसंधान में रनवे इलेक्ट्रॉन का उत्पादन एवं अल्पीकरण चुनौतीपूर्ण विषय बना हुआ है। ये उच्च-ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन, यदि अनियंत्रित रहने दिए जाते हैं, तो ये किसी टोकामक के निर्वात पात्र को काफी क्षति पहुँचा सकते हैं। रनअवे इलेक्ट्रॉनों का ऊच्च ऊर्जा को प्राप्त करने से पहले उन्हें कम करने के लिए आदित्य टोकामक में एक नवीन क्रियाविधि को विकसित किया गया है। रनअवे इलेक्ट्रॉनों का निष्कर्षण करने के लिए आदित्य टोकामक के ऊपर एवं नीचे रखे एक स्थानीकृत ऊर्ध्वाधर चुम्बकीय क्षेत्र (एलवीएफ) क्षोभ को दो हेल्महोल्ट्ज जैसी कॉइलों का प्रयोग करके एक टोरोइडल स्थान पर लगाया है, जैसा चित्र A.1.1.1 में दिखाया है। मोडों की संख्या (n) ~ 50 मोड/कॉयल एवं प्लाज़्मा केन्द्र से कॉइल के केन्द्र तक का अंतर लगभग 80cm है। स्थानीय ऊर्ध्वाधर क्षेत्र को बनाने के लिए कॉइलों को जोड़ा गया है जो वास्तविक साम्य क्षेत्र की विपरीत दिशा में है। जब निस्सरण में 30 ms पर प्लाज़्मा विद्युत धारा की प्रवणन प्रवस्था के दौरान एलवीएफ स्पंद का प्रयोग किया जाता है, तब रनअवे चालित प्लाज़्मा विद्युत् धारा एवं ठोस एक्स-रे में हम काफी कमी का अनुभव करते हैं। प्रयुक्त स्थानीय एलवीएफ क्षोभ, उच्च ऊर्जावान रनअवे इलैक्ट्रॉनों के लिए एक त्रुटि क्षेत्र का कार्य करता है और वे खो जाते हैं, जबकि बहुत धीमा तापीय प्लाज़्मा इलेक्ट्रॉन आदित्य टोकामक में बेहतर निस्सरण प्रदान करते हुए इस क्षोभ से लगभग अप्रभावित रहता है। बड़े टोकामकों में उच्च ऊर्जाओं को प्राप्त करने के लिए विदारण जनित रनवे इलेक्ट्रॉनों से बचने के लिए इस तकनीक का अच्छी तरह से उपयोग किया जा सकता है।

विदारण अल्पीकरण: विदारण तेजी से होने वाली घटनाएं है, जिसमें प्लाज़्मा तापीय ऊर्जा के बड़े अंश अनायास ही खो जाते हैं और ईटर सहित बडे टोकामकों के सफल प्रचालनों के लिए इससे बचा जाना चाहिए। आदित्य टोकामक में दो नवीन तकनीकियों से हाईड्रोजन गैस पफिंग द्वारा प्रेरित विदारणों को सफलतापूर्वक कम किया जा सकता है। (i)आदित्य टोकामक की सीमक त्रिज्या के भीतर रखे गये Mo इलेक्ट्रोड को वोल्टता अनुप्रयोग करके। (ii) उपयुक्त शक्ति के आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (आईसीआरएच) स्पंद को प्रक्षेपित करके। ये प्रयोग विदारण नियंत्रण यंत्रों को बेहतर समझाते हैं एवं ईटर में विदारण नियंत्रण के लिए एक विकल्प के रूप में भी सोच जा सकते हैं। दोनों तकनीकियों में आदित्य टोकामक में पुनरुत्पादनीय निस्सरणों को प्राप्त करने के बाद प्लाज़्मा विद्युत् धारा का विदारण होने देने के लिए हमने पर्याप्त मात्रा में हाईड्रोजन गैस को अंत:क्षेपित किया है। हाईड्रोजन गैस पफ एमएचडी विधा को उत्तेजित करता है जो आयाम में बढ़ता है, लॉक हो जाता है और घूमना बदं हो जाता है जिससे प्लाज़्मा विदारण होता है। हालांकि गैस पफ से पहले सीमक त्रिज्या के भीतर रखे Mo इलेक्ट्रॉड को धनात्मक अभिनति वोल्टता के अनुप्रयोग से यह m/n = 3/1, 2/1 एमएचडी विधा के अनुरूप चुम्बकीय द्विपों के विकास की पर्याप्त कमी का कारण बनता है। यह बदले में मोड लॉकिंग से बचाता



चित्र A.1.1.1. ऊपर एवं नीचे रनअवे निष्कर्षण कॉइल

है और प्लाज़्मा विद्युत् धारा का अनायास विदारण होने से बचाता है। परिणामों को चित्र A.1.1.2 में दिखाया गया है। चित्र A.1.1.3 में दर्शाये गये अनुसार एलसीएफएस के बाहर मौजूद एक तेज तरंग के पोलोइडल प्रकार के ऐन्टिना के माध्यम से आवृत्ति 24.8 MHz एवं शक्ति ~ 50 to 70 kW के एक आईसीआरएच स्पंद को प्रयुक्त करते हुए प्लाज़्मा विदारणों से बचने के लिए भी इसे सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया था। इस स्थिति में भी विदारणों को लाने के लिए पर्याप्त मात्रा में एक हाइड्रोजन गैस पफ को अंत:क्षेपित किया गया, जिसे बाद में गैस अंत:क्षेपण से पहले आईसीआरएच स्पंद को प्रक्षेपित करके कम किया जाता है। प्राप्त परिणाम अभिनति प्रयोगों के काफी समान है, क्योंकि एमएचडी विधा आईसीआरएच अनुप्रयोगों की स्थिति में नहीं बढ़ते।



चित्र A.1.1.2. आदित्य टोकामक में इलेक्ट्रॉड अभिनति से विदारण से बचाव

आईटीपीए विदारण डाटाबेस: आदित्य टोकामक से तत्क्षण और जान बुझ कर ट्रिगर किए विदारणों के विभिन्न प्रकारों के बड़े डाटाबेस का अच्छी तरह से विश्लेषण करके अंतर्राष्ट्रीय विदारण डाटाबेस (आईटीपीए) के लिए एक महत्वूपर्ण योगदान दिया है। आदित्य के 100 से ऊपर विदारक निस्सरणों की पहचान और वर्गीकरण करने के बाद आईटीपीए द्वारा सुझाए गए प्रारूप के अनुसार एक डाटाबेस बनाया गया और आईटीपीए विदारण डाटाबेस कार्य समूह के लिए अपलोड किया गया। आईडीडीबी को वर्तमान में नौ टोकामकों से योगदान मिल रहा है, जिसमें परंपरागत पहलू अनुपात टोकामक एवं गोलाकार टोकामक दोनों शामिल है। उपलब्ध डाटा का प्रारंभिक प्राचलिक विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

A.1.1.2 नैदानिकी विकास

अवरक्त प्रतिबिम्बन विडियो बोलोमीटर: यह स्वतंत्र स्थायी अति पतले बृहद क्षेत्र के धातु फॉयल का उपयोग करता है, जो विस्तृत स्पैक्ट्रल रेंज (एसएक्सआर से यूवी तक) में पिनहोल कैमेरा ज्यामिति



चित्र A.1.1.3 आदित्य टोकामक में आईसीआरएच के साथ विदारण नियंत्रण

के माध्यम से उच्च तापमान चुम्बकीय रूप से परिमित प्लाज़्मा से विकिरणित शक्ति को अवशोषित करता है। यह अवशोषित शक्ति, फॉयल क्षेत्र पर तापमान प्रालेख को बदलती है जो प्रकाशकीय रूप से (अवरक्त विकिरण द्वारा) प्रतिबिम्बित है तथा अवरक्त संचरण निर्वात दृश्य पोर्ट के माध्यम से निर्वात पात्र के बाहर स्थित अवरक्त कैमरे से मापी है। 2-डी तापमान प्रालेख के ऊष्मा विसरण विश्लेषण का उपयोग करके प्लाज़्मा से कुल विकिरणित शक्ति प्रालेख को निर्धारित किया जा सकता है। इन तकनीकों को मध्यम आकार के टोकामक, आदित्य के लिए पहली बार प्रयोग किया जा रहा है।

आवेश विनिमय नैदानिकी: यह प्रणाली आदित्य टोकामक पर संस्थापित की गई है (त्रिज्य पोर्ट सं.10) तथा ओमीय प्लाज़्मा के विकास के दौरान कोर आयन तापमान मापने के लिए प्लाज़्मा निस्सरणों के दौरान सफलतापूर्वक प्रचालित की गई है। कोर आयन तापमान का मापन आवेश विनिमय नैदानिकी की निश्चेष्ट विधा पर आधारित है, जो परिसीमित प्लाज़्मा से बाहर आ रहे अनावेशित पुँज में विभिन्न ऊर्जा घटकों को सुलझाने के लिए अनावेशित कण विश्लेषक (एनपीए) को स्थिर विद्युत समानांतर प्लेट विन्यास के साथ उपयोग करता है।

स्पैक्ट्रोदर्शी नैदानिकी : आदित्य टोकामक से H-अल्फा, H बीटा, एवं CIII उत्सर्जनों के कालिक एवं स्थानिक प्रालेखों को मापने के लिए एक फोटोमल्टीप्लायर अरे आधारित नैदानिकी प्रणाली को विकसित किया गया है। इस नैदानिकी में क्रमश: 3.0 cm तथा 10 माइक्रोसेकण्ड का स्थानिक एवं कालिक विभेदन है, जो टोकामक के तेजी से बदलते भंजन एवं विद्युत् धारा प्रवणन प्रावस्थाओं के दौरान प्लाज़्मा के व्यवहार का अध्ययन करने में सक्षम करता है। यह नैदानिकी प्लाज़्मा को देखने तथा प्रकाश परिवहन के लिए लैंस और प्रकाशिक तंतु, तरंगदैर्घ्य चयन के लिए व्यतिकरण फिल्टर एवं एक मॉड्युलर प्रकार के संसूचक आवासन से युक्त है। प्लाज़्मा गठन का अध्ययन करने के लिए आदित्य टोकामक में प्रयोग क्रियान्वित किए गए। अध्ययन से यह उजागर होता है कि टोकामक के उच्च क्षेत्र की ओर मध्य के समीप प्लाज़्मा भंजन होता है तथा यह अनुकरण के माध्यम से आकलित चुम्बकीय रहित स्थान से भी मेल खाता है। प्रकाशिक तंतु, व्यतिकरण फिल्टर एवं पीएमटी आधारित H-अल्फा एवं अशुद्धियाँ उत्सर्जन मॉनिटरन, दृश्य एवं वीयुवी सर्वे स्पैक्ट्रोदर्शी तथा अंतराकाशी समाधित मल्टी-ट्रैक स्पैक्ट्रोस्कोपी प्रणाली विभिन्न प्रयोगों के दौरान नियमित प्रचालन में है एवं आदित्य टोकामक प्लाज़्मा गुणों पर बहुमूल्य जानकारी दे रहे हैं, उदाहरण के लिए आईसीआरएच प्रयोग के दौरान H-अल्फा संकेत का कालिक व्यवहार उल्लेखनीय संशोधन दर्शाता है। प्लाज़्मा में दृश्य कॉर्ड को सुदूर से सेट करने के लिए सर्वोमोटर एवं पीएलसी आधारित प्रणाली का प्रयोग करके एनआईएम प्रणाली के स्थानिक स्कैनिंग मिरर को उसके हस्तचालित मोड प्रचालन से स्वचालित में बदल दिया गया है। यह आदित्य टोकामक को अभिगम किए बिना अधिक आयनित अशुद्धता उत्सर्जन के आकाशीय प्रालेख मापन के लिए दृश्य कॉर्ड स्थान को आसानी से बदलने के लिए सक्षम करता है।

A.1.1.3 तापन प्रणालियाँ

आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (आईसीआरएच) प्रयोग: आदित्य पर संस्थापित इस प्रणाली में 20-40 MHz के आवृत्ति प्रसार में 1MW आरएफ जनरेटर, मैचींग प्रणाली के साथ संचरण लाइन, निर्वात अंतरापृष्ठ एवं फेराडे शील्ड के साथ तीव्र तरंग पोलोइडल प्रकार का ऐन्टिना हैं। 100 ms प्लाज़्मा अवधि में विभिन्न आरएफ शक्तियों (40 kW- 200 kW) में विभिन्न परिमाणों (5ms-100ms) की आरएफ स्पंदों का उपयोग करके द्वितीय संनादी पर तापन प्रयोग किए गए। सॉफ्ट एक्स-रे डाटा 250 eV से अधिकतम 500 eV तक इलेक्ट्रॉन तापमान वृद्धि को दर्शाता है तथा अनावेशित कण विश्लेषण डाटा तथा डॉप्लर विस्तार करने से डाटा 350 eV तक आयन तापमान वृद्धि को दर्शाता है।

आईसीआरएच (आईसीडब्ल्यूसी) का उपयोग करके भित्ति अनुकूलन: 50ms से 1.2 सेकण्डों तक के लिए कई आईसीआर स्पंदों को प्रयुक्त करके ये प्रयोग क्रियान्वित किए गए एवं निर्वात स्थितियों में सुधारों का विश्लेषण करने के लिए स्पंदों को पहले और बाद में प्रयुक्त करके आरजीए में भिन्नताओं को दर्ज किया गया। स्पैक्ट्रोस्कोपिक नैदानिकी द्वारा आईसीआर प्लाज़्मा को विशेषीकृत किया गया। 0.75 T पर अनुनाद परत के साथ, 0.45 T पर अनुनाद परत के बिना एवं 0.45 T पर हाईड्रोजन प्लाज़्मा में 20% अतिरिक्त He के साथ प्रयोग क्रियान्वित किए गए। टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र में 1 सेकण्ड के लिए समतल शीर्ष है एवं 24.8 MHz पर 50-60 kW की आरएफ स्पंदों को समतल शीर्ष के दौरान प्रविष्ट किया गया तथा 1 x 10^{-4} से 3 x 10^{-4} टॉर रेंज में गैस को निरंतर विधा के साथ भरा गया। अशुद्धियों से युक्त ऑक्सिजन एवं कार्बन के आपेक्षिक स्तरों को आरजीए का उपयोग करके मापा गया। जल एवं मिथेन जैसी भित्ति अशुद्धियों को जानने में सभी तीन सेटों को प्रभावशाली पाया गया। प्रेक्षणों के अनसुार कार्बन अशुद्धता को कम करने में अनुनाद आईसीडब्ल्यूसी अधिक प्रभावशाली है तथा पात्र से ऑक्सिजन अशुद्धता को कम करने में अनुनादहीन आईसीडब्ल्यूसी अधिक प्रभावशाली है।

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (ईसीआरएच) प्रयोग: आदित्य पर संस्थापित जाइरोट्रॉन आधारित ईसीआरएच प्रणाली में 42 GHz आवृत्ति तथा 500 kW शक्ति है। एसएसटी और आदित्य पर ईसीआरएच सहायता प्राप्त प्लाज़्मा भंजन प्रयोगों को क्रियान्वित करने के लिए 42GHz प्रणाली की योजना बनाई थी। एसएसटी-1 से जाइरोट्रॉन प्रचालित होता है और एक 80 m प्रकाशीय तंतु संचार द्वारा कम क्षति के साथ आदित्य टोकामक तक शक्ति संचरण करता है। आदित्य टोकामक 0.75 T चुम्बकीय क्षेत्र पर प्रचालित होता है

तथा द्वितीय संनादी ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन को निम्न लूप वोल्टता पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है। आदित्य टोकामक में द्वितीय संनादी X-विधा में ईसीआरएच शक्ति को प्रक्षेपित किया गया तथा विभिन्न प्रयोग क्रियान्वित किए गए हैं। आदित्य की सामान्य प्रचालन लूप वोल्टता ~22V है, ईसीआरएच, निम्न लूप वोल्टता पर प्रचालन करने के लिए टोकामक को सुविधा देता है एवं निस्सरण के दौरान वोल्ट-सेकण्ड उपभोग को बचाता है। आदित्य टोकामक को 7V तक की निम्न लूप वोल्टता पर सफलतापूर्वक प्रचालित किया गया है, आदित्य में यह निम्न लूप वोल्टता प्रचालन उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन से ही संभव है। आदित्य में लगभग 100-150kW ईसीआरएच शक्ति को लूप वोल्टता के लगभग ~30ms पहले प्रक्षेपित किया गया तथा सफल पूर्व-आयनन एवं भंजन को पूर्व-आयनित घनत्व ~ 2 - 4 x$10^{18}$$m^{-3}$ के साथ लगातार प्राप्त किया है। भंजन प्रयोगों को 1x10^{-4} टॉर से 1x10^{-5} टॉर तक के व्यापक श्रृंखला में क्रियान्वित किया गया है। ईसीआरएच शक्ति के साथ H_अल्फा की उपस्थिति निम्न लूप वोल्टता पर सफल पूर्व-आयनन एवं आरंभन को दर्शाती है।

A.1.2 स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामक (एसएसटी-1)

A.1.2.1 यंत्र की स्थिति

एसएसटी-1 में अप्रैल 2011 से शुरू विभिन्न एकीकृत उप-प्रणालियों के 'अभियांत्रिकी मान्यकरण' के सफल सत्यापन के बाद प्लाज़्मा भंजन एवं धारा प्रवणन के प्रयोगात्मक पहल को एसएसटी-1 में किया गया (चित्र-A.1.2.1a)। 'अभियांत्रिकी मान्यकरण चरण ' में अतिचालक टोरोइडल फील्ड चुंबक को एसएसटी-1 में उपलब्ध हीलियम शीतलन एवं द्रवीकरण प्रणाली द्वारा कुल 16 दिनों की अवधि में नियंत्रित तरीके से तापीय तनाव के साथ ठंडा किया जाना; क्रायोस्टेट और धारा फीडर बक्से में चुंबकों, नलिकाओं एवं हीलियम द्रवीय संचार सहित सभी 5 K हीलियम परिपथों का रिसाव-कसाव; 80 K तापीय शिल्डों के हीलियम रिसाव कसाव एवं पूरे 130 m^2 LN_2 शीतलीत सतहों पर एकसमान तापमान की निश्चितता, ~25m^3 की कुल आयतन के एक एकीकृत निर्वात पात्र की अति उच्च निर्वात की अनुकूलता और साथ-साथ एसएसटी-1 के विभिन्न विषमांगी उप-प्रणालियों में माइक्रोसेकंड की समय सीमा में संकेतों एवं घटनाओं का तुल्यकालिन होना प्रदर्शित करता है। एसएसटी-1 के टी-एफ चुंबकों की अतिचालकता की अवस्था एवं 1.5 T पर टीएफ चुंबकों के सफल आवेशन को चित्र-A.1.2.1.b एवं चित्र- A.1.2.1.c में क्रमशः दिखाया गया है। द्वितीय हार्मोनिक मोड में एक 42GHz और 500 ms इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन स्रोत और ~200 kW की शक्ति के साथ एसएसटी-1 के प्लाज़्मा के सफल भंजन को मई 2013 में प्राप्त किया गया जिसके बाद प्लाज़्मा स्तम्भ में उचित क्षेत्र सूचांकों और संतुलित क्षेत्रों की उपलब्धता के साथ प्लाज़्मा प्रवणन प्रयोगों को शुरू किया गया। सबसे महत्त्वपूर्ण ~12000 A धारा के प्रथम प्लाज़्मा को एसएसटी-1 के अभियान-IV के दौरान 20 जून, 2014 को प्राप्त किया (चित्र-A.1.2.2)। एसएसटी-1 की इस अनूठी उपलब्धि के साथ भारत सफल अतिचालकता टोकामक उपकरणों के



चित्र A.1.2.1 (a): अभियांत्रिकी मान्यकरण के बाद एसएसटी-1मशीन ; (b): अतिचालक हो रहे एसएसटी-1 के चुंबक ; चित्र A.1.2.1(c): 1.5 T तक आवेशित होते एसएसटी-1 टी एफ चुंबक





चित्र A.1.2.2: (ऊपर) 20 जून, 2013 को एसएसटी-1 में प्रथम प्लाज़्मा

चित्र A.1.2.3: (बायें) 0.75 T पर फ्लेट-टॉप के साथ एसएसटी-1 में प्लाज़्मा

अन्य देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हुआ और एसएसटी-1 एक उच्च अभिमुखता अनुपात प्लाज़्मा प्रयोगों को करने वाला प्रायोगिक उपकरण बना है। वर्ष 2013-14 की दूसरी छमाही के छठे अभियान में एसएसटी-1 ने 0.75 T के क्षेत्र के साथ 51 kA के अधिकतम प्लाज़्मा धारा को प्लाज़्मा सेंटर पर प्राप्त किया (चित्र-A.1.2.3)। इसके बाद के प्रयासों में एसएसटी-1 को 1.5 T के क्षेत्र के साथ प्लाज़्मा सेंटर पर संचालित किया गया एवं प्लाज़्मा की स्पंद लंबाई को शुद्ध ओमिक प्लाज़्मा विधा के साथ ऊर्ध्वाधर साम्य क्षेत्र या बाहरी स्रोतों से निम्न संकर युग्मन की सहायता से समायोजन कर 300 ms से अधिक ले जाया गया। एसएसटी-1 प्रतिवेदन अवधि के दौरान अपनी अभियांत्रिकी और तकनीकी क्षमताओं में अपनी ही तरह की एक अनूठी उपलब्धि हासिल की है। एसएसटी-1 के टीएफ चुंबकों के केबिल-इन-कंड्युट



चित्र A.1.2.4: 1.5 T पर एसएसटी-1 टी एफ परिचालन के द्वि-चरण शीतलन को दर्शातें एचआरएल मानदण्ड

(सीआईसी) अतिचालकों से विलयित होने के बावजूद, ये क्रायो-स्थिर तरीके से एसएसटी-1 के हीलियम शीतलक एवं द्रवीकरण (एचआरएल) सुविधा द्वारा द्वि-चरण हीलियम शीतलन के साथ सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया है (चित्र- A.1.2.4)। यह दुनिया के एकमात्र स्थिर अवस्था टोकामक चुंबक हैं जो द्वि-चरण हीलियम में संचालित किए जा सकतें हैं। एसएसटी-1 के वाष्प शीतलित धारा लीड्स को द्रव हीलियम की बजाय शीतलित हीलियम गैस के साथ सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया जिससे गुप्त ऊष्मा और एन्थैल्पी के विपरित गुप्त ऊष्मा का शोषण किया जा सके।

A.1.2.2 नैदानिकी विकास

दूरस्थ अवरक्त इंटरफेरोमीटर: एसएसटी-1 टोकामक पर एक बहुदृश्य, बहुमार्गीय दूरस्थ अवरक्त इंटरफेरोमीटर (FIR) संस्थापित किया जा रहा है। एफआईआर इंटरफेरोमीटर की लंबवत् एवं स्पर्शरेखीय दृष्टि के लिए एक प्रकाश ऊर्जा समरुप एफआईआर 118.8 मि.मी. मेथेनॉल लेसर विकीरण स्रोत का कार्य करता है। एफआईआर किरणपुंज (i) लेसर उत्पाद युग्मक से तरंग पथक (ii) तरंग पथक से होकर एसएसटी-1 टोकामक के पास एफआईआर इंटरफेरोमीटर की सहायक संरचना तक (iii) सहायक संरचना के उपर लगाए प्रकाशिकी से होकर मुक्त आकाश में (iv) प्लाज़्मा से होते हुए (v) मुक्त आकाश में संसूचकों तक प्रसारित होती है। प्रकाशिक घटकों से लेकर युग्मक लेसर पुंज, तरंग पथकों से होते हुए लेसर निकास युग्मक तक तथा सहायक संरचना पर रखे सभी प्रकाशिक घटक एक निर्वात घेरे में बंद होते हैं। इस घेरे तथा तरंग पथकों को शुष्क नाइट्रोजन से परिष्कृत किया जाता है। मुक्त आकाश प्रसार में ~7.25 मीटर ऊँचे सहायक संरचना पर रखे लगभग 100 प्रकाशिक घटकों का उपयोग करते हुए

किरण पुंजों का परिचालन तथा संकेन्द्रण किया जाता हैं। बहु मार्गीय इंटरफेरोमीटर की स्थिति में पुंजों के पथों का मिलान समतल दर्पणों का प्रयोग करके किया जाता है। स्पर्शरेखीय दृष्टि के लिए पात्र की भित्ति पर कॉर्नर घन पूर्वव्यापी परावर्तक लगाए गये हैं जो पुँजों को वापस उसी पथ पर परावर्तित कर देते हैं। प्लाज़्मा में संचरण करने के बाद ये पुँज दीर्घवृत्ताभ दर्पणों का उपयोग करते हुए मिक्सर के एन्टेना पैटर्न के साथ अपने पुँज व्यास का मिलान करते हुए मिक्सर के साथ युग्मित हो जाते है।

प्लाज़्मा मुखित घटकों की अवरक्त थर्मोग्राफी (आईआरटी): प्लाज़्मा के साथ पीएफसी की अन्तर्क्रिया की जाँच करने के लिए प्लाज़्मा मुखित घटकों (नामत: पीएफसी, सीमक, विपथक, इत्यादि) की अवरक्त थर्मोग्राफी (आईआरटी) सबसे आवश्यक उपकरणों में से एक है। क्योंकि इसके द्वारा व्यापक दृश्य क्षेत्र (एफओवी) के साथ सतह के तापमानों की सुदूर रुप से यथार्थ सामयिक निगरानी की जा सकती है। सीमक थर्मोग्राफी नैदानिकी प्रणाली को प्रति-परावर्तन लेपित विस्तृत दृश्य क्षेत्र तथा एसएसटी-1 टोकामक के त्रिज्य पोर्ट-12 पर आईआर निर्वात दृश्य पोर्ट लगाकर उन्नत किया गया है। इससे प्रणाली के दृश्य क्षेत्र में वृद्धि होगी तथा संरेखण/संस्थापन में कम समय लगेगा। आईआर चित्रण प्रणाली के परावर्तन एवं संचरण गुणांक का अनुमान लगाने के लिए, एसएसटी-1 सीमक में अंत:स्थापित तापयुग्म के साथ आईआर कैमरे का प्रतिकूल अंशशोधन किया गया।

अनियंत्रित इलेक्ट्रॉनों द्वारा उत्सर्जित सिन्क्रोट्रॉन विकिरण का पता लगाने के लिए अवरक्त कैमरा: पारंपरिक रनवे नैदानिकी उन रनवे का मूल्यांकन करती हैं जो परिसीमित नहीं है (हार्ड एक्स रे मॉनीटर) । सॉफ्ट एक्स रे ऐरे तथा द्रुत इलेक्ट्रॉन लांघ ऐरे उच्च ऊर्जा आरई(ऊर्जा >20MeV) का पता लगाने में सीमित होते हैं। आईआर नैदानिकी तकनीकें आरइ का पता तब लगाते हैं जब वे प्लाज़्मा के अंदर ही सीमित होते हैं, तथा ये उच्च ऊर्जा आरइ का भी पता लगा सकते हैं।

आवेश विनिमय (सीएक्स) नैदानिकी: प्लाज़्मा के कोर आयन तापमान को मापने के लिए एसएसटी-1 के त्रिज्य पोर्ट 15 पर इसे लगाया गया है। वर्तमान में कोर आयन तापमान का माप आवेश विनिमय नैदानिकी के निश्चेष्ट मोड पर आधारित है। यह सीमित प्लाज़्मा में से बाहर आते हुए अनावेशी पुँज के विभिन्न ऊर्जा घटकों का विश्लेषण करने के लिए स्थिरवैद्युत समानांतर प्लेट विन्यास के साथ अनावेशी कण विश्लेषक (एनपीए) का उपयोग करते हैं। प्रणाली के लिए एक और आयन- संसूचक तथा DAQ प्रति रुपक की खरीद का कार्य प्रगति पर है।

स्पेक्ट्रोदर्शी नैदानिकी : एसएसटी-1 टोकामक के विभिन्न अभियानों के दौरान प्रकाशीय तंतु, व्यतिकरण फिल्टर तथा पीएमटी संसूचक आधारित स्पेक्ट्रोदर्शी प्रणाली का प्रयोग करते हुए, H-अल्फा तथा H-बीटा से निकलते वर्णक्रमीय उत्सर्जन, दृश्य सातत्य तथा CII, CIII, OI, OII, OIII तथा OV जैसी अशुद्धियों का नियमित रुप से निरीक्षण किया जाता है। एसएसटी-1 प्लाज़्मा अभियान के दौरान दृश्य तरंगदैर्ध्य श्रेणी में तीन चैनल ब्रॉडबैंड निम्न विभेदन सर्वेक्षण स्पेट्रोदर्शियों ने नियमित रुप से वर्णक्रम का अभिलेखन किया।

A.1.2.3. तापन एवं विद्युत प्रवाह प्रणालियाँ

इलेक्ट्रॉन- साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन प्रणाली

एसएसटी-1 टोकामक में ईसीआरएच सहायता प्राप्त प्लाज़्मा भंजन तथा शुरूआती प्रयोगों को मूलभूत एवं द्वितीय हार्मोनिक पर कार्यान्वित करने के लिए 42 GHz-500kW ईसीआरएच प्रणाली का प्रयोग किया जाता



चित्र A.1.2.2.1 में आईआर कैमरा दृश्य -पोर्ट से एसएसटी-1 टोकामक के इन बोर्ड सीमक तथा आउट-बोर्ड सीमक (प्रतिबिंब) दर्शाया गया है। इसी प्रकार IR-तापलेख, IR कैमरा के समान दृश्य क्षेत्र को दर्शाता है।

है। एसएसटी-1 टोकामक 0.75 तथा 1.5 T चुम्बकीय क्षेत्र में संचालित है, और इसमें ईसीआरएच सहायता प्राप्त प्लाज़्मा भंजन प्रयोग किए गये हैं। परिचालित टोरोइडल क्षेत्र के आधार पर ईसीआरएच प्रयोगों को दो भागों में बाँटा गया है। (i) मूलभूत हार्मोनिक पर ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजनः एसएसटी-1 को 1.5 T तक प्रचालित किया जाता है, टोकामक के निम्न क्षेत्र से मूलभूत O-विधा में ईसीआरएच शक्ति (~100 से 200kW) तक प्रक्षेपित की जाती है। इस शक्ति को पाश वोल्टता के लगभग 20 ms पहले प्रक्षेपित किया जाता है। एसएसटी-1 में ईसीआरएच सहायता प्राप्त सुसंगत भंजन प्राप्त किया गया हैं, इसमें प्रचालन दाब ~1 x 10^{-5}m bar पर पूर्व आयनित घनत्व ~4 x 10^{12}/cc है। (ii) एसएसटी-1 में द्वितीय हार्मोनिक ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन 0.75 T चुम्बकीय क्षेत्र में एसएसटी-1 टोकामक प्रचालन 42GHZ ईसीआरएच प्रणाली के लिए द्वितीय हार्मोनिक के समान है। द्वितीय हार्मोनिक ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है क्योंकि द्वितीय हार्मोनिक पर ईसीआर तरंगो का युग्मन अलग प्रकार का होता है। एसएसटी-1 टोकामक में द्वितीय हार्मोनिक ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन के लिए X2- मोड में लगभग 250 से 300 kW ऊर्जा प्रक्षेपित की जाती है। ईसीआरएच शक्ति की स्पंद अवधि 125ms से 200ms तक होती है। चूँकि द्वितीय हार्मोनिक ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन में विलम्ब होता है, ईसीआरएच को पाश वोल्टता के लगभग 50ms पहले प्रक्षेपित किया जाता है। एसएसटी-1 में 0.75T प्रचालन पर सफल द्वितीय हार्मोनिक ईसीआरएच सहायता प्राप्त भंजन किया गया है। पूर्व आयनित घनत्व ~4 x 10^{12}/cc है।

एसएसटी-1 हेतु 82.6 GHZ ईसीआरएच प्रणाली: 1.5 T तथा 3.0 T संचालन में ईसीआरएच प्रयोग करने के लिए इस प्रणाली को एसएसटी-1 टोकामक के साथ जोड़ा जाएगा। 82.6 GHZ प्रणाली को जोड़ने के विन्यास का अंतिम रुप दे दिया गया है तथा दूसरे घटक जैसे संचरण रेखा सहायता, जल प्रशीतलन वाल्व आदि की खरीद जारी है। 82.6 GHZ प्रणाली का प्रक्षेपक एसएसटी-1 टोकामक के पोर्ट (संख्या 5) से जुड़ा हुआ है, इसलिए निकट भविष्य में इस प्रणाली को एसएसटी-1 टोकामक से जोड़ा जाएगा तथा 1.5 T संचालन (द्वितीय हार्मोनिक) पर प्रयोग किए जाएगे।

स्पंदित अवस्था में जाइरोट्रॉन परीक्षण के लिए आरएचवीपीएस: ईसीआरएच को समर्पित 80kv-15A विनियमित उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति (आरएचवीपीएस) ओपन लोड टेस्ट के साथ संचालित है। आरएचवीपीएस का एकल रुप में तथा इग्निट्रॉन आधारित क्रोबार प्रणाली पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। अगले वर्ष 15A आरएचवीपीएस को जाइरोट्रॉन प्रणाली के साथ एकीकृत करने की योजना बनाई जा रही है।

निम्न संकर विद्युत प्रवाह (एलएचसीडी) प्रणाली

प्रणाली एकीकरण: अंतः पात्र के घटकों (ग्रिल एन्टेना निर्वात विंडो, अंतः पात्र मॉड्यूल (आईवीएम) आदि) का एसएसटी मशीन के भीतर एकीकृत करने के बाद उन्हें जटिल और विशाल संचरण लाइन वितरण नेटवर्क के द्वारा उच्च शक्ति आरएफ स्रोत से जोड़ दिया गया। सुरक्षा के लिए तथा एक स्थानीय सीमक के रुप में कार्य करने के लिए एक SS प्लेट को ग्रिल एन्टेना के आसपास व्यवस्थित किया गया (डीगेसिंग से बचने के लिए कार्बन का प्रयोग नहीं किया जाता)। अभियान-3 के पूर्व, जब एसएसटी-1 मशीन को निर्वात में रखा गया था, एलएचसीडी प्रणाली आरएफ अनुकूलन के लिए क्रियाशील थी। निम्न ऊर्जा पर लघु आरएफ स्पंदों की कई धाराओं को मशीन में प्रक्षेपित किया गया। स्पंदों की लंबाई क्रमशः 100ms तक बढ़ा दी गई। एलएचसीडी के एक बार निम्न ऊर्जा पर अनुकूलित हो जाने पर लघु स्पंदो की आरएफ ऊर्जा को धीरे-धीरे बढ़ाकर तथा स्पंदो की लंबाई को क्रमिक चरणों में बढ़ाकर आरएफ अनुकूलन को दोहराया गया। अंततः एलएचसीडी का ~160 kW तक अनुकूलन किया गया। एलएचसीडी प्रणाली पर कई नैदानिकयाँ स्थापित की गईं। ग्रिल एन्टेना को प्रतिबिंबित करने के लिए शीर्ष पोर्ट (रेडियल पोर्ट 4) पर आईआर कैमरा स्थापित किया गया है। निम्न संकर तरंगों की प्लाज़्मा के साथ अंतःक्रिया के दौरान उत्पन्न सुप्रा-थर्मल इलेक्ट्रॉनों की निगरानी करने के लिए चमकीला CdTe संसूचक स्थापित किया गया। ग्रिल एन्टेना के निकट कोर प्लाज़्मा प्राचल को मापने के लिए लैंग्म्यूर अन्वेषकों को इलेक्ट्रॉनिक परिपथों के साथ जोड़ा गया। एसएसटी-1 मशीन के साथ एलएचसीडी प्रणाली को एकीकृत करने के बाद पूरे एलएचसीडी प्रणाली को QA/QC निपुण बनाया गया। दो क्लाइस्टेरोन्स के समकालिक प्रचालन के लिए पीएक्सआई आधारित डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली (डीएसी) को खरीदा गया है और सभी चैनलों के लिए उसका एकल मोड में परीक्षण भी किया गया है।

एलएचसीडी प्रणाली का उपयोग करते हुए पूर्व आयनीकरण : एलएचसीडी प्रणाली की पूर्व आयनीकरण क्षमता का अन्वेषण करते हुए एसएसटी-1 पर प्रयोग किए गये। एलएचसीडी प्रणाली को विशिष्ट विन्यास में संचालित कर पूर्व आयनीकरण को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने के अनुरुप प्रयोग किए गये थे। एलएचसीडी ऊर्जा के साथ H-अल्फा सिग्नल के अवलोकन से एलएचसीडी प्रणाली द्वारा पूर्व आयनीकरण की पुष्टि की गई।

विद्युत प्रवाह प्रयोग: प्लाज़्मा के साथ निम्न संकर तरंगो की अंतःक्रिया को भी देखा गया। एसएसटी-1 मशीन में LHCD ऊर्जा के अंतःक्षेपण से पाश वोल्टता में थोड़ी सी गिरावट हुई, जिससे प्लाज़्मा के LHCD तरंगो के साथ अंतःक्रिया का पता चलता है। इस प्रयोग में टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र 1.5T तथा पूर्ण दाब ~9.0 x 10^{-6}mbar था।

--!--

A.2. संलयन तकनीकियों का विकास

पंच वर्षीय योजनाओं को जारी रखते हुए संलयन से संबंधित विभिन्न तकनीकियों को निम्नलिखित विषयों के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है:

A.2.1 चुम्बक तकनीकी..... 09
A.2.2 डायवर्टर एवं प्रथम भित्ति तकनीकियाँ..... 10
A.2.3 क्रायो-पंप एवं पैलेट इंजेक्टर 12
A.2.4 भारतीय टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्युल (टीबीएम) कार्यक्रम..... 14
A.2.5 बृहद क्रायोजेनिक संयंत्र एवं क्रायो-प्रणालियाँ (एलसीपीसी)..... 15
A.2.6 रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोटिक तकनीक..... 17
A.2.7 ऋणात्मक आयन पुंज स्रोत..... 18
A.2.8 संलयन रिएक्टर पदार्थ विकास तथा अभिलक्षण..... 19
A.2.9 न्यूट्रॉनिकी नैदानिकी एवं उसकी नैदानिकी का विकास..... 20
A.2.10 संलयन ईंधन-चक्र 22

A.2.1 चुंबक तकनीकी

चुंबक प्रौद्योगिकी ने प्रतिवेदन अवधि के दौरान महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। (i) एक उचित एस्टर आधारित उच्च तापमान रोधन का सफल अभिलक्षण सहित विकास; (ii) संलयन प्रासंगिक प्रोटोटाइप चुंबकों के लिए उपयुक्त प्रोटोटाइप त्रिज्या प्लेटों का विकास; (iii) देश में भारतीय उद्योगों की सहायता से एक 30 KA, 300 V बिजली आपूर्ति का विकास; (iv) देश ही में विकसित 30000 A के केबल-इन-कंड्यूट (सीआईसी) अतिचालकों के उपयोग से एक 8-टर्न एकल परत सोलेनोइड का निर्माण (चित्र A.2.1.1); (v) नए मध्यवर्ती अतिचालक MgB_2 आधारित रेस ट्रैक चुंबक का निर्माण एवं सफल अभिलक्षण;(vi) आईजीबीटी और यांत्रिक डीसीसीबी आधारित हाइब्रिड सर्किट ब्रेकर का प्रायोगिक प्रदर्शन एवं सत्यापन; (vii) एड्ज स्थानीकृत मोड्स (ईएलएम) कॉइलों के निर्माण के लिए विशेष उद्देश्य की मशीनों का विकास (चित्र A 2.1.2) एवं (viii) ईएलएम कोईलों के आवरण के लिए सफल प्रौद्योगिकी सत्यापन कुछ मुख्य उपलब्धियों में

चित्र A. 2.1.1: (ऊपर) 30kA दर के स्वदेशीय सीआईसी अतिचालकों के साथ प्रोटोटाइप चुंबक (8-टर्न एकल परत) वलयन



चित्र A.2.1.2: ईएलएम कॉइल का एक वलयन प्रारूप

से हैं। इनके अलावा, राष्ट्रीय पहल के रूप में 42 GHZ अनुप्रयोगों के लिए एक अतिचालक जाइरोट्रॉन केविटी चुंबक का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। उच्च तापमान रोधन के विकास ने आईपीआर को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग समझौते के तहत जोइंट यूरोपीय टोरस (जेईटी) के 1:1 ईएलएम कोईल निर्माण के लिए इसी के विस्तार के लिए समर्थन प्राप्त किया है। त्रिज्या प्लेटों को Nb_3Sn आधारित प्रोटोटाइप TF कोइलों के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पहले से ही निर्मित 80 K ताप परिरक्षकों के साथ सत्यापित किए गए प्रायोगात्मक क्रायोस्टेट में संलयन संबंधित प्रोटोटाइप चुंबको का परीक्षण एक 30000 A, 300 V की बिजली की आपूर्ति किया जाएगा। 8-टर्न एकल परत सॉलेनॉइड का एक चुंबक वलयन पैक में स्वदेशीय सीआईसी अतिचालकों के विकास के एक अंतिम सत्यापन के रूप में इस प्रयोगात्मक परीक्षण सुविधा में परीक्षण किया जाएगा। MgB2 आधारित रेस ट्रेक चुंबक के सफल प्रायोगिक सत्यापन ने इसके विन्ड टर्बाइन जनरेटर्स में इसकी अपनी क्षमता का उपयोग करने के अलावा भविष्य में इस रोमांचक और श्रेष्ठ अतिचालकों के एसएसटी-1 टोकामक में 20-25 K पर उपयोग की संभावना खोल दी है। हाइब्रिड सर्किट ब्रेकर अवधारणा के प्रयोगात्मक सत्यापन ने यांत्रिक सर्किट ब्रेकर और IGBTs के संयोजन के साथ बृहद अतिचालक चुंबक के विश्वसनीय और अतिरिक्त सुरक्षा की रोमांचक संभावनाओं को भी खोला है। ईएलएम कॉइल वलयन, एक विशिष्ट इन-आऊट और आऊट-इन तरह का वलयन है और जेईटी ईएलएम कॉइलों के लिए इसे सफलतापूर्वक विकसित किया गया है। इसी के आवरण के निर्माण से संबंधित प्रौद्योगिकियों के सफल विकास ने आईपीआर को जेईटी ईएलएम कॉइलों की दिशा में एक विश्वसनीय सहयोगी बनाया है। 1:1 प्रोटोटाइप ईएलएम कॉइलों के परीक्षण की दिशा में चुंबक प्रौद्योगिकी अनुभाग ने सफलतापूर्वक एक 1.5 KA, 250 V बिजली आपूर्ति का निर्माण किया है। उच्च निष्पादन Nb_3Al अतिचालक के विकासात्मक पहल को भी शुरू किया गया और Nb_3Al के पहले तंतुओं की जल्द ही बनने की उम्मीद की जा रही है।

A.2.2. डायवर्टर और प्रथम भित्ति तकनीक

उच्च उष्म प्रवाह परीक्षण व्यवस्था (एचएचएफटीएफ) का विकास:

200kW/45 KV के बेलनाकार इलेक्ट्रॉन पुंज (स्पंदित तथा साथ ही स्थिर अवस्था में चालू कर सकता है, के उत्पादन हेतु सक्ष्म, उच्च शक्ति इलेक्ट्रॉन बीम स्रोत को स्थापित, एकीकृत और अपनी पूर्ण 200kW बिजली के संचालन के लिए परीक्षण किया गया है। बड़े डी के आकार के निर्वात चैम्बर के साथ लक्ष्य संभालने की सुविधा आईपी आर में निर्मित, स्थापित एवं कमीशन की गई है। गणना अनुकरण और परिमाण गतिविधियों से युक्त आभासी प्रयोग जीवनचक्र के अनुकरण के लिए एक एकीकृत और संवादात्मक चित्रात्मक उपकरण का विकास किया गया है। इस टूलकिट का इस्तेमाल मॉकअप प्रयोगों को उच्च ताप प्रवाह परीक्षण सुविधा पर मान्य करने के लिए किया जाता है। एक उच्च तापमान केविटी ब्लैकबॉडी को गैर संपर्क प्रकार के अवरक्त तापीय

चित्र: A.2.2.1 डी के आकार का दोहरी दीवारों वाला निर्वात प्रकोष्ठ तथा एक टन तक के वजन वाले घटकों के परीक्षण के लिए लक्ष्य हैंडलिंग प्रणाली

चित्र A.2.2.2 (a) घुमावदार टंगस्टन मोनो-ब्लॉक

चित्र A.2.2.2 (b) सीधे टंगस्टन मोनो-ब्लॉक

संवेदक उपकरण के अंशाकन के लिए स्थापित और कमीशन किया गया है। यह सुविधा 600^{0}C से ले कर 3000^{0}C के तापमान सीमा के अंशाकन की अनुमति देती है। उच्च ताप प्रवाह परीक्षण के दौरान उपकरणों / मॉकअप के परीक्षण के लिए शीतलक जल उपलब्ध कराने के लिए 5 से 60 बार दबाव, 25^{0}C 160^{0}C तापमान और 300 लीटर प्रति मिनट के अधिकतम प्रवाह दर वाले HPHT-WCS का खरीद कार्य प्रगति पर है।

डायवर्टर लक्ष्य विकास : एनएफटीडीसी हैदराबाद द्वारा विकसित सीधे एवं घुमावदार तांबे मिश्रधातु नलिका वाले टंगस्टन मिश्रधातु मोनोब्लॉक टेस्ट मॉकअप का परीक्षण आई पी आर में नव स्थापित उच्च ऊष्म प्रवाह परीक्षण सुविधा जो 200 किलो वॉट इलेक्ट्रॉन पुंज का गर्मी स्रोत के रुप में प्रयोग करता है, से किया, जिसका आपतित ऊर्जा प्रवाह 20 MW/m^2 है। दोनों परीक्षण मॉकअप 20 MW/m^2 तक के घटना ऊष्म प्रवाह वाले कई तापीय चक्रों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते है।

कार्बन तंत्रिका सम्मिश्र (सीएफसी) पदार्थ पर तांबे का निक्षेपण: ओएचएफसी तांबे को M/s एस मगोड लेसर (बेंगलुरु) में विकसित लेसर टेक्सचरिंग और लेसर आवरण प्रक्रिया का उपयोग करके सी एफसी की सतह के साथ सफलतापूर्वक जोड़ा गया है। टाइटेनियम आवरणित सीएफसी की सतह पर ओएफएचसी ताबें की निर्वित ढ़लाई आईपीआर में निर्वात भट्ठी का उपयोग करके किया जाता है।

टंगस्टन पदार्थों के विकास पर अध्ययन : महीन अतिसूक्ष्म संरचनाओं के साथ शुद्ध टंगस्टन (W) तथा टंगस्टन मिश्रधातु (W+1%La_2O_3) पदार्थों को प्रत्यक्ष सिंटरिंग प्रेस प्रक्रिया का उपयोग करके संश्लेषित किया गया है। 18.6 g/cc और 17.9 g/cc क्रमशः हासिल घनत्व इंगित करता है कि 96% सैद्धांतिक घनत्व इन प्रयोगों से प्राप्त किया जा सकता है। 45 ^{0}C से 200^{0}C तक की तापमान सीमा में इन पदार्थों की मापी गई तापीय चालकता शुद्ध टंगस्टन के लिए 143-163 W/mK और W+1%La_2O_3 के लिए 144-157 W/mK पायी गई है।

उच्च ऊर्जा भारी आयन पुंज का उपयोग करके टंगस्टन पदार्थों पर विकिरण क्षति का अध्ययन : टंगस्टन में विकिरणों नुकसान का अनुकरण करने के लिए भारी आयन विकिरण कों न्यूट्रॉन विकिरण के लिए एक प्रतिनिधि के रुप में प्रयोग किया जाता है। 8x8x3 mm के आयामों वाले टंगस्टन के नमूने का आईयूएसी (नई दिल्ली) में कमरे के तापमान पर एकीकृत कालिक प्रवाह में 120 MeV की ऊर्जा वाले सोने के आयनों के साथ विकिरण किया गया है। 1.5 x 10^{14} ions/cm^2 के कालिक एकीकृत प्रवाह पर टीआरआईएम अनुकरणों द्वारा क्षति स्तर का अनुमान लगाया गया और यह 0.34 डीपी ए पाया गया है। विकरणित नमूनों के क्रमवीक्षण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्म रेखा- चित्रों में लगभग 100 नैनोमीटर की अवधिवाले, लहरों का गठन देखा गया। विकरणित टंगस्टन नमूनों के मामले में विद्युत प्रतिरोध के बढ़ने से टंगस्टन नमूने के भीतर विकसित त्रुटि / अव्यवस्था वक्रो का पता चलता है। टंगस्टन जालक के अंदर त्रुटि प्रवर्तन की पुष्टि के लिए बीएआरसी के रेडियो रसायन विभाग द्वारा शुद्ध और आयन बीम विकिरणित टंगस्टन नमूनों

चित्र A.2.2.3 CuCrZr सब्सट्रेट के साथ ब्रेज़्ड़ हुए घुमावदार टंगस्टन मैक्रो-ब्रश

पर पोज़ीट्रॉन विनाश जीवनकाल का मापन किया गया। भारी आयन प्रत्यारोपित नमूनों में पोजीट्रान विनाश जीवनकाल में भिन्नता एक बार फिर से भारी आयन विकिरण के अधीन रिक्ति समूहों के विकास की पुष्टि करता है।

ब्रेज़िंग अध्ययन और ब्रेज़िंग प्रयोग : टंगस्टन स्थूल ब्रश प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए छोटे पैमाने पर (यानी टोरोइडल और पोलोइडल की हद में आधे आकार का) ईटर की तरह डोम लक्ष्य के निर्माण पर अध्ययन प्रगति पर है। स्थिरता डिज़ाइन एक निर्वात भट्टी के ब्रेज़िंग चक्र परिस्थितियों के अधीन परिमित तत्व (तापिय और संरचनात्मक) विश्लेषण प्रदर्शन द्वारा किया जाता है। निर्माण के लिए पदार्थों की खरीद का कार्य प्रगति पर है। टाइटेनियम आधारित पूरक पदार्थ जैसे, TiCu-Ni-70 और TiBraze-375 का उपयोग करके निर्वात ब्रेज़िंग में कूपन स्तर पर CuCrZr ब्लॉक पर कार्बन (ग्रेफाइट) को सफलतापूर्वक जोड़ने का विकास किया गया था।

टंगस्टन आवरण प्रौद्योगिकी का विकास : ए आर सी आई (हैदराबाद) में व्यवहार्यता अध्ययन के दौरान विकसित स्टेनलेस स्टील सब्सट्रेट पर टंगस्टन आवरण का प्रयोग अल्ट्रासोनिक दोष डिटेक्टर का उपयोग करके दोष का पता लगाने के अध्ययन के लिए किया जाता है। यह माना गया है कि SS304 सब्सट्रेट पर 40 माइक्रोन मोटी परत की परतबंदी न होने का पता लगाया जा सकता है। पहली भित्ति आवेदन के लिए टंगस्टन आवरण प्रौद्योगिकी के विकास पर ए आर सी आई के साथ सहमति पत्र पर भविष्य में सहयोगत्मक कार्य के लिए चर्चा की जा रही है।

गलीबल 3800 तापीय यांत्रिक अनुकारी प्रणाली का उपयोग करके पदार्थ अध्ययन : एक्सएम 19 (यूएनएस 520910) पदार्थ पर अक्षीय संपीड़न परीक्षण किए गए। यह डायवर्टर कैसेट के संरचनात्मक पदार्थों में से एक है। एक्स एम 19 की ढलाई डायवर्टर कैसेट के विभिन्न भागों को बनाने के लिए की जाती है। पदार्थों के प्रवाह व्यवहार और सुकार्यता का अध्ययन करने के लिए एक्स एम-19 पर एक अक्षीय संपीड़न परीक्षण किया गया, यह ढलाई प्रक्रिया के लिए प्राथमिक विवरण प्रदान करेगी। इन परीक्षणों के लिए 10 mm व्यास और 15 mm ऊंचाई वाले बेलनाकार नमूनों का इस्तेमाल किया जाता है। के-प्रकार के थर्मोकपल को नमूने की सतह पर सीधे मध्य ऊंचाई पर वेल्ड किया गया है। 900^0C से 1200^0C तक की तापमान सीमा (100^0C के चरणों में) और 0.01, 0.1, 1.0, 10.0, 50.00 के स्थायी दबाव दर पर परीक्षण किए गए हैं। परीक्षणों के पूरा होने के बाद नमूनों की अतिसूक्ष्म संरचनाओं को जमाने के लिए गलीबल 3800 प्रणाली के साथ उपलब्ध फुहार नलिका का उपयोग करके नमूनों में से पानी नष्ट किया जाता है। इन परीक्षणों के परिणाम के रुप में भिन्न तापमान और तनाव दरों पर दबाव-तनाव रेखा चित्र उत्पन्न किए गए हैं।

ईटर डायवर्टर ऊर्ध्वाधर लक्ष्य पर सीएफडी विश्लेषण : ईटर डायवर्टर यंत्र के प्रचालन के दौरान अधिकतम तापमान का अनुमान लगाने के लिए स्टार सीसीएम + सॉफ्टवेयर का उपयोग करके एक एकल ईटर ऊर्ध्वाधर लक्ष्य का सीएफडी विश्लेषण किया गया। ईटर के निम्न लोड विनिर्देश दस्तावेज के अनुसार अनुकरण किया गया:प्रवेश तापमान : 100 डिग्री सेल्सियस, प्रवेश दबाव : 42 बार, प्रवेश वेग : 10 मीटर सेकण्ड अनुकरण परिणाम ईटर डायवर्टर डिज़ाइन में निर्धारित मानकों से अच्छी तरह मेल खाते हैं। सीएडी मॉडल को स्टार सीसीएम + में आयात किया गया तथा 4 लाख पदार्थों के साथ मेश किया गया। ताप द्रवीय मापदंडो जैसे की दबाव में कमी, वेग, अधिकतम टाइल तापमान, शीतलक के तापमान में वृद्धि का अनुमान लगाया गया।

ईटर डायवर्टर का विद्युत चुंबकीय विश्लेषण : बड़े विघटन की स्थिति के लिए ईटर डायवर्टर के लिए विद्युत चुंबकीय विश्लेषण किया गया । मैशड मॉडल में वैक्यूम पोत के साथ सभी ईटर पोत घटक शामिल थे। अनुकरण में माने गए विघटन मामले में 25 मिली सैकण्ड उर्ध्वगामी और नीचे की ओर का मामला मुख्य विघटन था। विघटन के मामले में हर समय चरण पर एडी विद्युत धारा की गणना की गई और प्रेरित एडी विद्युत चुम्बकीय बलों और आघूर्ण की गणना लगभग 20 एमएन धारा के परिणामस्वरूप बल की गणना की गई है।

शीतलित हीलियम डायवर्टर का फिंगर मॉकअप पर संख्यात्मक अध्ययन :जेट इमपिंजिंग तकनीक पर आधारित हीलियम शीतलीत डायवर्टर अवधारणा का तापीय प्रदर्शन बढ़े हुए ऊष्म हस्तातरित करने के लिए विस्तारित सतहों को प्रदत्त करके किया जाता है। इस परिणाम से पता-चलता है कि विस्तारित सतहों का संचय, एक स्वीकार्य दबाव की गिरावट तक, डायवर्टर का तापीय प्रदर्शन बढ़ाता है। सीएफडी सॉफ्टवेयर एएन एसवाईएस 14 का उपयोग करके संख्यात्मक अनुकरण किया गया है। उच्च ऊष्म प्रवाह प्रयोगों के विपरित संदर्भ ज्यामिति के लिए सीएफडी परिणाम मान्य किए गए और वर्तमान सतत अनुकरण और प्रकाशित परिणामों के बीच एक अच्छा मेल पाया गया है।

A.2.3 क्रायो-पंप एवं पैलेट इंजेक्टर

क्रायो-अवशोषित क्रायो-पम्प का विकास

इस योजना में निम्नलिखित को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया है- i) द्रवीय ऊर्जा से निर्मित क्रायो-पैनलों का विकास (पेटैन्ट किया गया एवं उद्योग को तकनीकी स्थानान्तरण ii) सक्रिय कार्बन सोरबैन्ट का विकास, iii) अवशोषित अध्ययन प्रणाली का विकास एवं हीलियम व हाइड्रोजन हेतु 4 K ताप-क्रम पर अवशोषण विशेषताओं के लिए सोरबैन्टों की विशेषताओं से सम्बन्धित अध्ययन करना iv) विगैसन व बहिर्गैसन मापन से संबंधित अध्ययन तथा प्रयोगात्मक व्यवस्थाओं का विकास v) क्रायो-पैनलों पर सोरबैन्ट लेपन तकनीकियों का विकास vi) बैफलों, क्रायो-पैनलों एवं परिरक्षणों आदि के विभिन्न ज्यामितीय व्यवस्थाओं हेतु संचरित सम्भावना के विश्लेषण से संबंधित अनुकरण अध्ययन। सोरबेन्ट कोटेड पैनलों द्वारा उपलब्ध पम्पिंग-गति की जाँच हेतु, एक परीक्षण सुविधा, एसएससीएफ (लघु श्रेणी क्रायोपम्प सुविधा) जिसमें ~500 mm x 100 mm आकार में हाइड्रो-निर्मित क्रायो पैनल



चित्र A.2.3.1 500 mm x 100 mm सोरबेन्ट लेपित क्रायो-पैनल की पम्पिंग गति मापन हेतु ए.वी.एस मानकों के अनुसार प्रयोगात्मक स्थापना

(भारत में विकसित तकनीकी) के नमूने लिये जा सकते हैं। इसे गुम्बद युक्त गेजों, अंशांकित रिसाव वाल्व, गैस-विश्लेषक, क्रायो-पैनल से चिपके सोरबैन्ट आदि को सम्मिलित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार स्थापित किया गया है। शेवरॉन बैफलों, दानेदार कार्बन लेपित क्रायोपैनलों को सुरक्षा प्रदान करती है। 10^{-7} से 10^{-4} mbar दाब परास व स्थिर पैनल तापमान (4.5 केल्विन से 10 केल्विन) पर आर्गन, हीलियम व हाइड्रोजन जैसी गैसों के लिए पम्पिंग गति को मापा गया और 1000 वर्ग cm के पम्पिंग सतह के क्षेत्रफल के लिए बाद परास 10^{-7} mbar व कम पर पम्पिंग गति 4 L/s cm^2, 10^{-6} से 10^{-4} दाब परिसर पर पम्पिंग गति 2 L/s cm^2 के परास में प्राप्त हुई, इस प्रकार लगभग 2-3 L/s cm^2 की औसत पम्पिंग-गति प्राप्त की गई। प्रयोगात्मक पम्पिंग गति ज्ञात करने के लिए, एसएससीएफ का प्रयोग कर माल-फ्लो+मोवक 3 डी की तरह कोड में भी मॉडल किया गया। दी गयी ज्यामिति विन्यास के संचरण की सम्भावना ज्ञात करने के उद्देश्य से मोन्टे कार्लो तकनीक पर आधारित कोड का प्रयोग किया गया। कोड का प्रयोग करते हुए एसएससीएफ का मॉडल और अनुकरण अध्ययन किया गया। पम्पिंग-गति को प्रभावित करने वाले कारकों जैसे-स्टिकिंग गुणांक, कैप्चर गुणांक का अध्ययन किया है। एसएससीएफ हेतु प्राप्त प्रयोगात्मक व अनुकरण परिणाम एक साथ सम्बद्धता प्रदर्शित करते हैं। पम्पिंग गति को आंकने के लिए आर्गन एवं नाइट्रोजन जैसी गैसों के लिए द्रव नाइट्रोजन तापमान पर एवं हाइड्रोजन व हीलियम के लिए द्रव हीलियम तापमानों पर प्रयोग किए गए।

द्रव हीलियम तापमानों पर सोरबैन्टों की पम्पिंग गति: हीलियम गैस की पम्पिंग गति दो बार मापी गई। 10^{-6} mbar से 10^{-4} mbar परास पर, औसत पम्पिंग-गति ~2500 L/s (2.5 L/s cm^2) हैं। पम्पिंग-गति का प्रयोगात्मक एवं अनुकरण मान की तुलना करके चारकोल कोटेड पैनल के अनुगन गुणांक का आकलन 4.5K पर पाया गया। हाइड्रोजन गैस की पम्पिंग गति का मापन दो बार किया गया तथा दोनों परिणामों को दाब के साथ ग्राफ खींचा गया। 10^{-6} mbar से 10^{-4} mbar के परास पर 8000 L/s से 1500L/s के परास पर औसतन ~2700 L/s के ग्राफ के समान प्रतिरूप जो प्रयोग के पुनरावृत्ति को सत्यापित करता है। पम्पिंग-गति प्रति इकाई क्षेत्रफल 2.7 L/s cm^2 है।

पैलेट इंजेक्टर का विकास

प्लाज़्मा ईंधन के अध्ययन हेतु एकल बैरल पैलेट इंजैक्टर एकल पैलेट इंजेक्शन प्रणाली (एसपीआईएनएस) जो हाइड्रोजन पैलेट को अन्तःक्षेपण करने में सक्षम है, उसे प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में विकसित किया गया है। यह इंजैक्टर यथावत् बंदूक-नली की भाँति, जहाँ पैलेट को उच्च दाब युक्त प्रणोदित गैस द्वारा उच्च गति से अन्तःक्षेपित किया जाता है। हाल में यह इंजैक्टर 800 से 1100 m/s के गति परास में, 3 mm बेलनाकार पैलेट को प्रज्वलित (फायरिंग) करने में सक्षम है। परीक्षण बेंच पर प्रक्रिया में, इस इंजैक्टर के पैलेट की निर्गम क्षमता

95% से अधिक पायी गई है। पैलेट निर्माण कक्ष, पैलेट इंजैक्टर का प्रमुख भाग है। क्रायोजेनिक तापमान (<10 K) पर निर्मित पैलेट हेतु या तो द्रवीय-हीलियम आधारित शीतलन प्रणाली या क्रायोशीतक की आवश्यकता है। पैलेट का माप, बैरल का व्यास एवं जमाव क्षेत्र की लम्बाई पर निर्भर करता है। वर्तमान में, 3 mm आन्तरिक व्यास का बैरल तथा 3 mm चौडाई का ब्रेजिंग क्षेत्र प्रयोग किया जाता है जिसके फलस्वरूप समतुल्य विमा के पैलेट का निर्माण किया जाता है। यह एक पैलेट का निर्माण करने में लगभग 1 मिनट का समय लगता है। इंजैक्शन ट्रिगर होने के पश्चात् द्रुत वाल्व लगभग 2 ms की अवधि के लिये खुलता है व पैलेट को प्रतिस्थापति एवं त्वरित कर, उच्च गति प्राप्त करने हेतु उच्च-दाब युक्त हीलियम प्रणोदित गैस बैरल में प्रविष्ट करती है। एक पैलेट इंजैक्शन चक्र पाँच मिनट के अन्दर सम्पूर्ण होता है। अत: 3-4 मिनट के अन्तराल की अवधि के अन्दर इन्जैक्टर को प्रचालित करना संभव है। पैलेट के ट्रिगर करने के पश्चात्, प्रकाश द्वार नैदानिकी द्वारा पैलेट की गति को मापा जाता है। पैलेट-गति-मापन के अतिरिक्त, पैलेट की अखण्डता के विषय में प्रकाश-द्वार-संकेत द्वारा गुणात्मक सूचनाएँ दी जाती है। चित्र A.2.3.3 में 3 mm पैलेट के लिए प्रकाश द्वार संकेत दर्शाये गये हैं। सूक्ष्मतरंग कैविटी पर आधारित द्रव्यमान-मापन-प्रणाली और प्रत्यक्ष-चित्र-आरेखी मापन, पैलेट के द्रव्यमान एवं आकार मापने के अन्य उपयोगी नैदानिक हैं। प्रणोदित गैस के दाब की मात्रा में परिवर्तन से पैलेट की गति में परिवर्तन किया जाता है। सैद्धान्तिक तौर पर अनुमानित पैलेट की गति का 70 से 90% के मध्य प्रयोगात्मक गति विद्यमान है। इससे सम्बधित आगामी कार्य प्रगति पर है।

A.2.4 टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्युल (टीबीएम)

भारतीय लेड-लिथियम शीतलित सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) ब्रीडिंग ब्लैंकेट प्रणाली को विकसित कर रहे हैं जिसमें ठोस ब्रीडर और द्रव ब्रीडर ब्लैंकेट दोनों की विशेषताएं हैं। एलएलसीबी टीबीएम का समग्र आयाम 1.66 मी. (ऊंचाई) x 0.484 मी. (चौड़ाई) x 0.534 मी. (मोटाई) है। लिथियम टाईटेनेट (Li_2TiO_3), पेबल बेड से बना एलएलसीबी ब्लैंकेट, शीतलक के रूप में पिघला लेड-लिथियम (Pb-Li) और संरचानात्मक सामग्री के रूप में ट्रिशियम ब्रीडर और कम सक्रियण फेरीटिक मार्टेन्साइटिक स्टील (आरएएफएमएस) से बना है। इसमें दो शीतलक हैं: प्रथम भित्ति (एफडब्ल्यू) के लिए हीलियम शीतलक और बाहरी बॉक्स संरचना (दाब 8 MPa, T_इनलेट/आउटलेट 300-350°C) और सिरेमिक ब्रीडर पैक्ड बेड के लिए Pb-Li शीतलक (T इनलेट/आउटलेट 300-480°C)। Pb-Li, अतिरिक्त ट्रिशियम ब्रीडर और न्यूट्रॉन गुणांक के रूप में भी कार्य करता है। ज्यादा बड़े एमएचडी-दाब की गिरावट से बचने के लिए Pb-Li को इलेक्ट्रिकल इन्सुलेटिंग कोटिंग के माध्यम से स्टील चैनल की दीवारों से हटा दिया जाता है। एलएलसीबी-टीबीएम (चित्र 2.4.1) की डीईएमओ एलएलसीबी ब्रीडिंग ब्लैंकेट जैसी ही विशेषताएं हैं। विशेष रूप से पिघला हुआ Pb-Li यूटेक्टीक, सिरेमिक पेबल बैड कंपार्टमेंट के आसपास सिरेमिक और Pb-Li में ही उत्पादित गर्मी को निकालने के लिए अलग से बहता है। सिरेमिक ब्रीडर क्षेत्रों में उत्पादित ट्रिशियम को निम्न-दाब हीलियम पर्ज गैस द्वारा निकाला जाता है। Pb-Li सर्किट में उत्पादित ट्रिशियम, एक बाह्य डेटरिशियेशन प्रणाली द्वारा अलग से निकाला जाता है। एलएलसीबी-टीबीएस में कई सहायक प्रणालियाँ शामिल हैं जैसे एफ डब्ल्यू हीलियम शीतलन प्रणाली, Pb-Li प्रणाली, द्वितीयक He-शीतलक प्रणाली (Pb-Li के लिए), ट्रिशियम निष्कर्षण प्रणाली (Pb-Li से), ट्रिशियम निष्कर्षण प्रणाली (जैसे की पर्ज गैस प्रणाली), शीतलक शोधन प्रणाली और मापयंत्रण एवं नियंत्रण (आई एण्ड सी) प्रणाली। ईटर के भारतीय प्रतिबद्धता को पूरा करने के क्रम में प्रौद्योगिकियों के विकास को सक्षम करने लिए बीएआरसी और आईजीसीएआर के पूरे सहयोग के साथ आईपीआर में ब्रीडिंग ब्लैंकेट प्रौद्योगिकियों में आवश्यक अनुसंधान एवं विकास को शुरू किया गया। इस अवधि के दौरान नई सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के विकास को शुरू किया गया और इसकी प्रगति ईटर-इंडिया के अन्य ईटर भागिदारों की बराबरी पर चल रही है। मुख्य अनुसंधान एवं विकास मद जिनका कार्य प्रगति पर है वे हैं: एलएलसीबी ब्लैंकेट का संकल्पनात्मक अभिकल्प, अभिकल्प एवं विश्लेषण के लिए उपकरणों का विकास, द्रव धातु प्रौद्योगिकियाँ, लिथियम सिरेमिक पेबल का विकास, लेड-लिथियम का विकास, कोटिंग का विकास, कम सक्रियण फेरीटिक मार्टेन्साइटिक स्टील का विकास, निर्माण प्रौद्योगिकियों के विकास और टीबीएस के लिए विभिन्न नैदानिकी। इन अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के लिए समर्पित जन शक्ति और बजट को आवंटित किया गया है। अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की हाल की गतिविधियों में एलएलसीबी टीबीएम अभिकल्प गतिविधि जिसमें तापमान को स्वीकार्य सीमा के भीतर रखते हुए, न्यूट्रॉनिक प्रदर्शन और उच्च-ग्रेड की ऊष्मा निष्कर्षण के साथ टीबीएम अभिकल्प के अनुकूलन करने पर केन्द्रित है। एलएलसीबी टीबीएस के लिए न्यूट्रॉनिक अभिकल्प, शील्ड ब्लैंकेट मॉड्यूल और विभिन्न प्रकार के ब्लैंकेट अवधारणाओं पर अध्ययन किया जा रहा है। टीबीएम सेट डिज़ाइन के अनुकूलन के लिए एलएलसीबी टीबीएम का अभियांत्रिकी अभिकल्प एवं थर्मल हाइड्रॉलिक्स के संदर्भ में शील्ड ब्लॉक, तापीय-



चित्र A.2.4.1 एलएलसीबी टीबीएम सेट एवं आंतरिक व्यवस्था का आरेख

चित्र A.2.4.2 कोल्ड ट्रेप परीक्षण

संरचनात्मक विश्लेषण और विद्युत् चुंबकीय विश्लेषण जारी हैं। 80 बार परिचालन दाब, 0.4 Kg/s द्रव्यमान प्रवाह दर, 400ºC हीलियम तापमानों के प्रायोगिक हीलियम शीतलन लूप का आईपीआर में निर्माण किया जा रहा है। इस लूप का उपयोग एलएलसीबी टीबीएम प्रथम भित्ति मॉक-अप के परीक्षण में किया जाएगा। आईपीआर में लिथियम टाइटेनेट पैलेट को ठोस-अवस्था प्रक्रिया एवं सॉल्यूशन कंबअशन प्रक्रिया द्वारा निर्मित किया गया। बहिर्वेधन एवं स्फेरोडाइज़ेशन द्वारा पेबल के उत्पादन का कार्य जारी है। रासायनिक संरचना नियंत्रण में है। हासिल शुद्धता 99.5% और पेबल की विशेषताएं भी एलएलसीबी टीबीएम की सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है। पैक्ड बैड तापीय चालकता माप को निर्मित पेबलों की प्रभावी तापीय चालकता के मापन के लिए लिया जा रहा है। लेड-लिथियम प्रौद्योगिकी के विकास में लूप घटकों जैसे पंपों, ऊष्मा विनिमायकों एवं रेक्यूपरेटर के परीक्षण करने के लिए प्रयोगशाला में छोटे पैमाने पर प्रयोग शामिल हैं। लेड-लिथियम के शुद्धिकरण के लिए कोल्ड ट्रेप को स्वदेशीय तौर पर विकसित किया गया और परीक्षण जारी हैं (चित्र A.2.4.2)। लेड-लिथियम नैदानिकी विकास जैसे दाब संसूचकों एवं प्रवाह मापन का कार्य प्रगति पर है। प्रयोगशाला में लेड-लिथियम के उत्पादन का प्रयास किया जा रहा है (चित्र A.2.4.3)। आरएएफएमएस के वाणिज्यिक पिघले हुए रूप को प्लेटों के रूप में आईपीआर को दिया गया है। 40 मि. मी. प्लेटों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। आईएन-आरएएफएमएस ट्यूबों, पाइपों और वेल्डिंग इलेक्ट्रॉडों के उत्पादन का कार्य जारी है। ईटर-टीबीएम कार्यक्रम के लिए ईबीडब्ल्यू, लेसर, एचआईपी एण्ड टीआईजी संलयन के उपयोग से भारतीय आरएएफएम स्टील के निर्माण का कार्य जारी है। ईटर मशीन में टीबीएम को एकीकृत करने से ईटर के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के साथ-साथ टीबीएम प्रणाली को भी इस लाइसेंस देन की प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इस संबंध में भारतीय टीम ने एक विस्तृत एलएलसीबी टीबीएस प्रारंभिक सुरक्षा रिपोर्ट (आरपीआरएस) संस्करण 2.0 को तैयार किया है और इसे ईटर को प्रस्तुत किया गया। लेड-लिथियम के लिए सुरक्षा प्रणाली और जल प्रयोगात्मक प्रणाली को एकत्रित किया गया और प्रयोगों पर कार्य जारी है।

चित्र A.2.4.3 नैदानिकी के परीक्षण के लिए Pb-Li लूप

A.2.5 बड़े क्रायोजेनिक संयंत्र एवं क्रायो-प्रणालियाँ

यह कार्यक्रम स्वदेशी तकनीक से 4.5 K तापमान पर लगभग 2 kW की समान शीतलन क्षमता केहीलियम द्रवीकर्ता-सह-प्रशीतक (एचआरएल) संयंत्र के निर्माण का है जो संलयन टोकामक मशीनों के लिए उपयोगी हो सकता है।

हीलियम संयंत्र ऊष्मागतिक चक्र विश्लेषण : स्वदेशी हीलियम संयंत्र के अभिकल्पन के लिए संशोधित क्लाउड चक्र का यहाँ उपयोग किया गया है। दूसरे विन्यासों की अपेक्षा इस विन्यास के कुछ लाभ हैं : एक बहुत ठंडे टरबाइन (टर्बाइन सी) का प्रयोग किया गया है जो कि हीलियम के ऊष्मागतिकी क्रिटिकल-तापमान (5.2 K) और दाब (2.3 bar) से थोड़े अधिक तापमान पर कार्य करता है तथा उच्च घनत्व की ठंडी हीलियम गैस दाब को 13 bar से 4 bar तक फैलाता है और हीलियम तापमान को ~7.5 K से ~6 K तक नीचे लाता है। प्रक्रिया के साथ विश्लेषण पूरा हो चुका है जिसे चित्र A.2.5.1 में दिखाया गया है।

प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयक का अभिकल्पन एवं विकास : उष्मा विनिमयक हीलियम प्रशीतक व द्रवीकर्ता संयंत्र के आवश्यक घटक हैं। यहाँ एचआरएल संयंत्र में, ऊष्मा विनिमयक की प्रभावशीलता ~98% तक काफी अधिक आवश्यक है जो कि केवल प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयकों (पीएफएचई) द्वारा ही पूरी की जा सकती है। जटिल ज्यामिति अभिकल्पन और अनुकूलन प्रक्रियाओं के अलावा कई तरह की व्यावहारिक समस्याएं हैं जैसे प्रवाह कुवितरण, अक्षीय चालन, अंतर-धारा रिसाव व निर्वात ब्रेज़िंग भट्ठी के आकार की सीमा। दर्शाये गए प्रक्रिया प्रवाह आरेख (पीएफडी) चित्र A.2.5.1 में 8 ऊष्मा विनिमयक हैं और इन्हें 4 प्रकार में वर्गीकृत किया गया है। इन सभी 4 ऊष्मा विनिमयकों केलिए मौजूदा संयंत्र के ऊष्मा विनिमयक केप्राचलों केसाथ प्रक्रिया सत्यापन किया गया है। प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयक के विभिन्न घटक चित्र A.2.5.2 और A.2.5.3 में दर्शाए गए हैं।

हीलियम गैस शुद्धि के लिए अधिशोषक बेड: पूरे हीलियम संयंत्र में अशुद्धियों को हटाने के लिए 3 चरणों का हीलियम गैस शुद्धिकरण है जिसमें अधिशोषण सिद्धांत का उपयोग किया गया है : CORS के



चित्र A.2.5.1: (बायें) प्रक्रिया प्रवाह आरेख



चित्र A.2.5.2 विभिन्न घटकों के साथ अभिकल्पित ताप विनिमयक एच.एक्स.7

तेल निष्कासन व्यवस्था में कमरे के ताप (~300 K) पर तेल अशुद्धियों का निष्कासन, वायुमण्डलीय अशुद्धियों (N2, O2 व Ar) का शीत बॉक्स में ~ 80 K तापमान पर निष्कासन और संयंत्र के शीत बॉक्स के अंदर हाइड्रोजन अशुद्धता ~20 K ताप पर हटाने की व्यवस्था। इन सभी मामलों के लिए हीलियम धारा में अशुद्ध गैस की मात्रा आयतन से 10 से 100 पीपीएम (मिलियन प्रति भाग) तक हो सकती है। 80 K और 20 K अधिशोषक बेड के लिए अभिकल्पन और विश्लेषण का काम किया गया है।



चित्र A.2.5.3 (बायें) ऊष्मा विनिमयक के मुख्य ऊष्मा क्षेत्र के विभिन्न घटक

प्रोटोटाइपिंग और परीक्षण : एसएस से Al और एसएस से Cu घर्षण संयुक्त जोड़ : एल्यूमीनियम प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयकों को



चित्र A.2.5.4: (नीचे) घर्षण संयुक्तित SS304L से Cu और SS304L से Al पाइपों के जोड़

शीत बॉक्स के एसएस पाइप के अन्य घटकों के साथ जोड़ने के लिए एल्यूमीनियम और SS304L पाइप केभिन्न धातु जोड़ों की आवश्यकता होगी। LN2 शीतलित ताँबें के ऊष्मीय कवच को Cu और SS304L पाइपिंग के बीच समान धातु जोड़ों की आवश्यकता होगी। घर्षण ताप से (एक निश्चित पाइप के सामने एक घूर्णन पाइप) दोनों पाइप सामग्री रिक्रिस्टलाईज़ेशन तापमान तक पहुँच जाती है जिससे एक पक्ष का पदार्थ दूसरे पक्ष की ओर फैलने लगता है और एक क्रिस्टल संरचना बनाकर एक बंध बना लेता है. कुछ परीक्षणों के बाद यह पाया गया कि Al ङ्क SS304L जोड़ का हीलियम रिसाव दर द्रवीत नाइट्रोजन के साथ ऊष्मीय-आघात (थर्मल शॉक) से पहले और बाद में 10-9 मिली-बार लिटर / सेकंड केक्रम में है। SS304L - Cu जोड़ों का भी परीक्षण किया गया और LN2 के साथ ऊष्मीय-आघात (थर्मल शॉक) से पहले व बाद में 10-6 मिली-बार लिटर / सेकंड के क्रम का हीलियम रिसाव दर पाया गया। इन सफल जोड़ों का निर्माण आईपीआर में ही मिलिंग मशीन का उपयोग कर बनाया गया है जो कि चित्र A.2.5.4 में दिखाया गया है। जोडों की गुणवत्ता व विनिर्माण प्रक्रिया में और सुधार किये जा रहे हैं।

A.2.6 दूरस्थ संचालन तथा रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी

इस परियोजना का विषय क्षेत्र हिंदुस्तानी एकीकरण उपकरणों के लिए बहुमुखी दूरस्थ संचालित प्रणालियों का गठन करना है। विभिन्न रोबोटिक्स अस्त्र-शस्त्रों रोबोटिक अस्त्र - शस्त्रों की परिनियोजन प्रणालियों और उन्नत आर एच अनुकूल उपकरणों तथा प्रवर्धित परीक्षण सुविधाओं आदि सहित प्रणाली के विकास, परीक्षण, संचालन और नियंत्रण के लिए आभासी वास्तविकता प्रयोगशाला की बनावट तथा विकास इसमें शामिल है।

आभासी वास्तविकता (वीआर) प्रयोगशाला का विकास : दूरस्थ संचालन के लिए एक गतिशील वातावरण की यथार्थ अनुभूति की आवश्यकता होती है। उद्धेश्य यह है कि संचालक को कार्य स्थल का वैसा ही अप्रतिबंधित ज्ञान दिया जाए जैसा कि उन्हें तब उपलब्ध होगा अगर उन्हें दूरस्थ परिस्थितियों में स्थित कर दिया जाए। दर असल, आभासी वास्तविकता प्रणाली समस्त दृश्य के ऊपर पूरा अवलोकन प्रदान कर सकता है जो कि कार्य स्थल पर मौजूद होने से बेहतर है। इसके अलावा वी आर प्रणाली के साथ विभिन्न कलन विधियों जैसे टकराव परिहार कलन विधियाँ, मार्ग आयोजन कलन विधियाँ इत्यादि को एकीकृत किया जा सकता है। उद्धेश्य एक ऐसी आभासी वास्तविकता प्रणाली का विकास करना है जो दूरस्थ संचालन बनावट अनुकरणों तथा विश्लेषण गतिविधियों के लिए समर्पित हो। यह वी आर प्रणाली आई पी आर में दूरस्थ संभाल संचालनों की तैयारी तथा समर्थन को पूरा करेगा। यह प्रणाली विशिष्ट आर एच उपकरण के विकास में अनुभव तथा विशेषज्ञता प्राप्त करने में सहायता करेगा। इस प्रणाली का लक्ष्य यह भी है कि यह अभियांत्रिकीयों के लिए प्रशिक्षण सुविधा के रुप में कार्य करे ताकि दूरस्थ संभाल तथा रोबोटिक्स के क्षेत्र में भविष्य की जरुरतों



चित्र : A.2.6.1 एस एस टी-1 निरीक्षण और अनुरक्षण प्रणाली के लिए प्रतिमान जुडी हुई रोबोटिक प्रणाली

के लिए उन्नति की जा सके। आई पी आर में पूर्ण तथा निन्मजनित वी आर प्रणाली को 6 डी मार्गन यंत्र सहित एकीकृत दोहरी उच्च विभक्ति चित्रपट तथा एक बड़ी तादाद में हैपटिक यंत्रो जिनमें 6 डी ओ एफ बल पुनर्निवेश संचालक हाथ शामिल हैं, को योजनाबद्ध किया गया है।

प्रतिमान रोबॉटिक स्पष्ट प्रणाली (पीआरएएस 01) का संकल्पनात्मक अभिकल्पन : एस एस टी-1 इन वैसल निरीक्षण और अनुकरण प्रणाली (आई वी आई एम एस) प्लाज़्मा संचालन के दौरान हुई संभव क्षति को देखने के लिए प्लाज़्मा मुखित सतहों का इन वैसल निरीक्षण करने की अनुमति देगा। इस प्रणाली को प्लाज़्मा प्रकोष्ठ तथा उसके घटकों के मेट्रोलॉजी माप के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इस प्रणाली से प्रमुख प्लाज़्मा प्रकोष्ठ से आरंभ होने वाले इन वैसल क्षेत्रों को देखने की उम्मीद नहीं की गई। प्रतिमान गतिविधि, जिसका उद्देश्य एस एस टी-1 इन वैसल निरीक्षण और अनुरक्षण प्रणाली (आई वी आई एम एस) है, को वास्तविक आवश्यकता से 5 किलोग्राम पेलोड क्षमता और 1.5 मीटर लम्बाई, जो तीन सनतंत्रता डिग्री विगलन जोड़ो से बना हुआ है जो कि एक पूर्व-परिभाषित वर्धनक्षम क्षेत्र के भीतर किन्ही भी उपकरणों के परिवहन के दौरान आसन प्रदान करता है, के साथ ~1:2 से प्रवर्धित कर विकसित किया गया।

आरएच अनुकूल ईएलएम कॉइलों के संकल्पनात्मक अभिकल्पन के लिए सीसीएफई के साथ सहभागिता : ई एल एम शमन के अध्ययन के लिए जोआइंट यूरोपियन टॉरस (जेईटी, टोकामक, यूके) का 32 ईएलएम नियंत्रण वक्रों के समूह को स्थापित करने का उद्धेश्य है। संकल्पनात्मक अभिकल्पन गतिविधियों में मुख्यताः बनावट अनुकूलन तथा आर एच अनुकूल समर्थन तथा समर्थन आधार का विश्लेषण तथा भिन्न निदान तथा इन वैसल घटकों के साथ यंत्र के भीतर परिपथ अंतराफलक विवादों के विघटन के साथ साथ गुणवत्ता मानकों के अनुसार परिचालन तथा विघटन परिदृश्यों के दौरान वक्र के भार के लिए पात्र एकीकृत का सत्यापन इसमें शामिल है।

A.2.7. ऋणात्मक आयन पुँज स्रोत

आईएनटीएफ गतिविधियाँ

भारतीय परीक्षण सुविधा (आईएनटीएफ), ईटर डीएनबी के परीक्षण के लिए है।

(i) अंत:गृह में निर्वात पात्र का पूर्ण अभिकल्प करने के बाद बीम स्रोत, बीमलाइन घटकों को आईएनटीएफ निर्वात पात्र में आवेशित करने के लिए निर्मित किया जा रहा है।

(ii)आईएनटीएफ एचवी पारभरण, पात्र एवं एचवी संचरण लाइन के बीच विलगन प्रदान करता है, जिसे स्थिरवैद्युत और ताप-यांत्रिक अनुकूलन के आधार पर अभिकल्पित किया गया है। पोरेसेलिन रिंग उप संयोजन (मुख्य अवरोधक संयोजन) की प्रापण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

(iii) आईएनटीएफ क्रायोपंप, 12 क्रायो-शोषण पपिंग से बने होते हैं जो गैस को आयन स्रोत एवं उदासिनित्र (7.6 Pa-m^3/s तथा 7 Pa-m^3/s क्रमश:) के भीतर डाल कर नियंत्रित करती है। पात्र के भीतर इस पुन: आयनीकरण की कमी को पूरा करने के लिए क्रायोपंप ~ 1.8 x 106 l/s की कुल पंपिंग गति उपलब्ध कराएगा। प्रत्येक क्रायोपंप का आकार लगभग 3.2 मीटर (एच) x 0.6 मीटर (डब्ल्यू) x 0.3 मीटर (डी) है।

(iv) आईएनटीएफ डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली (डीएसीएस) को ईटर संयंत्र नियंत्रण अभिकल्प पुस्तिका (पीसीडीएच) की दिशा निर्देशों के आधार पर बनाया गया है। आईएनटीएफ के संयंत्र प्रणालियों के लिए अंतरापृष्ठ दस्तावेजों को तैयार किया गया। आईएनटीएफ का अंतर्बद्ध एवं संरक्षा प्रणाली के लिए अध्ययन पूरा हो चुका है। नियंत्रण प्रणाली के लिए कुल 400 संकेत हैं। आईएनटीएफ की डाटा अधिग्रहण प्रणाली NI pxie पर आधारित है। प्रकाशिक संवेदक, थर्मोकपल, धारा ट्रांस्ड्यूसर एवं विभवमापी जैसे संवेदक शामिल हैं। आईएनटीएफ प्रणाली के सीओडीएसी पर आधारित होनें से इसके हार्डवेयर को मानक पीसीडीएच सूची में से चुना गया है। सीओडीएसी कोर प्रणाली पर आधारित आईएनटीएफ डीएसीएस के लिए प्रोटोटाइप का विकास किया जा रहा है और आईएनटीएफ प्रचालन को करने से पहले युग्म स्रोत प्रयोग में इसे पहले अनुभव हासिल करने के लिए जांचा जाएगा।

(v) आईएनटीएफ नैदानिकी: आईएनटीएफ के अनुकूलित प्रचालन प्राचल क्षेत्र की पहचान करने के लिए तथा सफल प्रचालन के लिए कई नैदानिकी की परिकल्पना, अभिकल्पना की गई है एवं घटकों को खरीदने का कार्य जारी है। आईएनटीएफ नैदानिक प्रणाली को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है: (a) सुरक्षित प्रचालन के लिए सक्रिय अंतर्बद्धों के साथ संरक्षण नैदानिकी, (b) प्रणाली की अच्छी स्थिति की निगरानी के लिए मॉनिटरण नैदानिकी तथा (c) प्लाज़्मा तथा पुँज के अभिलक्षणन के लिए अभिलक्षणन नैदानिकी। श्रेणी (a) एवं (b) में मुख्य रूप से BLCs पर बीम मुखित सतहों में थर्मोकपल को रखा गया है और भटकों के भीतर एचवी भंजन के लिए इसके शीतलित परिपथ, निर्वात गॉज़, विद्युत संकेत शामिल हैं। इस नैदानिकी का अभिकल्पन बीएलसी अभिकल्पों का अभिन्न हिस्सा है। श्रेणी (c) की कुछ नैदानिकी को तैयार किया गया है और इसके कुछ हार्डवेयर को खरीदा जा रहा है। अवरक्त प्रतिबिम्बन प्रणाली से कार्बन-फाइबर-कंपोज़िट (सीएफसी) प्लेटों एवं आईआर कैमेरा के उपयोग से बीम प्रालेख मापन के अभियांत्रिकी अभिकल्प को पूरा किया गया। इस नैदानिक के लिए एक आईआर कैमेरा इन प्रयोगों को शुरू करने के लिए इंडेंट किया गया है। बीम स्रोत में ऋणात्मक आयन घनत्व मापन के लिए केविटी रिंग डाउन स्पेक्ट्रोदर्शी (सीआरडीएस) का अभिकल्पन किया गया है और संसूचक सहित उच्च प्रतिबिम्बित गुहा दर्पण के साथ संगत Nd-YAG लेसर

चित्र 2.7.1 वेंडर के स्थान पर आईएनटीएफ पात्र के विभिन्न भागों का निर्माण

को इंडेंट किया गया है।

रॉबिन प्रयोग : रॉबिन में प्लाज़्मा उत्पादन एवं पुँज निष्कर्षण प्रयोगों को आयतन विधि में ((वर्तमान में उपयोग की गई शक्ति आपूर्ति की सीमा के कारण)~2 cm^2 के निष्कर्षण क्षेत्र के साथ बिना Cs अंतःक्षेपण के) किया गया। ऋणात्मक आयन घनत्व मापन के लिए एक नई नैदानिकी लेसर फोटो-डिटेचमेंट को शामिल किया गया एवं प्राथमिक परिणामों को प्राप्त किया गया है। रॉबिन प्रणाली के प्रमुख पीएलसी द्वारा लेसर प्रणाली के लिए ट्रिगर सक्षम था। आयतन उत्पादन विधा के तहत ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन पुँज के निष्कर्षण प्रयोगों को किया गया और विद्युत नैदानिकी का उपयोग करके पुँज मापदंडो एवं प्रोफाइल और एक कई विद्युतीय रूप से अलग किए गए ब्लॉक के साथ नए विकसित पुँज अवरोधक प्लेट को मापा गया। ईपीएसएस (निष्कर्षण शक्ति आपूर्ति प्रणाली) 11kV, 35A को रॉबिन विन्यास तक जुड़ी हुई है और उच्च वोल्टता अनुकूलन प्रयोगों को (11kV तक) सफलतापूर्वक किया गया। हाल ही में ईपीएसएस को एक निष्कर्षण शक्ति आपूर्ति के रूप में और एक त्वरण विद्युत आपूर्ति के रूप में आरएचवीपीएस (10kV, 400mA) का रॉबिन में पुँज निष्कर्षण प्रयोगों के उपयोग के लिए किया गया और ~10mA/cm^2 के ऋणात्मक आयन धारा घनत्व के साथ ~20 kV के पुँज को निष्कर्षित किया गया।

रॉबिन के लिए निष्कर्षण शक्ति आपूर्ति प्रणाली (ईपीएसएस): 11kV, 35A की निष्कर्षण शक्ति आपूर्ति प्रणाली (ईपीएसएस) को सफलतापूर्वक संस्थापित किया गया एवं इसने सभी कार्यात्मक परीक्षणों को पूर्ण किया और इसके निर्दिष्ट प्रदर्शन के सफल कारखाने के स्वीकृत परीक्षण के बाद हाल में डीएसी प्रणाली सहित रॉबिन विन्यास के साथ इसे प्रचालन एवं संस्थापित किया गया।

त्वरण शक्ति आपूर्ति प्रणाली (एपीएसएस): त्वरण शक्ति आपूर्ति प्रणाली (एपीएसएस-35kV, 15A DC) के निर्माण का कार्य वेंडर के स्थान पर जारी है। हीट रन कार्य के लिए सभी 78 ट्रॉन्सफॉर्मरों और 70kV विलगन को सफलतापूर्वक जांचा गया। इस प्रणाली का भविष्य में कारखाने के अंतिम स्वीकृति परीक्षण के लिए पूरी तरह से तैयार होने की उम्मीद है। अन्य कमीशनन की गई विद्युत प्रणालियाँ हैं रॉबिन के एचवीपीएस प्रणाली के लिए 2MVA LT विद्युत वितरण प्रणाली जिसे सफलतापूर्वक संस्थापित, एकीकृत एवं कमीशन किया गया। ईपीएसएस प्रणाली को स्थानीय नियंत्रण एवं स्थानीय अंतरापृष्ठ इकाई यूनिट से अतिरिक्त शक्ति उपलब्ध कराने के लिए एक अर्तवर्तक प्रणाली को खरीदा जा रहा है।

रॉबिन का डाटा अधिग्रहण: उपलब्ध विद्युत आपूर्ति को उन्मुख करने के लिए सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग एवं हार्डवेयर मॉड्यूल कार्यान्वयन की दृष्टि से रॉबिन में 20 kV पुँज प्रचालन के लिए डीएसीएस प्रणाली का उन्नयन किया गया । प्रणाली में ईपीएसएस एवं एपीएसएस शक्ति आपूर्ति दोनों को स्थापित करने के लिए नियंत्रण एवं डाटा अधिग्रहण प्रणाली को भी उन्नत किया गया।

युग्म स्त्रोत: युग्म स्त्रोत, एकल चालक रॉबिन एवं आठ चालक आईएनटीएफ के बीच का मध्यवर्ती कदम हैं। युग्म स्त्रोत (टीएस) में दो आरएफ चालक हैं। इस टीएस कार्यक्रम की प्रापण गतिविधियों से संबंधित प्लाज़्मा चरण प्रयोगों का कार्य प्रगति पर है। टीएस निर्वात पात्र का खरीद का आदेश दे दिया गया हैं। पंपिंग प्रणाली को इंडेंट किया गया एवं उद्धरण प्राप्त किए गए हैं। टीएस को रखने के लिए ईटर-भारत ईमारत में एक मेज़नाइन फर्श स्थापित किया गया। केबल के साथ विद्युत वितरण पैनल, पीजी अभिनति शक्ति आपूर्ति (66V, 333A DC), तंतु तापन एवं अभिनति शक्ति आपूर्तियाँ, पीजी फिल्टर क्षेत्र शक्ति आपूर्ति (10V, 6kA DC) जैसी प्रापण गतिविधियाँ अंतिम चरण में है। ईटर CODAC कोर प्रणाली के आधार पर एक एकल नियंत्रण प्रणाली अपने कार्यान्वयन के अंतिम चरण में है।

A.2.8 संलयन रिएक्टर के पदार्थों का विकास एवं अभिलक्षण

पदार्थ का विकास

ओडीएस स्टील का विकास: "ओडीएस स्टील का विकास" नामक परियोजना का उद्देश्य ओडीएस 9Cr आरएएफएम और ओडीएस-14Cr आरएएफ स्टील पाउडर का विकास तथा उत्पादन है और इन पाउडर को संलयन रिएक्टर के इस्तेमाल के लिए "हॉट सम-स्थैतिक दबाव" और बाद में ऊष्मा द्वारा ढालने की विधि, जैसे गर्म रोलिंग से प्लेट, द्वारा तैयार किया जाता है। आरएएफएम स्टील पाउडर (70Kg) का उत्पादन गैस एटमाइज़र, (जिसमे आकार वितरण 50 से 150 माइक्रॉन और ऑक्सीजन स्तर 100 ppm से नीचे होता है) का इस्तेमाल करके एआरसीआई (आईजीसीएआर के साथ समझौता ज्ञापन के तहत) में किया गया।

यौगिक तथा सिरेमिक्स का विकास: नैनो अन्तः स्पन्दन और अस्थायी गलन क्रान्तिक तकनीक द्वारा SiCf/SiC यौगिकों का विकास तथा संलयन रिएक्टर के उपयोग हेतु संरचनात्मक और क्रियात्मक पदार्थों के लिए सीवीआई तकनीक की योजना बनाई जा रही है। प्रोटॉन चालक ऑक्साइड LaNbO4 तैयार किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य हाइड्रोजन आइसोटोप पृथक्करण झिल्ली का विकास है। नमूने, जिनकी डोपिंग मॉल्टन सॉल्ट सिन्थेसिस तकनीक द्वारा Ti और Ce के साथ की गई, का परीक्षण विभिन्न विश्लेषी तकनीक जैसे एक्सआरडी, एसईएम, एक्स रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पैक्ट्रोमिकी तथा प्रतिबाधा विश्लेषक द्वारा किया गया। प्रतिबाधा विश्लेषक द्वारा हमें प्रमुख क्रिस्टल संरचना, सूक्ष्म संरचना और इलेकट्रोनिक संरचना की जानकारी प्राप्त हो जाती है, जिससे हमें आवश्यक प्रोटॉन चालक गुण प्राप्त हो जाते है। रिएक्टर की आईआर तथा आरएफ विन्डों के लिए MgAl2O4 सिरेमिक विकास की क्रिया अभी प्रगति पर है। जिसमें ठोस अवस्था मार्ग के साथ

संश्लेषण के सभी प्रारंभिक प्रयास किये जा रहे हैं।

कोटिंग का विकास

ट्रिशियम आवरोध कोटिंग गतिविधि : ट्रिशियम बाधा के रूप में P19 इस्पात पर Er_2O_3 कोटिंग के विकास के लिए प्रतिक्रियात्मक मैग्नेट्रोन स्पटर कोटिंग क्रिया को उच्च तापमान सब्सट्रेट हीटिंग प्रणाली की खरीद पूरी करके तथा मौजूदा कोटिंग प्रणाली के साथ एकीकृत और परीक्षण करके आगे बढ़ाया है। हाइड्रोजन संसूचक विकास प्रक्रिया के लिए समतल और नालीदार s5316 सब्सट्रेट पर उसी प्रकार की कोटिंग के लिए डिप कोटिंग प्रयोग (नम प्रणाली) भी किये गये। कोटिंग के उपरोक्त दोनों प्रकार का अभिलक्षण हर स्तर पर किया गया। क्रिस्टेनीलिटी, सूक्ष्म संरचना, मोटाई और शुद्धता के लिए एक्स रे डिफ्रेक्शन तथा स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का उपयोग करके परीक्षण किये गये।

पेलेडियम कोटिंग: 0.5 mm और 0.25 mm मोटी शुद्ध लौह चद्दर पर शुद्ध पेलेडियम की कोटिंग की गई जिसका इस्तेमाल संलयन ईंधन चक्र विभाग के लिए पारगमन आधारित हाइड्रोजन संसूचक की संरचना के लिए किया जाएगा। मापदण्डों के लिए कोटिंग प्रक्रिया को इष्टतम बनाया गया ताकि दाब मुक्त कोटिंग प्राप्त की जा सके। इसके पश्चात् निक्षेप दर का मूल्यांकन किया गया। और कोटिंग की मोटाई को निश्चित रूप से नियंत्रित करने के लिए इष्टतम बनाया गया। लौह चादर के दोनों ओर पेलेडियम कोटिंग वाले दो सेट बनाये गये जिनकी मोटाई 300 और 200 nm है। संसूचक की संरचना के लिए इन चद्दरों को बाद में, काटा, मोडा और लेसर से वेल्ड किया गया ओर कोटिंग में इन सिथतियों को अनवरत रखा।

पदार्थ संरचना: पदार्थ संरचना के अनुसंधान और विकास में इलेक्ट्रॉन बीम वेल्डिंग तथा इलेक्ट्रॉन बीम से वेल्ड किये हुए 20mm मोटाई के नमूने, एआइएसआई SS316L का यान्त्रिकी और संरचनात्मक गुणों के लिए अभिलक्षण किया जाना शामिल है। वेल्ड किये गये नमूनों ने आधार धातु के साथ तुलनीय तन्यता बल दर्शाया है। और सूक्ष्म संरचना के साथ यान्त्रिकी गुणों का पारस्परिक संबंध भी प्राप्त कर लिया गया है। डेल्टा फेराइट माप से वेल्ड क्षेत्र में डेल्टा फेराइट की महत्वपूर्ण उपस्थिति का पता चला है। ई.बी.डब्लू ऊष्मा विवेचित नमूने की यान्त्रिकी और सूक्ष्म संरचनात्मक गुणों का लक्षण-वर्णन तथा यान्त्रिकी गुणों जैसे तन्यता बल और प्रभाव भंजन दृढ़ता में वृद्धि देखी गई है।

पदार्थ प्रदीप्ति और अभिलक्षण: समन्वित अनुसंधान परियोजना (सीआरपी) प्रस्ताव के शीर्षक "रेडिऐशन डेमेज़ तथा एच/डी रिटेन्शन स्टडीज़ ऑन आयन-इररेडियेटिड टंग्स्टन एण्ड इट्स एलोएज" को आईपीआर ने आईएईए को विचारार्थ् प्रस्तुत किया था, जिसे अनुमोदित कर दिया गया है। यह गतिविधि एफआरएमडीसी विभाग द्वारा, ईटर-भारत, फर्स्ट वॉल तथा आईपीआर के डायवर्टर विभाग के साथ मिलकर की गई है। परियोजना के वैज्ञानिक अन्वेषकों ने आइरएईए मुख्यालय वियाना में 26-28 नवम्बर 2013 के दौरान आयोजित प्रथम अनुसंधान समन्वय गोष्ठी (आरसीएम) में हिस्सा लिया तथा प्रस्ताव की योजना पर चर्चा की। आयन प्रदीप्त टंग्स्टन के लिए एमडी, केएमसी प्रतिमान कार्य प्रारंभ हो चुका है और त्वरक आधारित उच्च ऊर्जा आयन प्रदीप्त और अभिलक्षण के प्रायोगात्मक कार्य के लिए समन्वय नियोजित कर लिया गया है।

A.2.9. संलयन न्यूटॉनिकी एवं उसके नैदानिकी विकास

न्यूटॉनिकी प्रयोग: आईपीआर की संलयन न्यूटॉनिकी प्रयोगशाला (एफएनएल) में सीलबद्ध 14 MeV न्यूटॉन जनरेटर का उपयोग करके ब्रिडर पदार्थ के रूप में लिथियम टाइटेनेट एवं गुणक के रूप में लेड से युक्त ब्लैंकेट मॉक-अप संयोजन के लिए किरणन प्रयोग निष्पादित किए गए है। मॉक-अप संयोजन 10cm मोटे एचडीपीई से घिरा हुआ है। प्रयोग की प्रथम अवस्था में मॉक-अप को लिथियम टाइटेनेड पॉउडर एवं लेड से भरा गया , इस संयोजन को 3 घंटों के लिए किरणित किया गया था। संयोजन में लेड गुणन का अध्ययन करना इस प्रयोग का उद्देश्य था। संयोजन के भीतर प्रत्येक जोन में संसूचक के रूप में फॉयल सक्रियण एवं सैन्ड-II अनफोल्डिग कोड द्वारा न्यूट्रॉन फ्लक्स एवं स्पैक्ट्रम की जांच की गई। द्वितीय चरण में लिथियम टाइटेनेट पॉउडर को पेबल से प्रतिस्थापित किया गया एवं मॉक-अप को 15 घंटों के लिए विकिरणित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य संयोजन के भीतर ट्रिशियम उत्पादन दरों का अध्ययन करना था। ब्रिडर मॉक-अप प्रयोग में टीपीआर को लघु Li_2CO_3 पैलेटों से मापा गया था। किरणन के दौरान ट्रिशियम, गुटिकाओं में जम जाता है और बाद में तरल प्रस्फुरण गणना तकनीक से मापा जाता है। इन प्रयोगों के प्रायोगिक परिणामों की तुलना एमसीएनपी गणनाओं के साथ की गई।

जेट में "न्यूट्रॉन स्रोत अंशांकन" अभियान में प्रतिभागिता: संलयन प्रयोगों एवं संलयन रिएक्टर-जैसे उपकरणों के शक्ति उत्पादन को न्यूट्रॉन उत्सर्जन दरों के संदर्भ में मापा जाता है जो संलयन प्राप्ति दर से सीधा संबंधित है। संयुक्त यूरोपियन टोरस (जेट) से प्राप्त काल-विभेदित संलयन न्यूट्रॉन को 235U विखंडन चैम्बरों के एक सेट का प्रयोग करके निरक्षण किया गया। विखंडन चैम्बरों एवं डी-डी प्लाज़्मा से न्यूट्रॉन उत्सर्जन के संदर्भ में सक्रियण प्रणाली का अंशांकन करने के लिए जेट में प्रयोगात्मक अभियान क्रियान्वित किया गया। न्यूट्रॉन संसूचकों का अंशांकन, विस्तारित प्लाज़्मा एवं संसूचक अनुक्रिया को देखने के लिए अपेक्षित अनुक्रिया को योजनाबद्ध करने के लिए स्थितियों की बड़ी संख्या के माध्यम से निर्वात पात्र के भीतर एक मानकीकृत ^{252}Cf बिन्दु न्यूट्रॉन स्रोत को गतिमान करके निष्पादित किया गया।

संलयन सामग्रियों के लिए नाभिकीय डाटा जेनरेशन

ईएमपीआईआरई एवं टीएएलवाईएस का प्रयोग करके रेडियो-न्युक्लाइड ^{55}Fe के लिए (n, p) का आकलन: संलयन रिएक्टर के भीतर बडी मात्रा में उत्पन्न रेडियोन्यूक्लाइड ($t_{1/2}$ = 2.73 वर्ष) में ^{55}Fe एक है। संलयन रिएक्टर में उत्पन्न किए दीर्घ-जीवी सक्रियण उत्पादों के लिए न्यूट्रॉन-प्रेरित अनुप्रस्थ-काट बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे गंभीर विकिरण क्षति, अपशिष्ट निपटान एवं सुरक्षा से संबधित मुद्दों को पैदा कर सकता हैं। नाभिकीय अभिक्रिया मॉड्यूलर कोड ईएमपीआईआरई-3.1 एवं टीएएलवाईएस-1.4 में अनुकूलित इनपुट प्राचलों का प्रयोग करके प्रभावसीमा से 20 MeV तक (n, p) अभिक्रिया का उत्तेजन फलन एवं 14MeV न्यूट्रॉन ऊर्जा पर ^{55}Fe लक्ष्य से प्रोटॉन उत्सर्जन स्पैक्ट्रा की गणना की गई। वर्तमान कार्य में सेरोगेट तकनीक द्वारा $^{55}Fe(n, p)^{55}Mn$ अभिक्रिया का अनुप्रस्थ-



चित्र A.2.9.1 डी प्लाज़्मा का आईएसओ सतह प्लॉट



चित्र A.2.9.2 ईसीआर आधारित आयन स्रोत हेतु प्रयोगात्मक व्यवस्था

काट मापना एक महत्वपूर्ण कदम है।

6Li + 52Cr प्रणाली में अभिक्रिया यंत्रों का अध्ययन: 55Fe(n,p) अभिक्रिया क्रॉस-सेक्शन को मापने के लिए विशिष्ट अभिक्रिया के विकल्प को सेरोगेट अभिक्रिया [6Li(52Cr, d)56Fe*] के रूप में प्रस्तावित किया है, जो संलयन रिएक्टर अध्ययनों में बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान सैद्धान्तिक कार्य सेरोगेट पद्धति द्वारा 55Fe(n, p)55Mn अभिक्रिया के अनुप्रस्थ-काट को मापने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

क्रॉस-सेक्शन निर्धारण में सेरोगेट तकनीकी सुसंगतता: संलयन रिएक्टर के प्रचालन के दौरान इसके भीतर बड़ी संख्या में दीर्घ-जीवी रेडियोन्युक्लाइड्स उत्पन्न होते हैं और वे दीर्घकालिक अपशिष्ट निपटान एवं विकिरण सुरक्षा मुद्दों के लिए महत्वपूर्ण कारण बन सकते हैं। रेडियोन्युक्लाइड्स के उत्पादन के लिए प्रमुख मार्ग की गणना यूरोपियन सक्रियण प्रणाली कोड (ईएएसवाई) कोड का प्रयोग करके की गई है। प्रत्यक्ष, पूर्व-साम्य एवं यौगिक नाभिकीय प्रक्रियाओं से प्राप्त योगदानों का अध्ययन कर रहे हैं।

प्राकृतिक क्रोमियम की स्व:समर्थित धात्विक पतली फिल्म को तैयार करना: नाभिकीय भौतिकी प्रयोग के लिए लक्ष्यों के रूप में विभिन्न सामग्रियों की पतली फिल्मों की आवश्यकता है। प्रयोग में लक्ष्य को तैयार करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्नत नाभिकीय अनुसंधान के लिए स्व समर्थन फॉयलों (लक्ष्यों) के रूप में बहुत कम मोटाई (<1 माइक्रॉन) के प्राकृतिक Cr और उसके विभिन्न आइसोटोपों 50Cr (4.345%),52Cr(83%),53Cr(9.5), एवं 54Cr(2.365) की आवश्यकता है। क्रोमियम ठोस, चमकीला एवं (भंगुर) ब्रिटल पदार्थ है, जिसका गलन तापमान लगभग 1907oC (2180 K) है। इसकी भंगुर प्रकृति के कारण 1 माईक्रॉन मोटाई से कम की पतली फिल्म को बनाना बहुत चुनौतीपूर्ण है। वर्तमान कार्य में तापीय वाष्पन तकनीक द्वारा 300 micro-g/cm^2-900 micro-g/cm^2 (< 1 माईक्रोन) मोटाई के रेंज में प्राकृतिक क्रोमियम की स्व समर्थन पतली फिल्म को तैयार किया गया है। इस पद्धति द्वारा तैयार की गई पतली फिल्मों की रसायनिक शुद्धता 99.91% से अधिक है।

संलयन अनुप्रयोगों के लिए प्रभावसीमा से 20 MeV तक 56Fe(n, α) 53Cr अभिक्रिया का उत्तेजन फलन : संलयन नाभिकीय तकनीकी अनुप्रयोगों के लिए नाभिकीय डाटा मूल्याकंनों की आवश्यकता है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रभावसीमा से 20 MeV तक 56Fe(n, α) 53Cr के अभिक्रिया के उत्तेजन फलन की गणना TALYS-1.4 कोड द्वारा पूर्व-साम्य प्रभावों से हॉसर-फेशबैश सांख्यिकी मॉडल का प्रयोग करके की गई है। वर्तमान गणनाओं की तुलना मौजूद प्रायोगिक डाटा से और नवीनतम उपलब्ध मूल्यांकित नाभिकीय पुस्तकालयों ENDF/B-VII, JEFF-3.2 एवं JENDL-4.0 से की गई है।



चित्र A.2.10.1 एचआईआरएस के प्रायोगिक सेट अप के लिए आरेख को दर्शाया गया है।



चित्र A.2.10.2: सी.एम.एस बी प्रणाली का त्रि-आयामी रेखा चित्र

त्वरण आधारित 14 MeV न्यूट्रॉन जनरेटर के लिए प्रकिर्णन चैम्बर: एक संलयन रिएक्टर पर्यावरण में नाभिकीय ताप, विकिरण क्षति आदि के स्तर का आकलन करने के लिए संलयन संबंधित पदार्थों पर तीव्र न्यूट्रॉन प्रेरित आवेशित कण के लिए द्वि-अंतर क्रॉस-सेक्शन (डीडीएक्स) का मापन बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसी अभिक्रियाएं रिएक्टर की प्रथम भित्ति, संरचना, एवं ब्लैंकट घटकों पर तीव्र न्यूट्रॉनों की बमबारी



चित्र A.2.10.4: हाइड्रोजन विलयता प्रयोग की व्यवस्था का आरेख



चित्र A.2.10.3: तरल PbLi से हाइड्रोजन निष्कर्ष के लिए प्रायोगिक प्रक्रिया प्रवाह चित्र

पर प्रेरित होती हैं, जिससे थोक पदार्थों में गैसों (हीलियम, हाईड्रोजन, ड्यूटेरियम आदि) का गठन होता है। संलयन न्यूट्रॉनिकी प्रयोगशाला (एफएनएल) में एक सामान्य उद्देश्य के प्रकीर्णन चैम्बर का अभिकल्पन किया गया है। इसे एफएनएल में कण त्वरक आधारित 14MeV न्यूट्रॉन जनरेटर के साथ युग्मित किया जाएगा। इसे आवेशित कणों के ऑन-लाइन संसूचन के लिए सिलिकन सतह अवरोध (एसएसबी) संसूचकों का उपयोग करके प्रयोगों के लिए अभिकल्पित किया गया है। इस संयंत्र को आईपीआर की एफएनएल में आधारभूत नाभिकीय भौतिकी प्रयोगों (जैसे द्वि अंतर अनुप्रस्थ-काट निर्धारण, α - स्पैक्ट्रम मापन आदि)का निष्पादन करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

A.2.10 संलयन ईंधन-चक्र का विकास

प्रयोगशाला पैमाने पर शुद्ध हीलियम गैस के लिए हाइड्रोजन आइसोटोप को हटाने की प्रणाली (एचआईआरएस) का विकास: यह प्रणाली ट्रिशियम निकासी की अभिकल्पन अवधारणा को प्रमाणित करने के लिए है। यह पूरा सिस्टम, वायुमण्डलीय आण्विक छलनी तल (एएमएसबी) स्तंभ (हीलियम शुद्ध गैस से नमी को हटाने के लिए) जिसे प्रेशर स्विंग अधिशोषण (पीएसए) का इस्तेमाल करके पुर्नजीवित किया जा सकता है, से मिलकर बना होता है। प्रायोगिक सेट अप का आरेख चित्र A.2.10.1 में दिखाया गया है। एएमएसबी की अभिकल्पन और रचना पिछले वर्ष पूर्ण कर ली गई थी। एक आद्रता प्रणाली की

चित्र A.2.10.5 हाइड्रोजन आइसोटोप पारगमन की प्रायोगिक व्यवस्था

अभिकल्पना और रचना की गई ताकि हीलियम गैस में नमी की आवश्यक मात्रा को उपलब्ध कराया जा सकें। सीएमएसबी की अभिकल्पना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सीएमएसबी प्रणाली का तीन आयामी रेखाचित्र चित्र A.2.10.2 में दर्शाया गया है। सीएमएसबी का हीलियम गैस में हाइड्रोजन आइसोटोप के लिए सैद्धान्तिक प्रतिमान, अनुकरण और अभिकल्पन आप्टीमाइज़ेशन (सबसे अनुकूल अभिकल्पन) किया गया। अधिकतर घटक जैसे ट्रेस मोइश्चर विश्लेषक प्रणाली (टीएएएस) तापमान सूचक एवं नियंत्रक, दबाव संसूचक, द्रव्यमान प्रवाह नियंत्रक, निर्वात पम्प, गेज, सहायक वाल्व इत्यादि को प्राप्त कर लिया गया है। एएमएसबी के साथ प्रयोग आरंभ करने के लिए इन घटकों का एकीकरण किया जाएगा।

द्रवीय PbLi के लिए हाइड्रोजन आइसोटॉप निष्कर्षण प्रणाली (एचआईईएस) का विकास: प्रायोगिक सेटअप के लिए प्रक्रिया प्रवाह चित्र (पीएफअडी) संख्या A.2.10.3 में दर्शाया गया है। घटकों की पहचान, हाइड्रोजन आइसोटोप निष्कर्षक का प्रक्रिया अभिकल्पन, अधिकतर आवश्यक घटकों/सामान जैसे सल्ज़र पैकिंग स्तंभ, SS316L पाइप, फ्लैंज, PbLi अनुकूल वाल्व, अवशेष गैस विश्लेषक (आरजीए) इत्यादि की प्राप्ति इस वर्ष पूर्ण कर ली गई है। शेष मद जैसे दबाव सूचक और नियंत्रक(पीआईसी) गैस सर्कुलेटर्स, हीटर और अन्य यन्त्रीकरणों की प्राप्ति भी भविष्य में की जायेगी। प्रयोगिक व्यवस्था की रचना, आवश्यक घटकों को प्राप्त करने के उपरान्त की जायेगी। तरल PbLi में हाइड्रोजन आइसोटॉप क विलयता जानने के



चित्र A.2.10.6: निर्मित हाइड्रोजन आइसोटोप संसूचक का एक चित्र

लिए प्रायोगिक व्यवस्था: तरल PbLi में हाइड्रोजन आइसोटोप की विलयता अभी सक्रिय अनुसंधान का क्षेत्र है। विलयता का जो मान साहित्य में सूचित किया है वह 106 तक भिन्न है। इसीलिए, तरल PbLi में हाइड्रोजन आइसोटोप की विलयता निर्धारित करने के लिए विश्वसनीय प्रयोग को अच्छी तरह स्थापित करने की आवश्यकता है। अत: PbLi में हाइड्रोजन आइसोटोप विलयता का निर्धारण करने के लिए एक प्रयोग नियोजित किया गया। प्रायोगिक व्यवस्था का आरेख, चित्र A.2.10.4 में दर्शाया गया है। हाइड्रोजन (या ड्यूटेरियम) गैस को PbLi में व्याप्त हो जाने दिया जाएगा। हाइड्रोजन या ड्यूटेरियम गैस के पारगमित फ्लक्स का इस्तेमाल PbLi में इसकी विलयता के निर्धारण के लिए किया जायेगा। बहुत से आवश्यक घटकों जैसे संघारित्रता मैनोमीटर, निर्वात पम्प, आइरन फॉयल और आरजीए की खरीद शीघ्र शुरू की जायेगी।

ट्रिशियम पारगमन बाधा (टीपीबी) कोटिंग का विकास: विकसित टीपीबी कोटिंग की हाइड्रोजन आइसोटोप पारगमन के लिए अर्हता का अध्ययन करने के लिए प्रायोगिक व्यवस्था की अभिकल्पना तथा रचना की गई है (चित्र A.2.10.5)। संस्थापन के उपरान्त, इन्डियन रेड्यूस्ड ऐक्टिवेशन मार्टिनस्टिक स्टिल (आईएनआरएएफएमएस) के नमूनों से हाइड्रोजन/ड्यूटेरियम गैस के पारगमन पर प्रयोग शुरू किये जायेंगे।

PbLi के लिए हाइड्रोजन आइसोटोप संसूचक का विकास: तरल PbLi के लिए पारगमन आधारित हाइड्रोजन आइसोटोप संसूचक विकसित किया जा रहा है। संसूचक की रचना को पूरा कर लिया गया है। इसे पेलेडियम से लेपित किया गया है और इसकी रचना सूक्ष्म लेसर वेल्डिंग के इस्तेमाल से हुई है। यह संसूचक इसकी कार्यशीलता के लिए सबसे पहले हाइड्रोजन गैस और फिर तरल PbLi में घुली हुई हाइड्रोजन गैस के लिए जाँचा जायेगा। इस संसूचक की हाइड्रोजन गैस में जाँच के लिए प्रयोग की व्यवस्था का अभिकल्पन किया जा रहा है और रचना का कार्य भी प्रगति पर है।

--!--

A.3. आधारभूत प्लाज़्मा विज्ञान

आधारभूत प्लाज़्मा विज्ञान पर संस्थान के पास ठोस प्रयोगात्मक कार्यक्रम है। यह रोमांचक कार्यक्रम विशेषकर पीएच.डी छात्र कार्यक्रम की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वर्तमान कार्यक्रम में निम्नलिखित विषयों के अंतर्गत प्रयोग किए जा रहे हैं:

A.3.1 बृहद आयतन प्लाज़्मा यंत्र (एलवीपीडी) प्रयोग..... 24
A.3.2 टोरोइडल संयोजन में मौलिक प्रयोग (बीटा) 26
A.3.3 सतहों के साथ निम्न ऊर्जा आयन एवं उदासीन पुंजों की अंत:क्रिया..... 26
A.3.4 सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए प्रणाली (एसवाईएमपीएलई)..... 26
A.3.5 प्लाज़्मा वेक-फिल्ड त्वरण प्रयोग (पीडब्ल्यूएफए)..... 27
A.3.6 अरैखिक प्लाज़्मा दोलनों का प्रारंभिक अध्ययन..... 28
A.3.7 डस्टी प्लाज़्मा पर प्रयोग..... 28
A.3.8 नियंत्रणीय चुम्बकीय क्षेत्र प्रवणता के साथ एक रैखिक हेलिकन प्लाज़्मा युक्ति..... 29
A.3.9 दिष्ट ग्लो अनावेशित प्लाज़्मा में अरेखिय प्रक्रिया..... 29
A.3.10 बहु-कस्प प्लाज़्मा प्रयोग..... 29
A.3.11 अनावेशित प्लाज़्मा प्रयोग (SMARTEX-C)..... 30
A.3.12 चुंबकीय पुँज प्लाज़्मा सतह अंत:क्रिया प्रयोग..... 30
A.3.13 प्लाज़्मा टॉर्च गतिविधियाँ..... 30

A.3.1 बृहद आयतन प्लाज़्मा यंत्र (एलवीपीडी)

इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता संचालित प्रक्षोभ की जाँच को जारी रखते हुए, बृहद आयतन प्लाज़्मा युक्ति में निम्नलिखित भौतिक क्षेत्रों पर विस्तार से जाँच की गई है जैसे 1) ईटीजी प्रक्षोभ और उसके अरैखिक-गुणों को आगे समझना, 2) इलेक्ट्रॉन ऊर्जा फिल्टर (ईईएफ), 3) निकट ईईएफ क्षेत्र में प्रक्षोभ का पता लगाना और अंत में, 4) एलवीपीडी प्रणाली में ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनो का पथ अनुरेखण। स्पष्ट ईटीजी प्रक्षोभ को प्राप्त करने के लिए हमनें एक बड़ा परिवर्ती अभिमुखता अनुपात का आयताकार सॉलिनॉइड, ईईएफ को अभिकल्पित किया । इस उपकरण के उपयोग से पार चुंबकीय क्षेत्र विसरण को नियंत्रित करना संभव हो गया और जिससे प्लाज़्मा प्रालेखों को नियंत्रित किया गया। इस सॉलिनॉइड की मौजूदगी एलवीपीडी प्लाज़्मा को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में बांटती है। अर्थात् स्रोत, ईईएफ प्लाज़्मा और लक्ष्य प्लाज़्मा। स्रोत क्षेत्र, तंतुओं और ईईएफ प्रथम भित्ति के बीच का क्षेत्र है और ईईएफ प्लाज़्मा ईईएफ सॉलिनॉइड की दो दीवारों के बीच रहता है और लक्ष्य प्लाज़्मा ईईएफ की दूसरी दीवार और प्लेट के छोर के बीच का क्षेत्र है।

इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता चालित प्रक्षोभ: लक्ष्य क्षेत्र में प्लाज़्मा प्रक्षोभ पर जांच विस्तारित की गई है। हमने यह देखा है कि प्लाज़्मा प्रक्षोभ कोर और किनारे के क्षेत्र में पूरी तरह से भिन्न विशेषताएँ प्रदर्शित करता है। कोर और किनारे में प्रक्षोभ पर विधा रूपांतरण/युग्मन प्रक्रिया का पता लगाने के क्रम में लक्ष्य प्लाज़्मा के पूरे त्रिज्या अनुभाग की जाँच की जा रही है। हमारे प्रारंभिक अवलोकन यह संकेत देते हैं कि विभिन्न त्रिज्य स्थानों पर देखे गए विक्षोभों की परीवर्तनीय क्षेत्र में शक्ति रेखा चित्र, कोर से छोर क्षेत्र में जाने पर, घनत्व उच्चावचन का उच्च आवृत्ति की ओर महत्त्वपूर्ण झुकाव दर्शाता है। इस समय के दौरान ईटीजी प्रक्षोभ की पृष्ठभूमि में मौजूद गैर रेखीय संरचना की भौतिकी को समझने के लिए प्रारंभिक जांच की जा रही है।

ईईएफ क्षेत्र के निकट में प्रक्षोभ: सक्रिय ईईएफ 6.2 गॉस की अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र की तुलना में 160 गॉस का एक मजबूत अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र बनाता है। लगभग सभी प्लाज़्मा मापदंड ईईएफ के आसपास अक्षीय दिशा में तीव्र प्रवणता प्रदर्शित करते हैं परंतु ईईएफ के सक्रिय ना होने पर सभी दिशाओं में प्लाज़्मा के मापदंड ज्यादातर अपरिवर्तित रहते हैं। ईईएफ की भौतिकी को निम्नलिखित परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। ईईएफ स्रोत क्षेत्र से कुछ चुनिंदा ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों को ईईएफ के

चित्र A.3.1.1 एलवीपीडी में नए 10kA/20V शक्ति आपूर्ति को स्थापित किया गया

पास से गुजरते हुए लक्ष्य क्षेत्र तक जाने से रोकते हैं। इसका मतलब है कि ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन ईईएफ के मजबूत क्षेत्र से बहुत कम टकराते हैं और इसलिए इन्हें ईईएफ अक्ष के साथ एलवीपीडी की दीवाल तक जाना चाहिए किंतु हमें आश्चर्य है कि ऐसा नहीं हो रहा है। दूसरी ओर एक भी ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन लक्ष्य क्षेत्र में नहीं देखा जा रहा तो सवाल यह उठता है कि यह उच्च ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन कहाँ गुम हो जा रहें हैं। एलवीपीडी प्रणाली की दिगंशीय समक्षेत्र में एक अक्षीय प्रोब शाफ्ट पर 32 लेंग्म्योर प्रोब को एक एरे पर लगाया गया और 10 डिग्री के चरण में 360 डिग्री पर घुमाकर माप लिए जा रहें हैं। स्रोत और ईईएफ क्षेत्र में ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन दिखाई दे रहें हैं। रूचिकर बात यह है कि इस तरह के व्यापक मापन लेने के बाद भी इन तेज़ इलेक्ट्रॉनों के ह्रास पथ की अनसुलझी पहेली बनी हुई है। इन अवलोकनों के परिणाम से ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों के सही मार्ग का पता लगाने में कोई सहायता नही मिली। लक्ष्य क्षेत्र में ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों का रिसाव नहीं पाया जा रहा जबकि चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के आधार पर इस लॉस पथ का कारण अंदाजन यह लगाया जा रहा है कि ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन या तो यंत्र में ही गुम हो जाते हैं या ईईएफ के आवेशित क्षेत्र (1 m आवेशित) से आगे लक्ष्य क्षेत्र में गुम हो जाते हैं। हमनें प्लाज़्मा विक्षोभ के लिए ऊर्जावान बेल्ट क्षेत्र जाँच की ओर भी कदम उठाए हैं। जैसा कि बताया गया है कि पृथ्वी की मेग्नेटोस्फियर के ऊर्जावान बेल्ट क्षेत्रों में उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन, प्लाज़्मा विक्षोभ को उत्तेजित करते हैं। एलवीपीडी स्रोत प्लाज़्मा का परिदृश्य भी यही परिस्थिति दर्शाता है। यह ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन अपनी ऊर्जा को प्लाज़्मा विक्षोभ से नष्ट करते है या नहीं जैसा कि यह मेग्नेटोस्फियर में करते हैं का पता लगाने के लिए जांच को शुरू किया गया है। प्रारंभिक परिणामों से पता चला है कि बेल्ट क्षेत्र में उत्तेजित विक्षोभ स्रोत प्लाज़्मा में अन्य क्षेत्र से 20 गुना अधिक पाया गया है परंतु इस विक्षोभ के लिए इसकी सही प्रकृति एवं इससे जुड़ी हुई मुक्त ऊर्जा स्रोत का अभी भी पता नहीं चला है।



चित्र A.3.1.2 एक विद्युत आपूर्ति नियंत्रण युज़र इंटरफेस का आशुचित्र

प्रणाली उन्नयन: पिछले वर्ष एलवीपीडी में एक मुख्य प्रणाली उन्न्यन गतिविधि को व्यापक क्षेत्र वाले तंतु प्लाज़्मा स्रोत के लिए उच्च धारा विद्युत आपूर्ति (10kA/20V) की स्थापना के लिए किया गया [चित्र A.2.3.1]। नई विद्युत आपूर्ति का कैथोड उत्सर्जन प्रालेख के आकार नियंत्रण का प्रावधान है। यह बिजली की आपूर्ति एक तंतु ऑप्टिक लिंक के साथ नियंत्रित है और इसके आउटपुट प्रालेखों को सीवी एवं सीसी विधा दोनों में प्रोग्राम किया जा सकता है। हमनें तंतु विद्युत आपूर्ति नियंत्रण का यूज़र इंटरफेस विकसित किया है [चित्र A.3.1.2]। हमनें मौजूदा एलवीपीडी के एक 40 चैनल पीएक्सआई आधारित डीएएस के साथ डाटा अधिग्रहण प्रणाली को बदलने के प्रयास शुरू कर दिए है। एसआरडी (सिस्टम रिक्वायरमेंट डोक्युमेंट) को तैयार एवं इसकी समीक्षा की जा चुकी है।

A.3.2. टोरोइडल संयोजन में मौलिक प्रयोग (बीटा)

बीटा में उच्चावचन आधारित प्रवाह के उत्पादन तथा मध्यम प्रोफाइल अवलंब का प्रायोगिक अध्ययन-लम्बवत चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका : इस अवधि में अस्थिर प्लाज़्मा मापदंडों के सांख्यिकीय गुणों का अन्वेषण किया गया। इस अवधि के दौरान टोरोइडल चुम्बकीय प्लाज़्मा में उतार-चढ़ाव और अनियमित अंतराल पर होने वाले पोलोइडल परिवहन पर एक पांडुलिपि प्रकाशन के लिए स्वीकार कर ली गयी। परिणाम प्लाज़्मा गतिशीलता में अरैखिक व्यवहार की उपस्थिति का संकेत देते हैं। डेटा विष्लेषण को प्लाज़्मा में लंबी दूरी सहसंबंध के अस्तित्व की पहचान के लिए आगे बढ़ा दिया गया। बीटा में कुछ अवलोकनों तथा नये निष्कर्षों को पोस्टरों द्वारा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया गया। इन कार्यों के अलावा दो अल्पकालिक (3 महीने की) परियोजनाएँ भी की गयी, जिनमें बदलती टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र शक्ति और टोपोलॉजी के साथ उच्चावचन तथा आंतरिक प्रवाह उत्पादन की जाँच की शुरुआत की गयी तथा माध्य और उच्चावचन प्लाज़्मा मापदंडों के त्रिज्य प्रालेख को भी प्राप्त किया गया। वर्तमान में बदलती टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र शक्ति/टोपोलॉजी के साथ अस्थिरता तंत्र की विस्तृत जाँच के लिए प्रयोगों की योजना बनाई गयी है, जिनका मापन जल्द ही आयोजित किया जाएगा। एक सुनियोजित प्रयोगोत्मक अभियान किया गया तथा वर्तमान में ऊर्ध्वाधर चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव की जाँच की जा रही है। इससे निम्न परिणाम प्राप्त हुए -- टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र में परिवर्तन के साथ समनुगत से प्रक्षुब्ध क्षेत्र में प्रवाह के संक्रमण का अध्ययन तथा उच्चावचन और आंतरिक प्रवाह पर उर्ध्वाधर क्षेत्र की भूमिका। इन दोनों कार्यो को अगले वर्ष जारी रखा जाएगा। इस के समानांतर, प्रणाली के रखरखाव तथा डेटा विश्लेषण से संबंधित कई कार्य पूरे किए गए।

A.3.3 निम्न ऊर्जा आयनों तथा अनावेशी पुंजो की सतहो के साथ अंत:क्रिया

नये विद्युत चुंबक में अतिरिक्त प्रशीतलन चैनल लगाए गये हैं, जिनका अभिकल्पन पहले तैयार किया गया था तथा एक स्थानीय कंपनी में निर्माण किया गया था। तांबे की वृत्ताकार तारों की जगह समान अनुप्रस्थ काट की तांबे की आयतकार पट्टियां लगाई गयी। इन मामूली संशोधन के साथ, विद्युत चुंबक के समग्र आयामों के बदले बिना, अतिरिक्त प्रशीतलन चैनलों को जोड़ते समय हमें तांबे की कुंडलियों के घुमावों की समान संख्या प्राप्त हुई। नये विद्युतचुंबक को हमने अंतिम रुप में चलाकर देखा है; अंतिम परीक्षण के लिए अतिरिक्त प्रशीतलन चैनलों को जोड़ने के बाद यह लगातार बिना किसी समय सीमा के पुराने विद्युत चुंबक की तुलना में दस गुना अधिक आयन धारा/ प्लाज़्मा घनत्व प्राप्त कर सकता है। इसने एक निर्णायक परीक्षा उत्तीर्ण करके एक उन्नत कार्य किया है। यहाँ तक कि 40 A कॉइल धारा के साथ पुराने विद्युत चुंबक के साथ प्राप्त परिणामों की तुलना में हमने बीस गुना अधिक आयन धारा/ प्लाज़्मा घनत्व प्राप्त किया। इस विद्युत चुंबक को 40A विद्युत धारा के साथ लंबे समय तक (छह घंटे से अधिक) बिना किसी रुकावट तथा तापमान में किसी खास वृद्धि के बिना चलाया गया है। इस प्रकार जब हमनें पुराने विद्युत चुंबक को एक मौलिक नये अभिकल्पन वाले विद्युत चुंबक से बदलने का फैसला किया, तब हमने सभी उद्देश्यों को हासिल किया, जिससे आयन/अनावेषित अनावेशी अभिवाह बिजली की खपत में वृद्धि के बिना दस गुना बढ़ाया जा सके। हमने इससे बेहतर कार्य किया है- बिजली की खपत कम करते हुए हम आयन अनावेशी अभिवाह को बीस गुना तक बढ़ाने में सफल हुए हैं। चित्र 1 में अभिनीत प्लेट की ओर जाती अधिकतम 1.2A की आयन धारा दर्शायी गई है जो पुराने विद्युत चुंबक से प्राप्त धारा (60mA) का बीस गुना है। लैंग्म्यूर अन्वेषक के साथ की गई प्लाज़्मा घनत्व माप ने भी इस अवलोकन की पुष्टि की। अधिकतम घनत्व $2.2x10^{13}cm^{-3}$ था जो पुराने विद्युत चुंबक से प्राप्त घनत्व, $1.1x10^{12}cm^{-3}$ का बीस गुना है। आयन अभिवाह में बीस गुना बढ़ोत्तरी के साथ हम अनावेशी अभिवाह में भी समान बढ़ोत्तरी की आशा कर सकते है। सिग्नल तथा शोर के अनुपात में वृद्धि से हम अनावेशी पुँज का आसानी से पता लगाकर निदान कर सकते हैं। अब हम तार्किक रुप से अगले चरण की ओर बढ़ गये हैं जिससे वर्तमान प्रणाली में जोड़ने के लिए अनावेशी पुँज उप-प्रणाली का विकास तथा उसकी स्थापना करना। हमने सभी तेल आधारित पंपो को पूर्णतया सूखे पंपों से बदलने का भी फैसला किया है। इससे संसूचन तंत्र में से अवांछित (हाइड्रो-कार्बन) अशुद्धियों से छुटकारा मिलेगा, जो अन्यथा अनावेशी पुँज अभिवाह की निश्चितता के साथ मात्रात्मक गणना करने में कठिनाई उत्पन्न करते हैं। कुछ पंप पहले ही आ चुके हैं, तथा बाकी खरीद प्रक्रिया में हैं।

A.3.4. माइक्रोवेव प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए प्रणाली (एसवाईएमपीएलई)

एसवाईएमपीएलई का उद्देश्य प्लाज़्मा तथा उच्च शक्ति सूक्ष्मतरंग

(एचपीएम) के बीच की अन्तक्रिया की जाँच करना है। एक तरफ तरंग प्लाज़्मा अंतर्क्रिया के सापेक्ष प्रभावों का अध्ययन करने के लिए कुछ सैंकड़ो मेगावाट शक्ति के एचपीएम विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि परियोजना के प्रथम चरण के रुप में प्लाज़्मा में तरंग-जाल से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए व्यावसायिक रुप से उपलब्ध मध्यम शक्ति एचपीएमएस (कुछ मेगावाट) के साथ अन्वेषण शुरु किया जा चुका है। चित्र 1 में इस प्रथम चरण की प्रणाली का योजनाबद्ध आरेख दर्शाया गया है। इस प्रणाली के विकास की दिशा में पिछले वर्ष के दौरान किए गये कार्यों में - मैग्नेट्रॉन आधारित एचपीएम की खरीद, मैग्नेट्रॉन के चालन के लिए एक पल्स माड्यूलेटर का डिजाइन, अपने पल्सर के साथ प्लाज़्मा प्रणाली का एक डिज़ाइन बनाना, शक्ति युग्मन के लिए एक योजना का विकास, विभिन्न घटकों की खरीद के लिए प्रक्रियाएँ, सूक्ष्मतरंग शक्ति क्षेत्र को प्लाज़्मा घनत्व प्रवणता की दिशा में उन्मुख करने के लिए एक मोड परिवर्तक का डिज़ाइन बनाना- इत्यादि शामिल हैं। एसवाईएमपीएलई प्लाज़्मा अभिलक्षण पर प्रयोगों का विस्तार करते हुए लैग्म्यूर अन्वेषक परिणामों की जाँच करने के लिए प्रकाशीय उत्सर्जन स्पेट्रोदर्शी के अध्ययन किए गये हैं। कार्यरत प्रकाशिक विन्यास समांतरित लेंस, प्रकाशिक तंतु तथा Ar स्पेक्ट्रा पर आधारित है, जिसे प्रेशर भरकर तथा ऑपरेटिंग वोल्टेज को बदलकर प्राप्त किया गया। चित्र 2 में एक विशिष्ट Ar स्पेक्ट्रा दर्शाया गया है जब निस्सरण को ~8kv वोल्टेज से संचालित किया गया था। यह अनावेशी तथा एकल आयनित आर्गन से उत्पन्न वर्णक्रमीय रेखाओं की उपस्थिति दर्शाता है। वर्तमान में स्थिर अवस्था कोरोनल मॉडल का उपयोग करते हुए दर्ज किए गये स्पेक्ट्रा में से Te का पता लगाया जा रहा है। एसवाईएमपीएलई के लिए उच्च आवृत्ति (~1-5GHz) नैदानिकी को विकसित करने से संबंधित एक ओर कार्य प्रारंभ किया गया है। नैदानिकी आवश्यकताओं में वायु/ निर्वात में तरंग चुंबकीय क्षेत्र का मापन तथा प्लाज़्मा में उत्पन्न चुंबकीय उच्चावचन को चुनकर प्लाज़्मा प्रतिक्रिया सम्मिलित हैं। इस संबंध में पिछले वर्ष आंतरिक रुप से एक लघु चुंबकीय अन्वेषक विकसित करने पर प्रमुख रुप से ध्यान केन्द्रित किया गया। ध्वनि मुक्त सूचना प्राप्त करने के लिए विशेष कुंडलन एवं परिरक्षण वाले लघु (कुछ मि.मी व्यास और लम्बाई) चुंबकीय अन्वेषक की संरचना में अपेक्षाकृत निम्न आवृत्तियों पर अध्ययन के लिए पर्याप्त डेटाबेस हैं (कुछ मेगाहर्ट्ज तक)। एसवाईएमपीएलई में आवश्यकताएँ कड़ी हैं, जहाँ ऐसे और भी लघु अन्वेषकों की माँग है जो कुछ गीगा हर्ट्ज़ आवृत्ति में भी पता लगाने योग्य संकेत दे सकें। हमने ऐसे लघु चुंबकीय अन्वेषकों का पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) आधारित डिजाइन संविरचन एवं प्रदर्शन टेस्ट किया है जो ऐसी उच्च आवृतियों से प्रतिक्रिया कर सकते हैं।

A.3.5. प्लाज़्मा वेक फिल्ड त्वरण प्रयोग (पीडब्ल्युएफए)

ऊष्मा पाइप ओवन के अभिलक्षण तथा उससे संबंधित तकनीकों के अध्ययन को जारी रखने की दिशा में लिथियम वाष्प घनत्व माप के लिए व्यतिकरणमापी पर आधारित नैदानिक विधियों की शुरुआत कर इस पर बड़े पैमाने पर काम भी किया गया है। हालांकि He-Ne लेसर आधारित प्रारंभिक अध्ययन स्पष्ट इंटरफेरोग्राम के गठन में सफल रहे थे, किन्तु वास्तविक प्रयोग को आगे बढ़ाने के लिए फ्रिंज पैटर्न की अस्थिरता को संबोधित करने की आवश्यकता है। आयोजित अध्ययनों ने इंटरफेरोमिट्री में विस्तृत व्यावहारिक ज्ञान के आधार प्रस्तुत किए तथा इससे यह भी निष्कर्ष निकला कि कंपन विलगन प्रकाशिक तालिकाओं को पुनः व्यवस्थित करने तथा अस्थिरता दूर करने के लिए प्रायोगिक प्रणालियों को पुनः विन्यस्त करने की आवश्यकता है। यह काफी प्रभावशाली रहा तथा फ्रिंज पैटर्न श्वेत प्रकाश और CO_2 लेसर इंटरफेरोमेट्री तकनीक के साथ कार्य करने में पर्याप्त रूप से स्थिर है। पूर्व प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक अध्ययनों से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर बनाए गये एक नये ऊष्मा पाइप ओवन प्रणाली से पहली प्रणाली को बदल दिया गया है। इस नई प्रणाली में हीटर अनुभाग की लंबाई तथा ऊष्मा नलिका अवन की लंबाई 400 मि.मी. रखी गयी है तथा दोनों पानी के सिंक को ऊष्मा नलिका प्रणाली के केन्द्र से 10 से.मी. दूर संतुलित रुप से अवस्थित किया गया है। प्रत्येक सिंक के भीतर एक तापयुग्म संवेदक होता है जो हीटर की शक्ति आपूर्ति के तापमान की सही जानकारी देता है। एक नयी बफर गैस भरण व्यवस्था सही दबाव समन्वय की अनुमति



चित्र A.3.4.1 चरण-I का योजना बद्ध रूप

देती है तथा गैस की शुद्धता को बनाए रखने में मदद करती है। दो नये एकीकृत वायु संचालित गेट-वाल्व आपात स्थिति में प्रणाली की सुरक्षा का कार्य करते हैं। स्टैनलेस स्टील की एक जाली वाली नलिका को ऊष्मा नलिका के साथ लम्बाई में वेल्ड किया गया है जिससे लंबे समय में इसके विरुपण को कम किया जा सके। इस नई प्रणाली पर अध्ययन से पीडब्ल्युएफए परियोजना में माँग पत्रित 1000 मि.मी. प्लाज़्मा स्रोत बनाने में महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। नयी प्रणाली पर आयोजित विस्तृत अभिलक्षण प्रयोगों के परिणाम ऊष्मा नलिका अवन तापमान प्रोफाइल में विशेष सुधार तथा लिथियम अनावेशी वाष्प के साथ साथ प्लाज़्मा घनत्व की पुष्टि करते हैं। वाष्प तापमान का अक्षीय अन्वेषक माप हीलियम बफर गैस के दबाव की लगभग 30 से.मी. दूर सपाट तापमान प्रोफाइल स्थापित करता है। लिथियम वाष्प द्वारा एक्ज़ाइमर लेसर शक्ति के अवशोषण तथा 610 नैनो मीटर व 670 नैनो मीटर पर उत्सर्जन और अवशोषण स्पेक्ट्रोदर्शी के अध्ययन पर पहले से ही आधारित नैदानिकी विधियों की नई प्रणाली पर पुनः अध्ययन कर उनको पुनः प्रमाणित किया गया है। लिथियम वाष्प घनत्व के लिए हुक प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए मेक जेन्डरर श्वेत प्रकाश व्यतिकरणमापी आयोजित की गयी जिनसे प्राप्त इंटरफेरोग्राम निम्न विभेदन के है इसलिए अविश्वसनीय हैं। ऐसा उपयोग में लाए गये स्पेक्ट्रोमीटर की सीमा के कारण हुआ। इस विशिष्ट विधि में फ्रिंज पैटर्न में विस्थापन की गणना के लिए एक इमेजिंग स्पेट्रोमीटर की आवश्यकता हैं। इस प्रयोग को पूर्ण करने के लिए एक ऐसा ही स्पेक्ट्रोमीटर ढूँढा जा रहा है। प्रक्रिया के सक्रिय प्रभावों पर जोर देते हुए अब उष्मा नलिका ओवन प्रक्रिया पर अध्ययन जारी है। इन अध्ययनों का उद्धेश्य एक मीटर प्लाज़्मा स्रोत के डिजाइन पहलुओं को अंतिम रुप देना है। एक्ज़ाइमर लेसर के लिए प्रकाशिक विन्यासों को आकार देने वाले पुँज की पहचान की गई है तथा सबसे अनुकूल पुँज प्रोफाइल को प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए चुना गया है। CO_2 लेसर इंटरफेरोमेट्री द्वारा प्लाज़्मा घनत्व माप के लिए जरुरी विशिष्ट प्रकाशीय घटकों के क्रय आदेश दे दिए गये हैं, जो एक बैंग्लोर आधारित निर्माता के यहाँ स्वदेशी रुप से विशेष तौर पर बनाए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में प्रणाली के अंदर 193 नैनो मीटर एक्ज़ाइमर लेसर का 45 डिग्री का अधिकतम परावर्तन 10^{-6} माइक्रोमीटर, CO_2 लेसर का बिना मंदन रेखीय संचरण शामिल है। 193 नैनो मीटर पर परावर्तक 96% से ज्यादा तथा 10.6 माइक्रोमीटर पर 95% के बराबर या ज्यादा पारगमन के साथ बहु तरंगदैर्ध्य दिवर्णीय प्रकाशिकी की भी पहचान कर उसके खरीद जाँच आरंभ कर दी गई है। विभिन्न प्रकाशिक तथा प्रकाश-यांत्रिक उपकरणों के लिए खरीद एवं स्वीकृति परीक्षण किए जा रहे हैं, जिनमें 30 वॉट सीडब्ल्यु था स्पंदित लेसर, 20 मेगावाट He-Ne लेसर तथा CO_2 लेसर पुँज प्रालेख शामिल हैं। पीसी आधारित संचालन के साथ अपने मापदंडों पर सटीक दूरस्थ नियंत्रण सक्षम करके CO_2 लेसर स्रोत के लिए नियंत्रण उन्नत किया गया है। आरआरसीएटी तथा आईयुएसी के विशेषज्ञों से चर्चा के बाद त्वरक की प्रारंभिक संकल्पनात्मक डिजाइन को पूरा कर लिया गया। यह निर्णय लिया गया कि रेखीय त्वरक प्रणाली को एक टर्न-की आधार पर बनाया जाना चाहिए, ताकि रेखीय त्वरक मापदंडो के वितरण की जिम्मेदारी विक्रेता के साथ होगी। रेखीय त्वरक के भवन का प्रारंभिक डिजाइन पूरा हो चुका है तथा विस्तृत डिजाइन में वास्तुकार के साथ परामर्श से परिवर्तन किया जाएगा। सीडीसी, आईपीआर ने भूमि का अनुरोध अनुमोदित किया है।

A.3.6 अरेखिय प्लाज़्मा दोलनों की प्रायोगिक व्याख्या

अरेखिय प्लाज़्मा दोलनो और दूसरी अरेखीय तरंगो और अस्थिरता का अध्ययन करने के लिए एक प्रायोगिक मशीन प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में लग चुकी है। यह मशीन पूरी तरह से प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान केन्द्र में ही (अभिकल्पित) रची गयी है और बनायी गई है। इस मशीन को दो चरणों में तैयार किया गया है। पहले चरण में मुख्य प्रयोग के पूरे सफल होने के बाद इस मशीन को और उन्नत बनाकर, चालु अवस्था में रखा गया है। यह उन्नत मशीन 3.34 मीटर लंबी है। इस मशीन में 2.2 मीटर लंबा और 16 से.मी. व्यास का मुख्य कक्ष, 0.64 मीटर लंबा और 0.35 मीटर व्यास का स्त्रोत कक्ष अलग से और एक 0.5 मीटर लंबा और 0.5 मी व्यास का एक कक्ष है। मुख्य कक्ष में अक्षीय चुंब्कीय क्षेत्र पानी से ठंडा करने वाले 14 विद्युत चुंबको की सहायता से 100 गॉस से 1.2 किलो गॉस तक बदल सकते है। मुख्य कक्ष के अंदर दबाव $1.3x10^{-6}$ मिली बार है और चालु स्थिति में $1.5x10^{-5}$ मिली बार से $1x10^{-3}$ मिली बार तक रहता है। चालु स्थिति में इस मशीन का दबाव अपने वर्ग की सभी मशीनो में सब से कम दबाव है। यदि सबसे कम नही होता तो एक संघट्ट विहिन प्लाज़्मा पैदा हो जाता और फिर कोई भी संघट्ट विहिन प्लाज़्मा को प्रायोगिक तोर पर देख सकता है। शुरुआती प्रयोग यह दर्शाते है कि इस प्रणाली के अंदर प्लाज़्मा का तापमान 1 इलेक्ट्रॉन वोल्ट से 8.5 इलेक्ट्रॉन वोल्ट तथा घनत्व 10^{10} घन सेमी से 10^{11} घन सेमी तक रहता है। इस मशीन में उत्पन्न प्लाज़्मा बहुत शांत और स्थिर है और इसकी स्थिरता $2.5x10^{-3}$ अब तक प्रयोग द्वारा प्राप्त कर ली गई है। इस तरह से बाहरी आवरण में कम शोर वाले स्थिर प्लाज़्मा के अंदर कम आयाम वाली तरंगो को उत्पन्न करना और उनका संचरण के अभिलाक्षणिक गुणो को प्रायोगिक तौर पर देखा जा सकता है। हमारे शुरुआती प्रयोग दर्शाते हैं कि हम इस तरह की मशीन बनाने में सफल हुए।

A.3.7 धुलित प्लाज़्मा पर प्रयोग

प्रकृति में बवंडर आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। जैसे कि भूचाल, धुएँ के गुबार आदि। कुछ इस तरह के बवंडर धुलित प्लाज़्मा की प्रयोगशाला में भी विभिन्न प्रकार के प्रयोगो द्वारा उत्पन्न किए जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, प्रकाश किरणों के दबाव से बवंडर उत्पन्न कर सकते हैं। या

अनआवेशित करने की प्रक्रिया मे चुंबकीय क्षेत्र लगाकर। यहाँ पर हमने समांतर प्लेट दिष्ट धारा चमक अनावेशिता में बिना किसी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति या प्रकाश किरणों के दबाव के बवंडर प्रयोगो द्वारा उत्पन्न किया है। इस तरह के बवंडरो की विशेषताएँ प्रयोगो द्वारा अध्ययन की जा रही है और उनके उत्पन्न होने का कारण बताया जाएगा। हमारी हाल की खोजो से पता चलता है कि इस तरह के आकृतियो के बनने का कारण, केथोड सतह की तरफ आने वाली आयन हवा के अंदर उपस्थित अपरूपण द्वारा बाहरी आवरण के विद्युत क्षेत्र को केथोड सतह की तरफ धकेलना है। आयन ड्रेग बल के अंदर उपस्थित शियर घूल कणों के बादलो पर प्रत्यायनन बल की तरह कार्य करता है जिसके परिणाम स्वरुप घूमने वाली धूल की आकृतियाँ बनती है। इस तरह के बवंडरो के प्रादुर्भाव का प्रायोगिक अध्ययन अनआवेशित पैमानो के साथ किया जा रहा है।

A.3.8 परिवर्तनीय चुंबकीय क्षेत्र विभववाली रेखिय घूणीय (हेलिकल) प्लाज़्मा युक्ति

प्रेरकत्व के साथ जुडी हुई रेडियो आवृत्ति का प्लाज़्मा स्रोत विकसित करने के लिए प्रयोग किये जा रहे है। मूल सिद्धांत यह है कि एक कुंडली (एंटीना) में रेडियो आवृति धारा प्रवाहित करने पर, जहाँ कुंडली / एंटीना की धारा के साथ एक परिवर्तनीय चुंबकीय क्षेत्र जुड़ा होता है। वही एक विद्युत चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करता है ठीक वैसे ही जैसे कि ट्रांसफार्मर कार्य करता है। रेडियो आवृति क्षेत्र की प्लाज्मा के साथ आपस में क्रिया के आधार पर निरावेशन (डिस्चार्ज) को तीन भागो में विभाजित किया गया है। रेडियो आवृति शक्ति की प्लाज़्मा के साथ स्थिर -वैद्युत क्रिया को E मोड कहते है। बाहरी स्थिर चुंबकीय क्षेत्र को उपस्थिति में ये विद्युत चुंबकीय असंतुलन इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा आवृति की तुलना में कम अवृत्ति से गमन कर सकता है। और आवेशित कण इन तरंगो से ऊर्जा अवशोषित कर सकते हैं। इसे W-मोड कहते है। इस तरह की तरंगो के एक खास वर्ग को हेलिकन तरंगो के नाम से जाना जाता है। हेलिकन तरंगे कम आवृति की बंधी हुई तरंगे है। जो कि उनको खुली हुई दीर्घ परासवाली व्हीसलर की तरंगो से जो कि बह्मांड में पायी जाती है, से अलग करती है। एक प्रकार के असंतुलन, जिसे हेलिकन तरंग कहते है, को भेजने के लिए एक अर्ध तरंग दाये हेलिकन ऐंटीना का उपयोग किया गया है जो कि हेलिकन तरंग को ऐंटीना से घने प्लाज़्मा में प्रवाहित किया जाता है, जहाँ पर तरंग ऊर्जा इलेक्ट्रॉन के द्वारा अवशोषित हो जाती है। हेलिकन एंटीना द्वारा उत्पन्न प्लाज़्मा में इलेक्ट्रॉन-साईक्लोट्रॉन अनुनाद के आस-पास उत्तरी घ्रुवीय तरंगो के अवशोषण की प्रक्रिया को पहचानने के लिए प्रयोग किये जा रहे है। कम चुंबकीय क्षेत्र (30 गॉस से 50 गॉस) पर बहुत सारी उच्च घनत्व श्रंगो का दिखना हेलिकन तरंगो के अनुनाद कोण गमन का वर्णन करता है। हेलिकन ऐंटीना द्वारा उत्पन्न रेडियो आवृत्ति प्लाज़्मा के विस्तार में अरेखिय विभव आकृति की प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिये प्रयोग किये जा रहे है। इन विभव आकृतियों के बनने में बाह्य अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र एक महत्वपूर्ण काम करता है।

A.3.9 दिष्ट ग्लो अनआवेशित प्लाज़्मा में अरेखिय प्रक्रिया

दिष्ट चमक अनआवेशित प्लाज़्मा में अरेखीय प्रभाव का अध्ययन करने के लिये एक प्रायोगिक व्यवस्था विकसित की गयी है। प्रायोगिक व्यवस्था मे एक बेलनाकार बोरोसिलिकेट कांच की नालिका है जिसका व्यास 15.5 सेमी और लंबाई 120 सेमी है, निर्वात कक्ष, इलेक्ट्रॉडों, पंप स्टेशन और शक्ति यंत्र है। दो घात्वीक इलेक्ट्रॉडों के बीच में दिष्ट विभव लगाकर निरावेशन की शुरूआत की जाती है। और डिस्चार्ज धारा का मापन धारा संवेदनशील प्रतिरोध के साथ जरुरी उपकरण लगाकर किया जाता है। यह देखा गया है कि निरावेशन धारा, दाब और इलेक्ट्रोडो के बीच की दूरी बहुत महत्वपूर्ण कारक है, जो दिष्ट ग्लो निरावेशन प्लाज़्मा की अरेखियता को नियंत्रित करने में काम आते है। इस प्लाज़्मा में अरेखिय प्रक्रिया का अध्ययन करने में फोटो डायोड और धारा डायोड का उपयोग प्लाज़्मा द्वारा उत्पन्न प्रकाश में असंतुलन को नापने के लिये किया जाता है। जबकि धारा प्रोब का उपयोग दिष्ट निरावेशन धारा में उत्पन्न असंतुलनो को नापने के लिये किया जाता है।

A.3.10 बहु-कस्प प्लाज़्मा प्रयोग

अंतिम अभिकलन (डिज़ाइन) के लिए एक प्रतिकृति चुंबक को तैयार किया जा चुका है और बचे हुए चुंबको को खरीदने का आदेश भी दे दिया है। इसी बीच, चुंबक को ठंडा करने के विकल्पो के बारे में विचार करके, कुछ बदलावो को लागु करके यह अनुमान लगाया था कि ठंडा पानी 80 लीटर प्रति मिनट की दर से तथा 4 बार आगत दबाव पर भेजने की आवश्यकता है। चुंबको को निर्वात कक्ष में समाकलित करने के लिए जरुरी प्रावधान फिर से पुनर्रचना (डिज़ाइन) किये गये है और अब समाकलन के लिए तैयार है। कैथोड आईओनाईजर को गरम करने वाले तंतु को लगाने की योजना को फिर से ठीक करने की आवश्यकता है क्योंकि उसके लिए एक खास स्पाट वेल्डिंग की जरुरत है। अब स्पॉट वेल्डिंग के बदले उचित स्क्रु की सहायता लगाने के बारे में सोचा गया है। सिजियम ओवन के पाईप के लिये खरीद आदेश भेज दिया है और अगले वर्ष की पहली तिमाही में सामान आने की संभावना है। तंतु को गरम करने के लिये (फ्लोटिंग पावर सप्लाय) परिवर्तनीय शक्ति यंत्र को लगाकर परीक्षण कर लिया है। सिजियम वाष्प के निर्वात कक्ष में जाने से पहले एक आर्गन ग्लो डिस्चार्ज प्लाज़्मा को कक्ष के अंदर उत्पन्न किया जाता है जो कि कक्ष के अंदर ऑक्सिजन तत्व को कम करता है क्योंकि ऑक्सिजन, सिजियम वाष्प और तंतु के संचालन के लिए नुकसान दायक है। अपने आप साफ होने वाली लेंग्मूर प्रोब की रचना पूरी हो गई

है ओर अब निर्मित की जा रही है।

A.3.11 अनावेशित प्लाज़्मा प्रयोग :(SMARTEX-C)

एक उच्च धारा का दिष्ट शक्तियंत्र (5000A/100V/1.2S) प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में आ चुका है। निर्माण स्थल पर कुछ प्रारंभिक परीक्षणो के बाद इसे लाया गया है क्योंकि यहाँ पर उच्च शक्ति स्तर उपलब्ध नहीं था। अतः प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में आगे का परीक्षण जारी है। कुछ परिणाम नीचे दिखाये गये है जबकि प्राप्त होने वाली धारा और उर्मिका (रिपल) को दो धारा ट्रांसफार्मर, जिनकी अभिलाक्षणिक अलग है, के द्वारा नापा गया है, जो परिणामो को प्रमाणित करने लिए आवश्यक है। पुरानी 28-वलयवाली टोरोईडल क्षेत्र कुंडली हटा ली गयी है। एक मोटी 14-वलयवाली कुंडली लपेटी गयी है, उच्च धारा को उच्च धारा दिष्ट यंत्र से प्रवाहित होने के लिए एक तीसरी कुंडली की रचना कर ली गई है जो कि तांबे की छड़ से बनाई जाएगी, जिससे 5 किलो एम्पीयर की उच्च धारा प्रवाहित की जा सकेगी। अति उच्च निर्वात व्यवस्था को एक क्रायो पंप, एक बहुमुखी जोड और एक गेट वॉल्व लगाकर और उन्नत बनाया जा रहा है। कॉलर और सब से ऊपर के फ्लेंज के बीच एक पुरानी एल्युमिनियम वायर-सील को हटाकर हेलिकोफ्लेक्स लगाया गया है। इन सभी परिवर्तनो के परिणाम स्वरुप एक बहुत अच्छा निर्वात $2x10^{-9}$ मिली बार प्राप्त हो गया है। एक द्वि सुक्ष्म चैनल प्लेट और उसके बाद एक मल्टी एनोड लगाकर इसे (इलेक्ट्रिक मोड ऑफ इमेजिंग डायग्नोस्टिक) बिजली चलित इमेजिंग परीक्षण नाम दिया गया है और वे SMARTEX-CU में लगाया जाता है। वास्तविक इमेजिंग परीक्षण को खरीदने और लगाने से पहले उसकी एक प्रतिकृति तैयार होगी।

A.3.12 चुम्बकीय पुँज प्लाज़्मा सतह अंत:क्रिया या प्रयोग

चुम्बकीय पुँज प्लाज़्मा सतह अंत:क्रिया प्रयोग असमांगी प्लाज़्मा में संवाही सीमाओं की उपस्थिति इलेक्ट्रॉड के माध्यम से भित्ति धाराएँ उत्प्रेरित कर संभावित संरचना को काफी हद तक संशोधित कर सकती है। महत्वपूर्ण प्लाज़्मा मापदंडो में इलेक्ट्रॉन तापमान तथा घनत्व प्रवणता को संवाही सीमाओं के पार दीर्घ विस्तार विद्युत क्षेत्र प्रक्षेपित करके नियंत्रित किया जा सकता है। इसके संयुक्त प्रभाव से अस्थिरता उत्पन्न होती है, जिससे चुम्बकीय प्लाज़्मा पंक्ति में आवेशित कणों का असंगत परिवहन होता है। उपर्युक्त तथ्य आमतौर पर रेडियो आवृति एन्टिना तथा संलयन उपकरणों में विपथकों या सीमकों के लिए लागू होते हैं। इसलिए चुम्बकीय प्लाज़्मा में चुम्बकीय आच्छकों की व्यवस्थित जाँच अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अंतः प्लेटों पर सीमा प्रतिबंध प्लाज़्मा संतुलन को व्यापक रुप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे तथ्य की प्रयोगशाला में जाँच करने के लिए एपीपीईएल-संयंत्र एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। सेट-अप का एक प्रारुप वर्तमान में कार्य कर रहा है तथा चुम्बकीय प्लाज़्मा पंक्ति के साम्यावस्था गुणों पर बाहरी सीमा प्लेटों की भूमिका की जाँच के प्रति समर्पित है। पिछले वर्ष हमने अपनी मुख्य नैदानिक प्रणालियों को परिष्कृत एवं स्वचालित किया। एक स्वचालित रैखिक अन्वेषक- भरण युक्ति ड्राइव के संयोजन में एक स्वचालित लैग्म्यूर अन्वेषक स्टेशन विकसित किया गया है। साथ ही साथ एम. टेक परियोजना छात्रों द्वारा एक किफायती सूक्ष्म नियंत्रक आधारित ट्यून करने योग्य माइक्रोवेव स्रोत विकसित किया गया है। इन तकनीकों के आंतरिक विकास के कारण इन उपकरणों की लागत काफी कम हो गयी है, तथा परियोजना छात्रों को मूल्यवान प्रशिक्षण का अवसर मिला है। भारतीय खनि विद्यापीठ के इंटर्नशिप छात्रों ने पिछली गर्मियों में भौतिकी विज्ञान के प्रयोगों के लिए निष्ठापूर्ण योगदान दिया। इसके परिणाम 66वें गैसीय इलेक्ट्रॉनिक्स सम्मेलन, न्यू जर्सी में प्रस्तुत किए गये। यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, यू.के. तथा डबलिन सिटी यूनिवर्सिटी, आयरलैंड से आए अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों ने हमारी प्रयोगशाला का दौरा किया। रेडियो आवृति निस्सरण से संबंधित चुम्बकीय आच्छद भौतिकी के क्षेत्र में वैज्ञानिक सहयोग का प्रस्ताव चर्चा के अधीन है। साथ ही रेडियो आवृति आच्छदों के प्रयोगात्मक तथा अनुकरण अध्ययन पर एमबीपीएसआई संभाग भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त भारत-ताईवान परियोजना पर सहयोग करेगा।

A.3.13 प्लाज़्मा टॉर्च विकास गतिविधि

सतत संचालन के लिए पहले विकसित उच्च क्षमता वाली प्लाज़्मा टॉर्च को अधिक शक्ति (30kW तक) तक बढ़ाया गया। उच्च शक्ति स्रोत तथा ऊष्मा विनिमयक यंत्र के साथ मापक्रम नियम बनाने के लिए विस्तृत प्रयोग किये गये जिन्होंने शक्ति और बढ़ाने के लिये मार्ग प्रशस्त किया है। ऐसी प्लाज़्मा टॉर्च का विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों जैसे -स्प्रेइंग एवं कटिंग से लेकर सामग्रियों के वायु-तापीय परीक्षण में प्रयोग किया जाता है। इन टार्चों को उच्च विद्युत-तापीय दक्षता में द्रव्य गतिशीलता की भूमिका का पता लगाने के लिये प्लाज्मा टॉर्च के कम्प्यूटर मॉडल का इस्तेमाल किया गया। दूसरी और टार्च के कई वर्ग एवं विन्यास को अभिकल्पित, विकसित किया गया। मानदंड एवं मॉडल की सही ट्यूनिंग के लिए संचालित किया गया। इस मॉडल से टॉर्च डिज़ाइन चक्र के समय को कम करने में काफी मदद मिलेगी। सामयिक एवं अस्थायी गतिशीलता को समाविष्ट करके मॉडल को सुधारने के प्रयास जारी हैं। पूर्णतया आंतरिक सुविधाओं तथा तकनीकों के इस्तेमाल से बनाई गई लघु तापीय धारिता प्रोब का अभिकल्पन एवं विकास एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। प्लाज़्मा प्लूम के तापीय एवं प्रवाह प्राचलों को ज्ञात करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण नैदानिक है।

--!--

A.4. सैद्धान्तिक, मॉडलिंग एवं संगणात्मक प्लाज़्मा भौतिकी

मॉडलिंग एवं अनुकरण कार्यक्रम के लिए प्लाज़्मा भौतिकी को बहुत तीव्र संगणात्मक क्षमता की आवश्यकता है। संस्थान ने कई वर्षों में एक बहुमुखी संगणात्मक क्षमता विकसित की है। वर्तमान में निम्न शीर्षों के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है:

A.4.1 अरैखिक प्लाज़्मा अध्ययन एवं अनुकरण..... 31
A.4.2 लेसर प्लाज़्मा अध्ययन 31
A.4.3 डस्टी एवं/या जटिल प्लाज़्मा अध्ययन..... 32
A.4.4 संलयन प्लाज़्मा अध्ययन..... 33
A.4.5 वैश्विक जाइरो-गतिक अध्ययन..... 34
A.4.6 गैर-अनावेशित प्लाज़्मा अध्ययन..... 35
A.4.7 आण्विक गतिशीलता (एमडी) अनुकरण..... 35
A.4.8. मॉडलिंग एवं डेमो अध्ययन..... 36

A 4.1 अरैखिक प्लाज़्मा अध्ययन एवं अनुकरण

एक शीत चुंबकीय इलेक्ट्रॉन-पॉजीट्रॉन प्लाज़्मा में स्थिर वैद्युत विधाओं का प्रावस्था-मिश्रण: हमने एक द्रव विवरण में एक शीत चुंबकीय इलेक्ट्रॉन-पॉजीट्रॉन प्लाज़्मा स्थिर वैद्युत दोलनों के अंतरिक्ष-काल विकास का अध्ययन किया है। एक सरल क्षोभ तकनीक द्वारा तीसरे क्रम तक प्राप्त अरैखिक परिणाम, प्रावस्था चरण-मिश्रण एवं उससे उत्तेजित दोलनों के भंजन को दर्शाते हैं तथा प्रावस्था-मिश्रण काल के लिए एक अभिव्यक्ति को प्रदान करते हैं। यह दर्शाया गया कि परिवेशी चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में वृद्धि होने से प्रावस्था-मिश्रण काल में वृद्धि होती है। हमारी जांच के परिणाम खगोल भौतिकीय पर्यावरणों के साथ प्रयोगशाला प्रयोगों के लिए भी उपयुक्त होंगे।

पार्टिकल-इन-सेल अनुकरण का प्रयोग करके एक धारणीय युग्मित निस्सरण में अस्थिर वैद्युत् क्षेत्र का अध्ययन: एक रेडियो आवृत्ति धारणीय युग्मित प्लाज़्मा (आरएफ-सीसीपी) निस्सरणों में थोक प्लाज़्मा एवं शीथ एड्ज के बीच परिमित वैद्युत् क्षेत्र से युक्त अस्थिर क्षेत्र की उपस्थिति का विश्लेषणात्मक पूर्वानुमान कागनोविच द्वारा दर्ज किया गया। रैखिक क्षेत्र में अस्थिर चुम्बकीय क्षेत्र के अस्तित्व के लिए सैद्धांतिक पूर्वनुमान को जांचने के लिए हमने अर्द्ध-अपरिमित पार्टिकल इन सेल (पीआईसी) अनुकरण तकनीक का उपयोग किया है। यह पता चला है कि विश्लेषणात्मक मॉडल द्वारा परिणामों का जो पूर्वानुमान लगाया गया वह पीआईसी अनुकरण के परिणामों से अच्छी तरह तालमेल रखता है। रैखिक सिद्धांत, रैखिक से कमजोर अरैखिक क्षेत्र की ओर बढ़ने पर, अस्थिर वैद्युत् क्षेत्र को अनुमान से अधिक दर्शाता है। संक्रमण क्षेत्र एवं प्रावस्था मिश्रण क्षेत्र के विकास पर प्रयुक्त आरएफ विद्युत् धारा घनत्व एवं इलेक्ट्रॉन तापमान के प्रभाव का पता लगाया गया है।

A.4.2. लेसर प्लाज़्मा अध्ययन

लेसर स्पंद चालित स्व-अनुनादी कण त्वरण पर ध्रुवीकरण एवं केन्द्रिकरण का प्रभाव : गॉउसी आकार के कालिक आवरण से एक सीमित अवधि लेसर स्पंद का प्रयोग करके स्व-अनुनादी त्वरण योजना में एक कण की अंतिम ऊर्जा प्राप्ति पर लेसर ध्रुवीकरण एवं केन्द्रीकरण के प्रभाव का सैद्धांतिक रूप से अध्ययन किया गया। गतिशील चरों जैसे स्थिति, गति एवं ऊर्जा के लिए सटीक अभिव्यक्तियों को एक दीर्घवृत्तीय ध्रुवीकृत सीमित अवधि स्पंद एवं समांगी स्थिर अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र के संयुक्त क्षेत्र में कण गतिशीलता का वर्णन करती हुई गति के आपेक्षिकीय समीकरण का विश्लेषणात्मक रूप से समाधान देते हुए प्राप्त किया है। समाधानों से यह पता चला है कि लेसर प्राचलों के दिये गए एक सेट के लिए अर्थात् स्थिर चुंबकीय क्षेत्र के साथ तीव्रता एवं स्पंद लंबाई, एक धनात्मक रूप से आवेशित कण द्वारा प्राप्त ऊर्जा एक सही चक्राकार ध्रुवीत लेसर स्पंद के लिए अधिकतम है। कण त्वरण के लिए एक नई योजना को आगे प्रस्तावित किया है। केन्द्रित सीमित अवधि लेसर स्पंद तथा स्थैतिक अक्षीय चुम्बकीय क्षेत्र के मिश्रित क्षेत्र के अधीन कण उत्प्रेरण के लिए आगे एक नई योजना प्रस्तावित है। इस योजना में कण को प्रारंभ में केंद्रित लेसर क्षेत्र द्वारा त्वरित किया जाता

है, जो साइक्लोट्रॉन स्व-अनुनाद से अनुनादहीन कण को त्वरण की दूसरी अवस्था की ओर संचालित करते हैं। यह नई योजना दो अलग-अलग योजनाओं अर्थात् स्व-अनुनादी त्वरण एवं फोकसित लेसर क्षेत्र द्वारा प्रत्यक्ष त्वरण से अधिक सक्षम पाई गई है, क्योंकि महत्वपूर्ण कण त्वरण को स्थैतिक अक्षीय चुम्बकीय क्षेत्र तथा लेसर तीव्रता के एक क्रम कम मान पर प्राप्त किया जा सकता है।

साम्य घनत्व रिपल द्वारा बीम-वायबल अस्थिरता का स्थायीकरण: हम स्किन डेप्थ से भी छोटी, एक साम्य घनत्व रिपल के साथ पृष्ठभूमि प्लाज़्मा में संशोधन द्वारा काउंटर स्ट्रीमिंग इलेक्ट्रॉन पुँजों में अनुप्रस्थ विद्युत-चुंबकीय पुँज वायबल अस्थिरता का दमन/पूरा स्थायीकरण को प्राप्त करने का प्रस्ताव पेश करते हैं, जो ताप प्रभावों के अधीन अधिक छोटी हो जाती है। एक रैखिक दो स्ट्रीम द्रव मॉडल के आधार पर यह दर्शाया गया कि अनुप्रस्थ विद्युत् चुंबकीय अस्थायित्व की वृद्धि दर को शून्य मान तक कम किया जा सकता है यदि रिपल प्राचलों के लिए निश्चित सीमा के मान को अधिक किया गया हो। तीव्र इलेक्ट्रॉन बीम तथा लेसर प्रेरित तीव्र ज्वलन योजना, जहाँ बीम विचलन को कार्बन नैनो ट्यूब की सहायता से दबाया जाता है। उपर्युक्त योजना के लिए अभिन्न किरण परिवहन के अनवरत समान्तरण पर हाल में हुए प्रयोगात्मक अन्वेषण की हम अपने कार्य के साथ अनुकूलता पाते हैं।

लेसर किरणित बायो-प्लाज़्मा द्वारा अल्ट्रा-शॉट ठोस एक्स-रे (टीआईएफआर के साथ): पहले टीआईएफआर समूह ने यह प्रदर्शित किया था कि माईक्रोब (ई.कोली) के कुछ माइक्रोन-परत से युक्त लेसर किरणित जैविक लक्ष्य, सीमित लेसर तीव्रता पर चमकीली हार्ड एक्स-रे उत्सर्जनों (300 keV) का कारण बन सकता है। उसी समूह द्वारा आगे किए गए प्रयोगों में यह दर्शाया गया कि यदि ई.कोली को AgCl नैनो-कणों के साथ अपमिश्रण करें तो मात्र ई.कोली के मामले में तुलना करने पर एक्स-रे उत्सर्जन को 100 गुना आगे बढ़ाया जा सकता है। हमने में विद्युत् चुम्बकीय पार्टिकल इन सेल अनुकरणों द्वारा लक्ष्य के विभिन्न भागों के साथ (स्लैब, बैक्टिरिया एवं नैनो-कण) प्रायोगिक परिणामों को पुनःप्रस्तुत किया है।

सघन प्लाज़्मा के तहत प्रकाश तरंगों का अनियमित संघट्टनात्मक अवशोषण: जब लेसर फोटॉन ऊर्जा विशेष रूप से इलेक्ट्रॉन-आयन संघट्टनों के माध्यम से प्लाज़्मा कि ओर स्थानांतरित होती है तब संघटनात्मक अवशोषण होता है। इस स्थिति में लेसर अवशोषण के लिए इलेक्ट्रॉन-आयन संघट्टन आवृत्ति काम करती है। संघट्टन आवृत्ति के सरलतम पारंपरिक मॉडल में कूलम्ब लॉगरिथम नामक एक अंश शामिल है जिसे परंपरागत रूप से इलेक्ट्रॉन-पॉनडरोमोटिव वेग का स्वच्छंद माना गया है। इस परंपरागत मॉडल के अनुसार आवृत्ति और यही आंशिक लेसर अवशोषण लेसर स्पंद की शीर्ष तीव्रता के महत्वपूर्ण मूल्य तक लगभग स्थिर बना रहता है, और बाद में कम होता है जब शीर्ष तीव्रता महत्वपूर्ण मूल्य से परे होती है (प्लाज़्मा का तापमान चाहे जो हो)। हमारा सुझाव है कि जब एक मजबूत लेसर क्षेत्र लगाया जाता है, तब कूलम्ब लॉगरिथम कुल वेग पर निर्भर होना चाहिए, सिर्फ तापीय वेग पर नहीं। कुल वेग (तापीय वेग सहित पॉनडरोमोटिव वेग) निर्भर कूलम्ब लॉगरिथम के साथ कुछ तापमान <10-15~eV नीचे दिए है, यह पाया गया कि जब शीर्ष तीव्रता महत्वपूर्ण मूल्य से अधिक होती है तब आवृत्ति एवं अवशोषण परंपरागत कमी के बाद महत्वपूर्ण मूल्य के आसपास अधिकतम मूल्य तक साथ-साथ बढ़ते हैं। आंशिक अवशोषण बनाम लेसर तीव्रता की ऐसी गैर-पारंपरिक अनियमित भिन्नता पहले के कुछ प्रयोगों में पायी गई थी, लेकिन इस पर अब तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। इस कार्य में हम संशोधित कूलम्ब लॉगरिथम पर विचार करते हैं, जो उन प्रयोगात्मक प्रेक्षणों को स्पष्ट कर सकता हैं। बढ़ रहे तापमान (उदाहरण 30 eV पर) एवं घनत्व के साथ यह अनियमित व्यवहार संशोधित कूलम्ब लॉगरिथम के साथ भी समाप्त होते पाया गया है तथा आवृत्ति एवं अवशोषण की भिन्नता तीव्रता के साथ पारंपरिक परिदृश्य के निकट है।

A.4.3 डस्टी एवं/या जटिल प्लाज़्मा अध्ययन

डस्टी प्लाज़्मा में वाष्प-द्रव प्रावस्था संक्रमण परिघटना का अध्ययन: डस्टी प्लाज़्मा में प्रावस्था संक्रमण की परिघटना ने पिछले समय से थोड़ा ध्यान आकर्षित किया है। आण्विक गतिक अनुकरण का उपयोग करके डस्टी प्लाज़्मा में द्रव से ठोस (एलएस) संक्रमण के अस्तित्व को प्रदर्शित किया है, जहाँ धूल (डस्ट) कण युकावा विभव के माध्यम से परस्पर प्रभावित होते हैं। यद्यपि ऐसी पद्धति में वाष्प-द्रव (वीएल) संक्रमण के अस्तित्व का प्रश्न निरूत्तर रह जाता है और अपेक्षाकृत अब तक अज्ञात है। हमने इस प्रकार के संक्रमण को देखने के लिए एक बृहद श्रेणी पर व्यापक आण्विक गतिशील (एमडी) अनुकरणों के प्रदर्शन द्वारा इस समस्या का अन्वेषण किया। हमारे परिणाम दर्शातें हैं कि वीएल संक्रमण में युकावा स्क्रीनिंग प्राचल κ तथा कूलम्ब युगमन प्राचल Γ की बृहद श्रेणी के लिए दाब बनाम आयाम आरेख में महत्वपूर्ण वक्र नहीं है। इस प्रकार वीएल प्रावस्था संक्रमण को फारॉकी एवं हामागुची के डस्टी प्लाज़्मा मॉडल में एक निरंतर संक्रमण पाया गया है। हम आगे एक सरल मॉडल के माध्यम से इस निष्कर्ष का एक अनुमानित विश्लेषणात्मक स्पष्टीकरण प्रदान कर रहे हैं।

डस्टी प्लाज़्मा में जटिल डस्ट गतिशीलता के अध्ययन: प्लाज्मा में लटके हुए बहुत अधिक आवेशित छोटे डस्ट कणों की व्यवस्था, जो कि आसानी से सरल प्रयोगशाला मे अनवरित हो सकती है, अकसर विविध द्रव्य अवस्था, जिसका क्षेत्र कमजोर से दृढ युग्मित द्रव, जो कि सामूहिक लहर प्रसार, क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय ठोस और यहाँ तक

की लसीले-लचीले पदार्थ को समर्थन देता है, के सहधर्मी गुण प्रदर्शित करती है। डस्टी प्लाज़्मा में प्रयोगात्मक प्रेक्षणों द्वारा प्रेरित हुए हाल ही के अध्ययनों में, स्वयं-संगठित हॉलो डस्ट प्रवाह पैटर्न के गठन का विश्लेषण कर रहे हैं तथा क्लस्टर से बनने वाले धूल के कणों की कक्षा अस्थिरता को स्ट्रीमिंग आयनों के अपरुपित प्रवाह द्वारा संचालित कर पता लगाया है जो स्वयं-संगठित डस्ट प्रवाह में परिणामस्वरूप है। डस्ट संरचनाओं के पीछे की क्रियाविधि, बृहद संख्या में पारस्परिक तत्वों की स्वशासी प्रणालियों की गतिशीलता का अनुसरण, प्रकृति में विभिन्न मूलभूत भौतिक प्रक्रियाओं के लिए प्रासंगिक है।

डस्टी प्लाज़्मा की सामान्यीकृत द्रवगतिशीलता एवं आण्विक गतिशीलता अनुकरण: डस्टी प्लाज़्मा आम तौर पर इलेक्ट्रॉन, आयन एवं अधिक आवेशित एवं भारी माइक्रोन आकार के डस्ट कणों का समूह है। डस्ट कणों के बीच मजबूत युग्मन के कारण पदार्थ की तीनों अवस्थाओं में अधिक डस्ट आवेश के साथ डस्ट कणों का सामूहिक प्रभाव आसानी से पाया जा सकता है। हमारे पिछले अध्ययनों में हमने केल्विन-हेल्मोट्ज (केएच) अस्थिरता, एकमात्र सुसंगत संरचनाएँ आदि जैसे विभिन्न अरैखिक परिघटना का वर्णन करने के लिए डस्टी प्लाज़्मा के जीएच विवरण का उपयोग किया था। इस वर्ष हमने डस्टी प्लाज़्मा में इलास्टिक प्रक्षोभ की प्रकृति का अध्ययन करने के लिए जीएच मॉडल का उपयोग किया तथा पॉलिमर्स एवं अन्य विस्को-इलास्टिक तरल पदार्थों के साथ इसकी समानता खोजने के लिए आगे अध्ययन किया। यह मानते हुए कि युकावा विभव के माध्यम से वे एक दूसरे से प्रभावित होते हैं, हमने डस्टी प्लाज़्मा अध्ययन के लिए पार्टिकल(कण) मॉडल का भी उपयोग किया। केएच अस्थिरता, अपरुपण तरंग संचरण, वॉरटेक्स विकास आदि का अध्ययन करने के लिए आण्विक गतिशीलता (एमडी) अनुकरणों को क्रियान्वित किया गया है। जीएच मॉडल एवं एमडी दृष्टिकोण का उपयोग कर कुछ सामूहिक परिघटना की तुलना करके डस्टी प्लाज़्मा के सही प्रतिनिधित्व के बारे में कुछ समझ विकसित की गई।

डेबरिस चार्जिंग: आयनमंडल में कचरे की बढ़ती संख्या ने भविष्य के अंतरिक्षयान/सेटेलाइट कार्यक्रमों के समक्ष एक भारी समस्या को खड़ा कर दिया है। आयनमंडल प्लाज़्मा के कारण आवेशित होता यह गतिमान कचरा अन्य अंतरिक्ष पिण्डों के साथ मजबूत स्थिर वैद्युत् बल के माध्यम से प्रभावित हो सकता है। हमने एसपीआईएस खुला स्रोत स्थिर वैद्युत् पीआईसी कोड का उपयोग करके आयनमण्डल में अंतरिक्ष कचरे की चार्जिंग करने का अध्ययन करने के लिए पार्टिकल इन सेल अनुकरणों को क्रियान्वित किया है।

सामान्यीकृत द्रवगतिकी मॉडल का उपयोग करके दृढ़ता से युग्मित 2डी द्रवों में कोलमोगोरोव प्रवाह का अध्ययन: विसोइलास्टिक तथा द्रवगतिक द्रवों का प्रयोग करके दृढ़ता से युग्मित डस्टी प्लाज़्मा में अपरूपण प्रवाह के एक विशेष वर्ग अर्थात् कोलमोगोरोव प्रवाह, उसकी अस्थिरता एवं संक्रणात्मक व्यवहार का पता लगाने के लिए एक स्यूडो-स्पैक्ट्रल कोड, जो पूर्ण अरैखिक समीकरणों का समाधान करता है, को विकसित किया गया है। गणना की इस सटीकता को आइगन मान समस्या के लिए बेंचमार्किंग द्वारा सत्यापित किया गया है। कई रोचक विशेषताएं प्राप्त की जा रही है। (1) रेनॉल्ड संख्या के महत्वपूर्ण मान से लेमिनार प्रवाह से प्रक्षुब्ध प्रवाह का संक्रमण। (2) स्यूदो स्पैक्ट्रल कोड से निकली विकास दर इगन मान सॉल्वर के बहुत निकट है। (3) रेनॉल्ड्स संख्या से कम महत्वपूर्ण मान के विकास दर की प्रकृति को परंपरागत द्रव से विसोइलासिटक द्रव में विभिन्न प्रकृति में प्राप्त किया है।

A.4.4 संलयन प्लाज़्मा अध्ययन

टोकामक एसएसटी-1 के चरण-1 प्रचालनों के लिए स्क्रेप-ऑफ लेअर का 2-विमीय प्रागुकित कंप्यूटर अनुकरण: स्थिर-अवस्था अतिचालक टोकामक (एसएसटी-1) के स्क्रेप-ऑफ लेअर (एसओएल) क्षेत्र में युग्मित प्लाज़्मा एवं तटस्थ परिवहन का संगणात्मक विश्लेषण, द्वि-शून्य डायवर्टर प्लाज़्मा प्रचालनों के चरण-1 के लिए एसओएलपीएस का उपयोग करके किया गया। युक्त में चुंबक-द्रवगतिकी (एमएचडी) डी आकार, चर विस्तार एवं परिमित त्रिकोणीयता के साथ प्लाज़्मा साम्यता में विपथित प्लाज़्मा है। प्लाज़्मा प्राचलों के अनुकूलतम सेट को कण एवं शक्ति निकास पर प्रभावशाली नियंत्रण प्राप्त करने के मुख्य उद्देश्य के साथ प्रथम चरण के प्रचालनों के लिए संगणात्मक रूप से पता किया है। जबकि प्लाज़्मा प्रजाति के परिवहन को कोड B2.5 में बहु प्लाज़्मा प्रजातियों के लिए एक तरल मॉडल का प्रयोग करके उपचारित किया है, टोकामक के एक सापेक्षिक ज्यामिति में अनावेशित कण परिवहन के लिए ईआईआरईएनई कोड द्वारा एक पूर्ण गतिक विवरण को प्रदान किया है। प्लाज़्मा के प्रचालन के लिए नियंत्रण के बाहरी माध्यम की स्थितियों में, जैसे सक्रिय गैस पफिंग, ऐसे क्षेत्रों का पता लगाने के लिए विश्लेषित किया गया, जहां प्लाज़्मा प्रचालन का प्रभावी नियंत्रण, एसओएल प्लाज़्मा स्थितियों को तापन शक्तियों की श्रृंखला में नियंत्रित करके किया जा सके। वांछित सेपाराट्रिक घनत्व के लिए चर निविष्ट शक्ति एवं निम्न संकर धारा प्रवाह (एलएचसीडी) के साथ हमारा एसओएल प्लाज़्मा का संगणात्मक अभिलक्षण यह इंगित करता है कि डायवर्टर लक्ष्यों पर तापमान में कमी एवं शीर्ष ताप प्रवाह उत्पादन, उच्च पुनःचक्रण प्रचालनों के लिए उपयोगी होगा। यह इंगित करता है कि कोर प्लाज़्मा घनत्व एवं तापमान का नियंत्रण प्राप्त किया जा सकेगा। गतिक अनावेशित परिवहन कोड ईआईआरईएनई का उपयोग करके एक शक्ति संतुलन विश्लेषण किया गया, लक्ष्यों की सापेक्ष शक्ति लोडिंग के लिए मात्रात्मक अनुमान तथा शेष प्लाज़्मा मुखित घटकों के

लिए प्रदान करते हुए, लक्ष्य के लिए डायवर्ट होती हुई कुल शक्ति का लगभग 60-75 % इंगित करता है।

इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता मोड: हमने अनुमान लगाया कि टोकामक में प्लाज़्मा विद्युत् धारा ड्राइव को सहायता देने वाले विभिन्न ज्ञात स्रोतों (ओमिक तापन, बूटस्ट्रैप करंट, रेडियो आवृत्ति तापन आदि) के अलावा टोकामक पेडेस्टल क्षेत्र में तेज प्रवणता के कारण अन्य स्रोत अर्थात् इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता (ईटीजी) विधा भी उपस्थित हो सकता है। टोकामक विद्युत धारा में ईटीजी प्रक्षोभ संचालित विद्युत धारा के योगदान का अनुमान एवं गणना करने के लिए हमने एक रीतिवाद प्रस्तुत किया है।

साम्य अपरुपण प्रवाह सहित विदारण विधा का अध्ययन: डीआईआईआईडी, एएसडीईएक्स आदि के हाल के प्रयोगात्मक प्रेक्षणों की सही सैद्धांतिक समझ पर कार्य क्रियान्वित किया गया, जो एनटीएम के उत्तेजन एवं विकास पर प्लाज़्मा घूर्णन के मजबूत प्रभाव को दिखाता है। यह कार्य आईटीपीए एमएचडी सामयिक समूह की संयुक्त गतिविधि का एक भाग है। हाल ही के डीआईआईआई-डी प्रयोगों ने CO एवं काउंटर टोरोइडल प्रवाह के लिए एनटीएम प्रभावसीमा में विषमता दर्शाई है, जो एक अनसुलझा मुद्दा बना हुआ है। आयन एवं इलेक्ट्रॉन (सीयूटीआईई) कोड के कुल्हम ट्रांसपोर्टर का प्रयोग करके जो दो द्रव आरंभिक मूल्य अरैखिक वैश्विक कोड है। आरंभिक सीयूटीआईई के परिणाम यह सुझाव देते हैं कि दो द्रव के प्रभाव सामान्यत: पोलोइडल एमएचडी प्रवाहों की तरह व्यवहार करते हैं तथा अक्षीय प्रवाहों की अनुपस्थिति में स्थिर हो जाते हैं। जब अक्षीय प्रवाह उपस्थित होता है, तब ऋणात्मक प्रवाह अपरुपण के लिए दो-द्रव प्रभाव एकल-द्रव सिद्धांत के सापेक्ष को अस्थिर कर रहे हैं। वे धनात्मक अक्षीय प्रवाह अपरुपण के लिए स्थिर होते हैं। इसलिए दो द्रव प्रभाव समरूपता तोड़ सकते हैं, जैसा प्रयोग में दिखाया है।

अनुनाद चुंबकीय क्षोभों के साथ एड्ज स्थानीकृत मोड का अध्ययन: अनुनाद चुम्बकीय क्षोभों (आरएमपी) की गतिशीलता एवं ईएलएम का नियंत्रण समझने के लिए कार्य किया जा रहा है। यह कार्य जेईटी आरएमपी गणना के लिए उपयोगी माना जाता है। सीयूटीआईई कोड का उपयोग करके एक n=2 स्थैतिक बाहरी चुम्बकीय क्षोभों को सभी m मानों के लिए भित्ती पर लगाया गया, क्योंकि m=4 n=1 क्षोभों का ईएलएम पर कोई प्रभाव नहीं है। इस तरह आरएमपी, ईएलएम को कम करने के लिए प्रभावी लग रहा है। पुनरावृत्त ईएलएम के प्रेक्षण, जो अन्यथा संख्यात्मक अनुकरण में बहुत दुर्लभ है, चूंकि आरएमपी, ईएलएम आवृत्ति एवं आयाम को कैसे बदल सकता है यह समझाने में काफी मददगार है। ईएलएम पर पेलेट एवं टोरोइडल घूर्णन का भी मजबूत प्रभाव है।

टोकामकों में एड्ज-पीलिंग बलूनिंग मोड: BOUT++ कोड का उपयोग करके टोकामक प्लाज़्मा ज्यामिति में पीलिंग बलूनिंग अस्थिरता (ईएलएम-पीबी) की उपस्थिति में तीन विमीय (3डी) एड्ज स्थानीकृत मोड का अध्ययन किया गया। रैखिक वृद्धि दर और उसके ईगन मोड का अध्ययन किया गया एवं ELITE परिणामों के साथ तुलना की गई। हाईपर-प्रतिरोधक प्रेरित अव्यवस्थित चुम्बकीय क्षेत्र को अरैखिक रूप से संतृप्त प्रावस्था में पाया गया। ईएलएम-पीबी को अनुनाद चुम्बकीय क्षेत्र क्षोभ (आरएमपी) एवं प्रवाहों की उपस्थिति में स्थिर कर दिया गया। ईएलएम-पीबी क्रैश दरों को अनुरूप बनाने के लिए एक बाहरी तापन स्रोत के प्रभाव का अध्ययन किया गया । रैखिक अवस्था एवं अरैखिक अवस्था के आरंभ में भी कुछ परिणामों को एक संगोष्ठी में प्रस्तुत किया गया । स्रोत टोकामक प्लाज़्मा के भीतरी क्षेत्रों में मध्यम दाब को बढ़ाता है तथा कुछ ईगन मोड को उत्पन्न करता है। प्रवाहों की उपस्थिति में ये मोड लंबे समय तक रहते हैं। बिना प्रवाहों (स्रोत सहित) की स्थिति की तुलना में स्रोत एवं प्रवाहों से ईएलएम चौड़ाई एवं ईएलएम ऊर्जा क्षति को कम परिमाणों में पाया गया।

मजबूती से युग्मित प्लाज़्मा में द्रवगतिक परिवहन गुणांक एवं ग्लास गठन: आण्विक गतिकी अनुकरण का प्रयोग करके एक मॉडल में मजबूती से युग्मित डस्टी प्लाज़्मा तरल में द्रवगतिक परविहन गुणांकों के एटोमिस्टिक मूल पर जांच की जा रही है। इसी समान ग्लास गठन युकावा प्रणालियों एवं ग्लास संक्रमण अध्ययनों में अपरुपण स्थानीकरण के अध्ययन की जांच की जा रही है। आकारहीन ठोस पदार्थों में अपरुपण नरमी के लिए एक क्रियाविधि के रूप में 3डी- परकोलेटिंग प्लास्टिक फेलियर पर कार्य को लिखा गया और अभी समीक्षाधीन है।

A.4.5. वैश्विक जाइरो-गतिक अध्ययन

बृहद अभिमुखता अनुपात टोकामकों में माइक्रोटियरिंग मोड के जाइरोगतिक अनुकरण: बृहद अभिमुखता अनुपात टोकामकों के लिए जाइरोगतिक गणनाओं ने अस्थिर माइक्रो-टियरिंग मोड के अस्तित्व को प्रकट किया है, जो पहले पूरी तरह से संघट्टन-रहित, उच्च तापमान प्लाज़्मा में स्थिर समझे जाते थे। अस्थिरता का पता करने के आरंभ से निम्न n मानों पर गहन अध्ययनों ने n=23 के उच्च-n मानों पर उच्चतम रैखिक वृद्धि दर को प्रकट किया है। इलेक्ट्रॉन तापमान से आ रही मुक्त ऊर्जा तथा A-समानांतर की भी समता, विधा को माइक्रो-टियरिंग मोड के रूप में पहचानती है। स्थिर वैद्युत् विभव उच्चावचनों के लिए एमटीएम चुंबकीय सदिश विभव का प्रारूपी लंबाई स्केल इलेक्ट्रॉन लारमॉर त्रिज्य स्केल के महत्वपूर्ण योगदान से सब-आयन-लारमॉर त्रिज्या हैं और केवल त्रिज्य ग्रिड बिन्दु एवं पोलोइडल हार्मोनिक की बृहद संख्या से हल किया जा सकता है। परमाणु ऊर्जा विभाग के ग्रिड के माध्यम से आईपीआर एवं उत्कर्ष एचपीसी में नये कमीशन

किए गए उद्भव एचपीसी क्लस्टर के लिए पोर्टिंग ने लगभग 1TB RAM तथा 40 सीपीयु कोरस प्रति रन की संगणात्मक अवश्यकता सहित माइक्रो-टियरिंग अस्थिरता के इन उच्च विभेदन जाइरो-गतिक अनुकरणों को सक्षम किया है। पूर्ण जाइरो-गतिक अधिक गुजर रहे आयनों एवं इलेक्ट्रॉनों को ध्यान में रखते हुए पोलोइडल विधा के पूर्ण त्रिज्य युग्मन से संघट्टनरहित मोड की वैश्विक 2-डी संरचनाओं को प्राप्त किया है। गुजर रहे इलेक्ट्रॉन समूह के इलेक्ट्रॉन चुंबकीय अपवाह अनुनाद को मुख्य संघट्टन-रहित अस्थिर तंत्र के रूप में दिखाया गया है। विधा, प्लाज्मा बीटा के साथ एक दिष्टता से बढ़ता है एवं जैसा कि चुम्बकीय सदिश विभव तथा स्थैतिक विभव के अस्थिर परिमाण के अनुपात से देखा गया है, यह काफी विद्युत चुम्बकीय है। विभिन्न प्लाज्मा बीटा मान को बारिकी से देखने पर, यह तापीय ढ़ाल लम्ब पैमाना तथा प्लाज्मा बीटा में व्युत्क्रम संबंध दर्शाता है, जिसका अर्थ यह है कि विधा, बृह आकार अनुपात टोकामक में सीमित बीटा प्लाज्मा के लिए मध्यम से सुदृढ़ तापीय ढ़ाल पर मौजूद हो सकता है। वास्तविक आवृत्ति प्लाज़्मा बीटा एवं ईटा पर एक स्पष्ट और सुदृढ़ निर्भरता दर्शाती है और उसके साथ बढ़ जाती है। यह दूसरों के द्वारा स्थानीय-प्रवाह नलिका गणनाओं से पाये गये लगभग निरंतर मूल्य के विपरीत है। n-स्कैन एवं बीटा स्कैन से प्राप्त रैखिक वृद्धि दर यह दर्शातें हैं कि यदि ट्रैप किए गए इलेक्ट्रॉनों कि उपेक्षा करते हैं तो गतिक बलूनिंग विधा की तुलना में एमटीएम अधिक अस्थिर होता है।

A.4.6. गैर-अनावेशित प्लाज़्मा अध्ययन

शुद्ध इलेक्ट्रॉन एवं शुद्ध आयन प्लाज्माओं का अध्ययन: गैर-अनावेशित प्लाज़्मा की भौतिकी का पता लगाने के लिए 1डी, 2डी एवं 3डी पार्टिकल-इन-सेल कोड के एक सूट को विकसित किया गया है। अप्रैल 2013 में निम्नलिखित सुधार किए गए: a) कोड ओपन-एमपी कणों से अधिक समानांतरित था। b) बाद में पॉयसन सॉल्वर अधिक समानांतरित था। c) यह अनुभव किया गया कि कोड को पूरी तरह बेंच मार्क करने के लिए 2डी क्रॉस सेक्शन की सीमा भित्तियों को गोलाकार किया जाना है, क्योंकि लगभग बेंच-मार्किंग-मानदण्ड के प्रकाशन इस ज्यामिति पर आधारित हैं। इसलिए r-थिटा के लिए कोड के कार्तीय X-Y ज्यामिति में परिवर्तन किए बिना विभिन्न अभिमुखता अनुपातों से आयताकार एवं गोलाकार सीमाओं के बीच स्विच करने के लिए कोड को मैनोउवरेबल किया गया था। d) यह तथ्य है कि वही कोड अब वृत्ताकार और आयताकार सी.एस, के साथ बेलनाकार ज्यामिति के साथ टोरोइडल ज्यामिति के लिए लागू किया जा सकता है एवं यह तथ्य है कि इसमें पूर्ण गतिशीलता संस्करण के साथ मार्गदर्शन केन्द्र गति अनुमानित संस्करणों ने अनुसंधान के कुछ नए रास्ते खोल दिए हैं, जो वर्तमान में अपनाए जा रहे हैं। e) बेलनाकार ज्यामिति में कई मानदण्डों के विश्लेषणात्मक परिमाणों का प्रयोग करके कोड को बेंच मार्क किया गया। उपर्युक्त उल्लिखित अवधि की सभी अवस्थाओं के दौरान भौतिकी से संबंधित प्रपत्रों एवं अन्य संसाधनों का अध्ययन किया गया एवं उपयोगी सिद्धांतों को प्रलेखित किया गया। निम्नलिखित रोचक मानदण्ड अध्ययनों को निष्पादित किया गया: a) स्थानिक लैंडाऊ डैम्पिंग, क्वासीमोड, वॉरटेक्स मर्जिंग, वॉरटेक्स क्रिस्टल आदि पर ध्यान देते हुए इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा का उपयोग करके 2डी इयूलर तरलों की वॉरटेक्स गतिशीलता पर अध्ययन एवं अनुकरण। b) ब्रिलोउइन सीमा के करीब 2डी इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा पर अध्ययन एवं अनुकरण। इस सीमा में विभिन्न प्रालेखों के डायोकोट्रॉन मोड की विसंगत वृद्धि पर ध्यान देते हुए। इस शक्तिशाली उपकरण का उपयोग कर उच्च ब्रिलोउइन सीमा पर सीमित जड़ता के प्रभाव की नई भौतिकी समस्या का पता लगाया गया जो जड़ता संचालित त्रिज्य दोलनों एवं अरैखिक विश्रांति में हुई।

A.4.7 आण्विक गतिशीलता (एमडी) अनुकरण

गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के अंतर्गत दृढ़ता से युग्मित प्लाज़्मा - एक आण्विक गतिशीलता अध्ययन: 2डी आण्विक गतिशीलता (एमडी) अनुकरण का उपयोग करके गुरुत्वीय रूप से संतुलित किये गये युकावा द्रव के संतुलन एवं गतिशीलता गुणों की जांच की गई। यह पाया गया कि गुरुत्वाकर्षण द्वारा एक दिशा में असममिति शुरू होने से कई रोचक विशेषताएँ दृष्टिगोचर होती है। उदाहरण के लिए युग्मन प्राचल Γ, स्क्रीनिंग प्राचल κ के दिए गए मान के लिए, एवं गुरुत्वाकर्षण बल g (मान लो y-दिशा में) के चयन किए गए मान के अनुसार, प्रणाली सुपर-, sub+ या सामान्य विसरण प्रदर्शित करने के लिए देखी जाती है। यह रुचिकर बात है कि, X औसत सघनता प्रालेख, एक बैराट्रापिक तरल के विपरीत, तीव्र, पुष्ट मुक्त और मान मुक्त रेखीय Y-निर्भरता को प्राप्त करता है। जैसे की मैक्रोस्कोपिक प्रवणताओं से युक्त प्रणाली के लिए यह अपेक्षा की जा सकती है कि ग्रीन-क्युबो रीतिवाद से गणना किए गए स्व-विसरण, आइन्स्टाइन-स्मोलुचोस्वोकी विसरण से प्राप्त हुए से सहमत नहीं है। एक 2 डी कोणीय-त्रिज्य जोड सहसंबंध फलन $g(r, \theta)$ स्पष्ट रूप से गुरुत्व द्वारा प्रेरित असममित विशेषताओं को इंगित करता है। y-दिशा में संपीडन के कारण, यद्यपि तरल अवस्था में गुरुत्व के सभी मानों को लिया गया, अनुप्रस्थ विधा को अनुदैर्ध्य विधा की अपेक्षा अधिक प्रबल पाया गया, जिससे एक नवीन एनिसोट्रोपिक ठोस-सदृश्य युकावा तरल की प्राप्ति हुई।

युगल-आयन प्लाज़्मा का आण्विक गतिशीलता अध्ययन-अतिक्रांतिक क्षेत्र में प्रावस्था संक्रमण एवं परिवहन: नम्र कोर के साथ मजबूती से युग्मित युगल-आयन प्लाज़्मा के साम्य गुणों एवं प्रावस्था संक्रमण की जांच की गई है। विस्तृत आण्विक गतिशीलता (एमडी) अनुकरणों को विभिन्न तापमानों पर ऐसे प्लाज्माओं पर प्रावस्था स्थिरता का विश्लेषण करने के लिए क्रियान्वित किया जाता है। ऐसी प्रणाली की भौतिकी को समझने के लिए युगल-सहसंबंध फलन, स्व-विसरण गुणांक, वेग स्वसहसंबंध फलन, दाब टेन्सर स्वसहसंबंध फलन एवं ताप फ्लक्स सहसंबंध फलन जैसी नैदानिकी तकनीकियों की

भी जांच की गई। यह अध्ययन तरल-सदृश एवं वाष्प-सदृश प्रावस्था के बीच रोचक प्रावस्था सह-अस्तित्व दर्शाता है। इसे और समतुल्य क्रांतिक गुणों को एमडी अनुकरण से सीधे गणना की गई है और इसके परिणाम क्रांतिक बिन्दु के अस्तित्व को स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं। युगल-आयन प्लाज़्मा में वाष्प-तरल चरण सह-अस्तित्व बिन्दुओं का पता लगाने के लिए तापमान शमन आण्विक गतिशीलता पद्धति की भी गणना की गई, जिसके द्वारा एनवीटी परीस्थितियों के तहत एकल प्रावस्था को संतुलित करके और बाद में प्रणाली को दो-प्रावस्था क्षेत्र में शमन करके यह स्वाभाविक रूप से दो एक साथ प्रावस्थाओं में अलग हो जाएगा।

A.4.8. मॉडलिंग एवं डेमो अध्ययन

आदित्य एवं एसएसटी-1 से संबंधित मॉडलिंग गतिविधियाँ: उन्नत आदित्य के लिए डायवर्टर संतुलन को भीतरी बोर्ड की ओर रखी गई अतिरिक्त कॉयलों के साथ निर्मित किया गया है। ये कॉयल ऊपर से नीचे सिमिट्रिक है तथा डायवर्टर विन्यास बनाने के लिए इसे लगभग 150 kA वहन करना होता है। बाहरी बोर्ड की ओर दो और कॉयलें हैं, जो प्लाज़्मा को त्रिज्य रूप में बड़ा करने में उपयोगी होंगी। इन कॉयलों की आवश्यकताओं को निर्धारित करने के लिए इन विन्यासों का लचीलापन देखने के लिए एक अध्ययन क्रियान्वित किया गया। एसएसटी-1 टोकामक अब प्रचालनरत है एवं रोज 40-50 kA की विद्युत् धारा के साथ प्लाज़्मा उत्पन्न करता है। जैसे कि यह परिकल्पना की गई है कि एसएसटी-1 प्रचालन में अगला कदम डायवर्टर प्लाज़्मा को उत्पन्न करना है। उन्नत डायवर्टर की परिकल्पना में X-डायवर्टर एक है, जो अब तक प्रयोगात्मक रूप से सिद्ध नहीं हुआ है। एसएसटी-1 के मानक डायवर्टर के मौजूदा डायवर्टर लक्ष्यों को परिवर्तित किए बिना एसएसटी-1 के लिए X-डायवर्टर संतुलन का निर्माण करने का प्रयास किया है। इसमें अतिरिक्त कॉयल की आवश्यकता है। जिसके लिए एसएसटी-1 की सक्रिय फीडबैक कॉयल का उपयोग कर सकते हैं। निम्न चित्र एसएसटी-1 के लिए ऐसे विन्यास को दर्शाता है। द्वितीय हार्मोनिक आईसीआरएच परिदृश्यों का निष्पादन का अध्ययन टोरिक कोड के साथ किया गया। प्रारूपी आदित्य शॉट #20685 के लिए अनुकरण दर्शाता है कि आयनों के लिए युग्मित शक्ति लगभग 35% है एवं शेष द्रुत तरंग डैम्पिंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनों से युग्मित है। एसएसटी-1 के एल-मोड प्लाज़्मा में आयन साइक्लोट्रॉन आवृत्ति प्रसार में द्रुत तरंग अवशोषण परिदृश्यों पर अध्ययन क्रियान्वित किया गया। इस अध्ययन में विभिन्न अल्पसंख्यक प्रजातियों एवं प्लाज़्मा आयन प्रजातियों पर विचार किया गया। यह पाया गया कि 2% के अल्पसंख्यक हाईड्रोजन आयनों से हीलियम प्लाज़्मा ने रेडियो आवृत्ति तरंग का अच्छा युग्मन दिखाया है और यह एसएसटी-1 परिदृश्य ईटर हीलियम निस्सरण के लिए प्रासंगिक है, जो मुख्य रूप से ईटर में एच-विधा प्रचालन प्राप्त करने के उद्देश्य से है। यह चित्र इस परिदृश्य की सतह औसत पोइन्टिंग फ्लक्स प्रोफाइल को दर्शाता है।

संलयन रिएक्टर अभिकल्पन गतिविधि: 0-d रिएक्टर भौतिक अभिकल्पन कोड स्पैक्ट्रा को स्थिर अवस्था प्रचालन में हीलियम संकेंद्रण के स्व-सुसंगत आकलन, सिंक्रोंट्रॉन विकिरण एवं दो संभव अशुद्धियों तथा शक्ति संतुलन पर उनके प्रभाव के समावेश से वर्धित किया गया है। इसने प्रकाशित परिणामों को अधिकतर पुनःप्रकाशित किया एवं यह रिएक्टर अभिकल्पन उपकरणों के आईएईए बेंचमार्किंग सत्र में भाग लेने के लिए उपयोगी रहा। इस गतिविधि में लगभग ईटर के 6 भागीदार कोड की भी तुलना की गई। इसके लिए एक तराशे हुए रिएक्टर नमूने को लिया गया एवं सभी कोड को सीमा के भीतर पाया गया। विद्युत् चालन दक्षता, अशुद्धता विकल्प, डायवर्टर विकल्प, चुम्बकों की विस्तृत मॉडलिंग आदि जैसे कुछ विशिष्ट विकल्प इन कोड के मध्य अंतर लाते हैं। एक प्रारूपी डेमो रिएक्टर के लिए ज्यामितिक प्राचलों एवं प्लाज़्मा प्राचलों की तुलना को यहां दिखाया गया है। पोलोइडल प्रालेख या टोरोइडल क्षेत्र (टीएफ) कॉयल का आकार, रिएक्टर के आकार को तय करने के लिए महत्वपूर्ण है एवं इसे टीएफ कॉयल के बंकन आघूर्ण मुक्त का उपयोग करके प्राप्त किया जा सकता है। यह ईटर सदृश्य चुम्बकों के लिए प्रयोग किया गया एवं सत्यापित किया गया। यह पद्धति एसएसटी-2 जैसे मध्यम आकार की आकृति प्राप्त करने के लिए उपयोगी है। इसके सीएडी मॉडलिंग को दिया गया और बाद में इस प्रकार के अभिकल्पन उपकरणों को एकीकृत करने के लिए बने ग्राफिकल यूज़र इंटरफेस (जीयूआई) के लिए विश्लेषित किया गया ताकि इसे समेकित रूप से चलाया जा सके। प्रारंभिक जीयूसी न्युट्रॉनिकी गणनाओं के लिए 0-d रिएक्टर भौतिकी कोड, टीएफ आकृति कोड का युगमन एवं इनपुट फाइल का संशोधन करने में सीमित सक्षम है। इस जीयूआई के स्क्रीन-शॉट यहाँ दिखाए गए हैं।

एचपीसी क्लस्टर "उद्भव": उद्भव नाम के 5.2 टी फ्लॉप्स के एचपीसी क्लस्टर को प्राप्त किया गया एवं कमीशन किया गया। यह दिसम्बर 2013 से प्रचालनरत है एवं फरवरी 2014 से उपयोगकर्ताओं को अभिगम्यता दे रहा है। इसमें नौ नोड्स हैं और प्रत्येक नोड में 32 कोर निहित है। प्रत्येक कोर की RAM 8 Gb है तथा प्रत्येक नोड लगभग 256 Gb RAM प्रदान कर सकता है। उद्भव में कोरों की कुल संख्या लगभग 320 है जिसमें से लगभग 288 कोरों को उपयोगकर्ता एक्सेस कर सकते हैं। प्रोसेसर का विकल्प ऐसा है कि यह एक चक्र में 4 फ्लोटिंग पॉइन्ट प्रचालन दे सकता है और इसे संगणात्मक उद्देश्य के लिए सक्षम बनाता है। आईपीआर के सिद्धांत समूह के लगभग 20 उपयोगकर्ता वर्तमान में इसका उपयोग कर रहे हैं और वे उद्भव की पूर्ण क्षमता का लाभ उठा चुके हैं। उद्भव छोटा होकर भी 99.79 % गुणा आगे है।

--!--

अध्याय B

अन्य परिसरों में गतिविधियाँ

निम्नलिखित गतिविधियाँ अन्य परिसरों में अन्य मुख्य विषयों पर की गई हैं। यद्यपि किए गए सभी कार्य संस्थान के अधिकृत है। वर्तमान में तीन अन्य परिसर निम्न प्रकार है:

B.1 औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केन्द्र (एफसीआईपीटी) की गतिविधियाँ..... 38

B.2 ईटर-भारत..... 40

B.3 प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र (सीपीपी-आईपीआर), गुवाहाटी..... 46

B.1 औद्योगिक प्लाज़्मा औद्योगिकी सुविधा केन्द्र (एफसीआईपीटी) गतिविधियाँ

प्लाज़्मा सतह इंजीनियरी

एक प्रतिमान प्लाज़्मा उपचार प्रणाली का अभिकल्प एवं विकास तथा पॉल्यूरिथीन (पीयू) एवं पॉलिविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) लेपन/परतबंदी के साथ पॉलिस्टर एवं नायलॉन कपड़े की सतही आसंजन में सुधार करने की प्रक्रिया का इष्टतमीकरण: तकनीक आधारित कपड़ा उद्योग वैश्विक कपड़ा उद्योग के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। भारत में भी यह एक बड़ी क्षमता के साथ उभरता हुआ क्षेत्र है। लेपन एवं परतबंदी, वह युग्म प्रौद्योगिकियाँ है जो रूप-रंग, गुणधर्म और तकनीकी वस्त्रों के प्रदर्शन को पूरी तरह से बदल सकते हैं। इसी क्रम में कपड़े की सतह एवं उस पर जमा लेप या परत के बीच आसंजन को सुधारने के लिए प्लाज़्मा उपचार एक पर्यावरण अनुकूल एवं किफायती विकल्प है। वर्तमान परियोजना में एक प्रोटोटाइप प्लाज़्मा रिएक्टर कपड़ा उपचार के लिए विकसित किया गया तथा अगस्त 2013 (चित्र-B.1.1) में मंत्रा, सूरत मे स्थापित किया गया। पॉलिस्टर पर प्लाज़्मा उपचार के बाद पीवीसी कोटिंग के साथ आसंजन में 30 से 40 % की वृद्धि हुई है।

प्रारूप प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग प्रणाली का विकास एवं प्रदर्शन: कार्बुराइज़िंग द्वारा ढ़ाँचा कठोरण एक पुरानी प्रक्रिया है जिसने हाल ही में नये उपकरणों के डिज़ाइन एवं प्रक्रियाओं में एक तीव्र वृद्धि का अनुभव किया है, प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग एक नई तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है, और ऊष्मा उपचार उद्योग में स्वीकार किया जा रहा है। प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग परम्परागत गैस कार्बुराइज़िंग प्रक्रिया से अलग है क्योंकि वायुमंडलीय दाब पर एक निर्वात चैम्बर में किया जाता है। वातावरण मिथेन गैस का होता है। वर्क पीस तथा वातावरण के बीच विद्युत विभव के कारण कार्बन स्रोत आयनित तथा त्वरित होता है। यह वर्क पीस के चारों ओर चमक उत्सर्जित करता है। चमक एकदम समान होती है जिससे वर्क पीस की पूरी सतह पर समान कार्बन प्रालेख बनता है। प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग, गैस कार्बुराइज़िंग प्रक्रिया की तुलना में थोड़े उच्च तापमान पर की जाती है। वर्क पीस पारस्परिक कार्बुराइज़िंग प्रक्रिया की तुलना में कम विकृत होता है। क्योंकि प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग गैसों की सतह को कार्बन उपलब्ध कराने की क्षमता से सीमित नहीं होता अपितु यह सतह को कार्बन से बहुत जल्दी संतृप्त कर देता है। परिणामस्वरूप प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग प्रक्रिया केवल 15 मिनट में समान कार्बन प्रवणता प्राप्त कर सकता है। हमनें एफसीआईपीटी में एक प्रारूप प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग प्रणाली विकसित की है जिसे चित्र-B.1.2 में दिखाया गया है। प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग को 950-1050^{0}C पर हम 10 मिनट प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग के बाद एआईएसआई 8620 स्टील में 750 HV की कठोरता पाने में सफल रहे।

पॉलिइथाइलिन, कपड़ा, मैरिनो ऊन आदि के उपचार के लिए उच्च घन्नत डीबीडी प्लाज़्मा प्रणाली का विकास: उच्च घनत्व डीबीडी प्लाज़्मा कपड़ा उद्योग में तीव्र आवश्यकताओं के क्रम में तेज़ी से सतह संशोधनों को प्रदर्शित कर सकते हैं। यह सतह संशोधन मूलरूप से उद्योग में आवश्यक घातक रसायनों की मात्रा को कम करते हैं। इस प्रकार उच्च घनत्व डीबीडी प्लाज़्मा तकनीक कपड़ा उद्योग में घातक रासायनिक प्रक्रियाओं के लिए पर्यावरण अनुकूल समाधान उपलब्ध करने में सहायता कर सकती हैं। एफसीआईपीटी (आईपीआर) में सफलतापूर्वक एक नई डीबीडी प्लाज़्मा प्रणाली विकसित की गई है जो विभिन्न सामग्रियों के उपचार के लिए वायु में प्लाज़्मा उत्पन्न करती है। पॉलिइथाइलिन कपड़ा, मैरिनो ऊन के उपचार ने उपचार-समय में कमी के साथ कार्य क्षमता में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

डीएई-बीएमबीएफ द्विपक्षीय परियोजना के अंतर्गत मुक्त स्थिर GaSb नैनोडॉट्स पर चाँदी के नैनो कणों का विकास कार्य सम्पन्न: एफसीआईपीटी/आईपीआर ने भारत-जर्मनी (डीएई-बीएमबीएफ) द्विपक्षीय परियोजना को एफसीआईपीटी, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान एवं आयन बीम एवं सामग्री रिसर्च, एचज़ेडडीआर, जर्मनी के मध्य पूर्ण किया। इस परियोजना के तहत षट्कोणीय अनुक्रम वाले चाँदी के नैनों कणों को बढ़ाने की प्रक्रिया के लिए एक द्वि-चरण तरीके को विकसित किया गया; पहले प्लाज़्मा आयन किरणन द्वारा सबस्ट्रेट सतह पर षटकोणीय पेटर्न्ड नैनोडॉट्स बनाए गए और बाद में ऐसे पेटर्न्ड सबस्ट्रेट पर ग्रेज़िंग गिराव पर विधि भौतिक वाष्प जमाव (पीवीडी) चाँदी के उत्पादन को क्रियान्वित किया गया। लगभग 30 नैनो मीटर लम्बाई के सजातीय षट्कोणीय नैनो कण अनुक्रम को नमूना (a) के लिए प्राप्त किया गया। जबकि उस पर फिर से चाँदी नैनों कणों का निक्षेपण किया गया। चित्र-1 में दाँई ओर की छवि क्रमशः क्रम रहित तथा डॉट क्रमित सब्स्ट्रेट पर चाँदी NPs दिखाती है। अनियमित विभाजित NPs का गठन तब होता है जब उन्हें सामान्य नॉनपैटर्न्ड GaSb सबस्ट्रेट पर बढ़ाया जाता है जबकि अनुक्रमित NPs तब प्राप्त होते हैं जब उन्हें एनडी (नैनोडॉट्स) पर बढ़ाया जाता है। इन नमूनों के परावर्तन माप में हमनें दो एलएसपीआर, पीक को क्रमवार NPs के अनुरूप देखा। दो प्लाज़्मॉन अनुनाद पीक एनपी अनुक्रम के कारण प्रकट हुई क्योंकि इस प्रकरण में ना केवल नैनों कण का द्विध्रुव अनुनाद अपितु एक उच्च स्तर का अनुनाद भी उत्तेजित है। इस प्रकार के उच्च अनुक्रमित नैनो कणों की संवेदन तकनीक तथा प्लाज़्मोनिक सौर सेल में प्रकाश को एकत्र करने एवं सोलर सेल की क्षमता बढ़ाने के लिए माँग है।

डीएसटी, भारत द्वारा वित्त पोषित भारत-इटली द्विपक्षीय सहयोग के तहत आयरन ऑक्साइड नैनोकण: आयरन-ऑक्साइड नैनो कण उच्च ताप आर्क प्लाज़्मा स्रोत द्वारा विभिन्न प्लाज़्मा विद्युत धाराओं के संश्लेषित तथा उनके संरचना, आकृति विज्ञान एवं स्थानीय परमाणु क्रम के लिए विशेषीकृत किए गए। 32 A एवं 65 A प्लाज़्मा विद्युत

चित्र-B.1.1 कपड़ा उपचार के लिए एफसीआईपीटी, आईपीआर द्वारा विकसित प्लाज़्मा रिएक्टर तथा मंत्रा, सूरत में कार्यरत

धारा पर बनाये गए दो नमूनों का विस्तार से अध्ययन किया गया। दोनों कणों की आकृति एवं आकार वितरण विभिन्न है। नमूनों की सटीकता का पाउडर एक्स-रे विवर्तन द्वारा विश्लेषण किया गया। एक्सआरडी विश्लेषण उच्च क्रिस्टलीय चरणों का संकेत देती है। जबकि "d" मान Fe_3O_4 तथा g-Fe_2O_3 दोनों की उपस्थिति दर्शाता है। दोनों स्पैक्ट्रम के मध्य Fe_2O_3 (हेमाटाइट) की उपस्थिति जो 65 A नमूने में स्पष्ट दिखता है के अलावा कोई विशेष अंतर नहीं है। यह योगदान उच्च ऊर्जा पर एक बहुघटक उत्पाद गठन की संभावना बताता है। इलेक्ट्रॉन सिन्क्रोट्रोन, इटली में Fe K-एज एक्स-रे अवशोषण स्पैक्ट्रम अध्ययन विभिन्न प्लाज़्मा धाराओं के साथ नमूनें की अलग स्थानीय संरचना की पुष्टि करता है। यह पाया गया है कि ज्यादा प्लाज़्मा धारा (65 A) पर तैयार नमूने में ज्यादा स्थानीय विकृति है जबकि औसत कण आकार बड़ा है। परिणाम उच्च तापमान प्लाज़्मा संश्लेषण की प्रक्रियाएं नैनो कणों के संरचनात्मक एवं रूपात्मक गुण नियंत्रण के लिए उपयोगी जानकारी प्रदान करते हैं।

चित्र-B.1.2 एफसीआईपीटी में विकसित प्लाज़्मा कार्बुराइज़िंग प्रणाली

अंतरिक्ष प्लाज़्मा और अंतरिक्ष यान सौर सारणी अंत:क्रिया अध्ययन SPIX-II: वर्ष 2010 में आईएसएसी, इसरो द्वारा एफसीआईपीटी, आईपीआर को "अंतरिक्ष प्लाज़्मा एवं अंतरिक्षयान और सारणी अंतर्क्रिया अध्ययन SPIX-II" पर एक परियोजना से सम्मानित किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य एलईओ एवं जीईओ जैसी अंतरिक्ष परिस्थियों की प्रयोगशाला में अनुरूपित करने तथा एक स्वदेशी प्रायोगिक परीक्षण की सुविधा विकसित करना है। यह देखा गया है कि उन्नत बस वोल्टता पर प्लाज़्मा एवं ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों के प्रभाव में उपग्रह सौर पैनल की सतह पर आर्किंग शुरू हो जाती है। इस गतिविधि का उद्देश्य आर्क उत्पत्ति एवं वर्गीकरण व्यवहार को समझने के लिए है। यह सुविधा सफलता पूर्वक कमीशन एवं इसरो के अधिकारियों द्वारा स्वीकृत की गई है। सौर पैनल विन्यास प्रभारों के लिए विभिन्न प्रयोगों का आयोजन किया गया तथा प्राप्त परिणाम भली प्रकार एनएएसए, जेएएक्सए, एवं ईएसपी प्रयोगशालाओं के प्राप्त परिणामों से मेल खाते हैं। यह सुविधा अभी भी उपलब्ध है तथा विभिन्न प्रकार के उपग्रह सौर पैनलों के प्रयोगों की श्रृंखला की योजना बनाई गई है।

प्लाज़्मा पाइरोलिसिस

विलायक मिश्रण एवं ठोस अपशिष्ट के लिए 15kg/hr प्लाज़्मा पाइरोलिसिस/गैसिफिकेशन प्रणाली का अभिकल्पन एवं विकास: एफसीआईपीटी ने सीएसआईआर-सेंट्रल सॉल्ट एण्ड मेराइन केमिकल्स रिसर्च इंस्टिट्यूट (सीएसएमसीआरआई) से मई 2013 में इस परियोजना को प्राप्त किया। इस परियोजना की कुल लागत 45 लाख रुपए है। एफसीआईपीटी ने 15 kg/hr की प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रणाली को अभिकल्पित किया जो सीएसएमसीआरआई प्रयोगशाला में उत्पन्न विलायक मिश्रण (तरल) अपशिष्ट एवं ठोस अपशिष्ट द्वारा प्रयोग करने योग्य दहनशील गैसों को उत्पन्न करती है। यह प्रणाली निर्माण के अंतिम चरण में है। इस प्रणाली को मई 2014 तक सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई को भेज दिया जाएगा।

एक प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रणाली का उपयोग कर फॉस्फोरिक एसिड से फॉस्फोरस की पुन: प्राप्ति: एफसीआईपीटी ने यह परियोजना मेसर्स एक्सेल इंडस्ट्रिस लिमिटेड, मुंबई से प्राप्त की। परियोजना का उद्देश्य प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रणाली का उपयोग कर फॉस्फोरिक एसिड से फोस्फोरस उतारने की संभावना देखना था। प्लाज़्मा ताप-अपघटन वातावरण में फॉस्फोरिक एसिड से मौलिक पीला फॉस्फोरस बरामद किया गया है। इस प्रक्रिया का इष्टमीकरण किया गया तथा 70% पीले फॉस्फोरस की उत्पादकता प्राप्त की गई। एफसीआईपीटीआई ने सफलतापूर्वक इस परियोजना को पूर्ण किया है।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण: प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग स्रोत के लिए स्वदेशीय स्पंदित विद्युत उपकरण के वाणिज्यिक दोहन के लिए एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते को मैसर्स ऑटो कंट्रोल, मुंबई के साथ हस्तांतरित किया गया।

B.2. ईटर-भारत

पिछले एक वर्ष में ईटर-भारत ने ईटर परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस अवधि के दौरान ईटर-भारत परियोजना के अंतर्गत कुछ पैकेजों के लिए निर्माण कार्य शुरू किया है। विभिन्न पैकेजों/शीर्षों के तहत पूर्ण की गई गतिविधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

B.2.1 अंत: भित्तीय परिरक्षण (आईडब्ल्यूएस)

आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों को निर्वात पात्र (वीवी) के बाहरी और भीतरी खोल के बीच स्थापित किया गया है जिससे न्यूट्रॉनों के बचाव को रोका जा सके एवं टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र के रीप्पल को कम किया जा सके। ये शील्ड संरचनाएँ SS 304B4, SS 304B7, SS 430 एवं SS 316L (N)-IG से एवं फास्टनर्स (बोल्ट्स, नट्स स्पेसर्स, वॉशर्स आदि) XM-19 एवं इनकोनल-625 से बनी है। (अवसरला टेक्नॉलोजिस में आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों का निर्माण प्रगति पर है, जबकि इंडसस्टील (फ्रांस) एवं कार्पेंटर (यूएसए) से प्राप्त सभी सामग्री को निर्माणकर्ता की साइट पर प्राप्त किया गया है। फास्टनर्स के लिए सामग्री XM-19 की प्रक्रिया गुणवत्ता को पूरा कर लिया गया एवं इन सामग्रियों का थोक उत्पादन प्रारंभ हो गया है। सभी पात्र सेक्टरों (वीएस 7 एवं 8 के अलावा) (लगभग 4176 प्लेटों) के लिए PS1 की वॉटर जेट कटींग को पूर्ण किया जा चुका है जिसमें से 319 प्लेटों (VS5 एवं VS6 का PS1)की मशीनींग पूरी कर ली गई है। सभी पात्र सेक्टर के लिए PS1 के सहायक रीब की वॉटर जेट कटींग को पूरा कर लिया गया है, जिसमें से VS7, 8 एवं 9 के अलावा PS1 के सभी पात्र सेक्टरों की मशीनींग एवं निरीक्षण पूरा हो गया है। 144 ऊपरी ब्रैकेटों की वॉटर जेट कटिंग और PS1 VS6 एवं VS5 के निचले वेल्डित ब्रैकेटों की वॉटर जेट कटिंग एवं मशीनिंग को भी पूरा कर लिया है और उसका विमीय निरीक्षण कर रहे हैं। आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों के लगभग 1600 विनिर्माण आरेखों में से ब्लॉकों के 168 आरेख, आईडब्ल्यूएस सहायक रिब के 158 आरेख आईओ द्वारा अनुमोदित किए गये हैं, जबकि आईडब्ल्यूएस ब्लॉक के 693 आरेख, सहायक रिब के 148 आरेख एवं सभी पात्र सेक्टरों के लिए PS1 के ब्रैकेट-रिब संयोजन के लिए विनिर्माण संयोजन आरेखों को ईटर संगठन, फ्रांस (आईओ) को प्रस्तुत किया है। सहायक रिब के निचले ब्रैकेट की वेल्डिंग के लिए प्रक्रिया योग्यता की जा रही है। बोल्ट पूर्व-लोडिंग मापन के लिए पराश्रव्य उड़ान काल पद्धति का उपयोग करके संभाव्यता अध्ययन एवं उसका सत्यापन निष्पादित किया गया है। मुक्त जारी सामग्री (एफआईएम)नमूनों का बहिर्गैस दर मापन किया गया। बहिर्गैस दर पर संक्षारण (जंग) के प्रभाव को जांचने के लिए आईडब्ल्यूएस की विभिन्न सामग्रियों के तीन नमूनों को निश्चित समय के लिए उन्हें पानी में डूबों कर संक्षारित किया गया। इन नमूनों का बहिर्गैस दर मापा जाना है। आईडब्ल्यूएस सामग्रियों के लिए पायी गयी प्रारूपी बहिर्गैस दरें 3.27×10^{-8} $Pam^3s^{-1}m^{-2}$ है। नियमित पात्र सेक्टर के 853 आईडब्ल्यू एस ब्लॉकों के वर्गीकरण करने के बाद 55 वर्गों में से 50 ब्लॉकों को चुना गया और इन 50 ब्लॉकों के लिए विस्तृत संयोजन योजनाएँ एवं उपकरणों/स्थिर जोड़ों को विकसित किया गया है। सभी पात्र सेक्टरों के लिए PS1 सहायक रिब, PS1 प्लेटों की नेस्टिंग योजनाएं, VS6 एवं VS5 के निचले ब्रैकेट, VS6 एवं VS1 के लिए PS2 सहायक रिब को ईटर संगठन, फ्रांस द्वारा अनुमोदित किया गया है।

B.2.2 क्रायोस्टेट एवं वीवीपीएसएस

क्रायोस्टेट ~29 m व्यास एवं ऊंचाई के साथ एक सुदृढ़, एकल भित्तीय संरचना है। क्रायोस्टेट आधार खण्ड के लिए निर्माण गतिविधियाँ प्रारंभ की जा चुकी है एवं लारसन एण्ड टर्बो (एल एण्ड टी) हैवी इंजीनियरिंग, हजीरा में प्रगति पर है। क्रायोस्टट अस्थायी वर्कशॉप का निर्माण कार्य ईटर साइट पर पूरी उड़ान पर है और पूरा होने वाला है। ईटर साईट, कडराश, फ्रांस में क्रायोस्टेट वर्कशॉप (110 मीटर लंबी, 44 मीटर चौडी और 27 मीटर ऊंची) का निर्माण पूरा होने वाला है। भारत में निर्मित

चित्र B.2.1 क्रायोस्टेट आधार खण्ड मॉकअप

क्रायोस्टेट के 54 मॉड्यूलों को ईटर साइट में लाया जाएगा और बाद में इस वर्कशॉप में टोकामक गड्ढे में संयोजन के लिए उन्हें चार प्रमुख खण्डों में निर्मित किया जाएगा। उपरोक्त चित्र दिनांक 8 अप्रैल 2014 की सुबह का दृश्य है। 200 टनों (इनसेट) की क्षमता युक्त एक गैंट्री क्रेन को भी इस वर्कशॉप में संस्थापित किया गया है।

B.2.3 जल शीतलन प्रणाली

इस तापमान को अपेक्षित सीमा में रखने की आवश्यकता है। विभिन्न घटकों/प्रणालियों से ताप का वायुमण्डल में स्थानांतरण करने के लिए जल शीतलन प्रणाली का उपयोग किया जायेगा। ईटर घटक - शीतलन जल प्रणाली (सीसीडब्लयूएस), शीतित जल प्रणाली (सीएचडब्ल्यूएस) एवं ताप परित्याग प्रणाली (एचआरएस) के विस्तृत अभिकल्पन, इंजीनियरिंग, प्रापण एवं आपूर्ति के लिए मेसर्स एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन इंफ्रास्ट्रक्चर, चेन्नई के साथ अनुबंध किया है। ईटर साइट की प्राथमिकता के अनुसार लॉट-1 पाइपिंग का अंतिम अभिकल्पन पूरा कर लिया गया है और बाद में लॉट-1 पाइपिंग विनिर्माण तैयारी की समीक्षा की गई है। लॉट-2 एवं लॉट-3 पाइपिंग का अंतिम अभिकल्पन एवं प्रणालियों को शुरू किया जा चुका है। पाइपिंग के पहले लॉट को सितम्बर 2014 तक ईटर साइट को सुपुर्द किए जाने की उम्मीद है।

B.2.4 क्रायोवितरण एवं क्रायोलाइन

प्लाज़्मा संलयन को सहायता देने एवं बनाए रखने के लिए तथा विशिष्ट प्रणालियों को क्रियाशील तापमान पर बनाए रखने के लिए तथा विभिन्न घटकों को शीत शक्ति परिवहन करने के लिए क्रायोजेनिक की आवश्यकता होती है। क्रायोजेनिक प्रणाली अतिचालक चुम्बकों से ताप की क्षति को भी कम करती है तथा उनमें अधिक विद्युत् धारा को बनाए रखने में मदद करती है। शीत परिचालकों एवं परीक्षण सहायक शीत बॉक्स के लिए विनिर्माताओं को निश्चित कर लिया गया है। ईटर-भारत प्रयोगशाला में प्रोटोटाइप क्रायोलाइन (पीटीसीएल) परीक्षण की आधारभूत संरचना का यांत्रिकी संस्थापन पूरा हो गया है और कमीशनींग प्रगति पर है।

B.2.5 आयन साइक्लोट्रॉन तापन एवं विद्युत धारा चालन स्रोत

ईटर प्लाज़्मा आईसीआरएफ स्रोतों का उपयोग करके 20 MW निविष्ट शक्ति से तापित किया जाएगा। इस पैकेज के तहत IN-DA



चित्र B.2.2 ईटर साइट, कडराश,, फ्रांस में क्रायोस्टेट वर्कशॉप और उसके भीतर संस्थापित क्रेन



चित्र B.2.3 ईटर-साइट में शीतलन जल प्रणाली का विन्यास

ने 1 प्रोटोटाइप एवं प्रत्येक 2.5 मेगा वॉट की क्षमता से युक्त 8 पूर्ण आईसीआरएफ इकाईयों को सुपुर्द करने की स्वीकृति दी है। बहुत सख्त स्रोत विनिर्देशों के कारण ईटर अनुप्रयोग के लिए बेहतरीन तकनीक की पहचान करने के लिए उच्च शक्ति निर्वात नलिकाओं के दो विभिन्न प्रकारों जैसे डाइक्रोड एवं टेट्रोड नलिकाओं का प्रयोग करके अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस प्रतिवेदन अवधि के दौरान नलिकाओं और ड्रिवर और अंतिम चरण प्रवर्धकों से संबंधित कैविटी के प्रमुख खण्ड का निर्माण पूरा किया है। फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण (एफएटी) के एक भाग के रूप में मेसर्स थैल्स इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसस, फ्रांस एवं मेसर्स कॉन्टिनेन्टल इलेक्ट्रॉनिकस कॉर्पोरेशन, यूएसए में संयोजन, संस्थापन एवं चरणवार परीक्षण प्रारंभ किया गया। 15 kW ठोस अवस्था, चौडे बैंड एवं निरंतर तरंग पूर्व-ड्रिवर प्रवर्धक का विनिर्माण एवं एफएटी सफलतापूर्वक पूरा किया है। 1.7 MW डमी लोड का निर्माण, फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण एवं साइट स्वीकृति पूरी हो गयी है। 3MW डमी लोड का निर्माण एवं फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण को भी पूरा कर लिया गया है। ईटर-भारत परीक्षण सुविधा में स्थानीय नियंत्रण इकाई (एलसीयू) का एकीकृत परीक्षण पूरा कर लिया गया है। ईटर की श्रेणी का निष्पादन प्राप्त करने के लिए ईटर-भारत परीक्षण सुविधा में एक पूर्ण विकसित परीक्षण सुविधा को विकसित किया जा रहा है।

B.2.6 इलेक्ट्रॉन साईक्लोट्रॉन तापन (ईसीएच) प्रणाली

ईसीएच एवं सीडी प्रणाली का उपयोग प्लाज़्मा तापन एवं प्लाज़्मा आरंभन सहित विद्युत चालक अनुप्रयोगों के लिए किया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में, भारतीय देशीय ऐजेंसी (ईटर-भारत) के पास एक प्रापण पैकेज (ईसी जाइरोट्रॉन स्रोत पैकेज) है, जिसका प्रमुख कार्य-क्षेत्र दो उच्च शक्ति अत्याधुनिक जाइरोट्रॉन स्रोत (170 GHz/1MW/3600s) के एक सेट को उसकी सहायक प्रणालियों सहित आपूर्ति करना है। निष्पादन प्रस्ताव में कार्यात्मक विनिर्देश आधार पर उच्च शक्ति जाइरोट्रॉन नलिकाओं का प्रापण एवं पूर्ण एकीकृत निष्पादन का संस्थापन भी शामिल है। एकीकृत जाइरोट्रॉन प्रणाली निष्पादन का संस्थापन करने के लिए एक जाइरोट्रॉन परीक्षण सुविधा (अईआईजीटीएफ) को प्रोटोटाइप सहायक प्रणालियों के साथ विकसित किया जा रहा है। स्वदेशी विकसित 75kV इग्नित्रॉन आधारित क्रोबार स्विच के आसपास एक तार ज्वलन परीक्षण सेट अप को स्थापित करने के लिए घटक परीक्षण किया गया। तीन श्रृंखलाओं वाला इग्नित्रॉन क्रोबार < 10 माइक्रो सेकण्ड में त्रुटिपूर्ण विद्युत् धारा को सफलता पूर्वक हटाता है और जाइरोट्रॉन नलिका में त्रुटिपूर्ण ऊर्जा निक्षेपण को सीमित करता है। अनुकूलित आवश्यकताओं से युक्त एक प्रोटोटाइप फिलामेंट शक्ति आपूर्ति 30V/50A (AC) को विकसित किया गया एवं परीक्षण किया गया। जाइरोट्रॉन प्रणाली के स्थानीय नियंत्रण इकाई के लिए प्रोटोटाइप विकास के एक भाग के रूप में एक इंजीनियरिंग अभिकल्पन कार्य पूरा किया गया है। एक औद्योगिक श्रेणी के तंतु प्रकाशिक आधारित एकल अनुकूलन इकाई (एससीयू) जो अंतःगृह अभिकल्पन पर आधारित है, उसका विकास किया गया है। जाइरोट्रॉन आरएफ बीम नैदानिकी के

चित्र B.2.4 ईटर-भारत प्रयोगशाला में प्रोटोटाइप क्रायोलाइन (पीटीसीएल) परीक्षण आधारभूत संरचना

चित्र B.2.5 ईटर-भारत आईसीआरएफ परीक्षण सुविधा: शीतलन जल विन्यास

एक अंश के रूप में आईआईजीटीएफ में आईआर थर्मोग्राफी सेटअप को स्थापित किया गया। एक गैर-संपर्क तकनीक होने के करण इसे उच्च शक्ति जाइरोट्रॉन आरएफ बीम मोड शुद्धता विश्लेषण में उपयोग किया जाएगा। जाइरोट्रॉन नलिका के अतिचालक चुम्बकों के हीलियम कम्प्रेशर के लिए 7 bar दाब, 110 LPM प्रवाह दर के साथ 3 TR जल शीतलक पर स्वीकृति परीक्षणों को पूरा किया गया।

B.2.7 नैदानिक उदासीन पुँज (डीएनबी)

ईटर मशीन में हीलियम राख मापने के लिए आवेश विनिमय पुन:संयोजन स्पैक्ट्रोस्कोपी (सीएक्सआरएस) को समर्थन देने के लिए 100 kV, ~18-20 Amp हाईड्रोजन पुँज प्रदान करने के लिए ईटर में नैदानिक उदासीन पुँज (डीएनबी) को अनिवार्य किया है। डीएनबी पुँज स्रोत एवं स्पाइडर पुँज डम्प का निर्माण पीवीए टेपला, जर्मनी में प्रगति पर है। डीएनबी परीक्षण सुविधा के लिए निर्वात पात्र का निर्माण भी वैक्युम टेक्नीक्स, बैंग्लोर में शुरू हो गया है। डीएनबी उच्च वोल्टेज बुशिंग (एचवीबी) के लिए प्रोटोटाइप सिरेमिक रिंग एवं कैलोरिमीटर के लिए ईबी वेल्डित ताप अंतरण अवयव मॉड्युलों को क्रियान्वित किया है।

B.2.8 ईटर-भारत, शक्ति आपूर्ति समूह

यह समूह ईटर के नैदानिक उदासीन पुँज (डीएनबी), आयन-साइक्लोट्रॉन (आईसी) एवं आरंभन इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन (ईसी) प्रणाली के लिए शक्ति आपूर्तियों के अभिकल्पन, विकास एवं आपूर्ति के लिए उत्तरदायी है। उदासीन पुँज परीक्षण सुविधा (एनबीटीएफ), आरएफएक्स, पदोवा, ईटली में स्पाइडर त्वरण ग्रिड (एजीपीएस) के लिए एक उच्च वोल्टेज शक्ति आपूर्ति की जानी है। इसके साथ ही इस समूह को ईटर-भारत प्रयोगशाला में डीएनबी, ईसी एवं आईसी प्रणालियों के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्य को समर्थन देना है। प्रोटोटाइप शक्ति आपूर्तियों का विकास भी इसमें शामिल है। स्पाइडर एजीपीएस एवं डीएनबी एजीपीएस के निर्माण के लिए मेसर्स इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटड (ईसीआईएल), हैदाराबद के साथ अनुबंध किया गया है। एजीपीएस के लिए अंतिम अभिकल्पन समीक्षा (एफडीआर) को ईटर-भारत में किया गया। ईसीआईएल टीम द्वारा विस्तृत अभिकल्पन को प्रस्तुत किया गया एवं आरएफएक्स पदोवा, फ्यूज़न फॉर एनर्जी (F4E), बार्सिलोना, कुल्हम सेंटर फॉर फ्यूशन एनर्जी, सीआरपीपी ईपीएफएल लॉसेन, आईओ एवं आईपीआर से समीक्षकों द्वारा समीक्षा की गई। अभिकल्पन को स्वीकार कर लिया गया है। विनिर्माण तैयारी की समीक्षा के औपचारिक समापन के बाद प्रमुख घटकों जैसे



चित्र B.2.6 जाइरोट्रॉन केथॉड हीटर के लिए फिलामेंट शक्ति आपूर्ति

चित्र B.2.7 प्रोटोटाइप सिरेमिक रिंग डीएनबी एचवीबी

ट्रांसफॉर्मर एवं एसपीएस मॉड्यूलों का विनिर्माण शुरू हो गया है। एक देशीय योजना के एक भाग के रूप में ईसी प्रमुख उच्च वोल्टेज शक्ति आपूर्ति (ईसीएमएचवीपीएस) के लिए बहु द्वितीयक ट्रांसफॉर्मर को ईटर-भारत प्रयोगशाला में प्राप्त किया है। ईटर-भारत प्रयोगशाला में आईसी एचवीपीएस प्रोटोटाइप घटक पहुंच गए हैं। प्रत्येक घटकों की साइट स्वीकृति एवं पूर्व-कमीशनिंग परीक्षण कर लिया है। एकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। शक्ति आपूर्ति का कार्यकारी परीक्षण आरंभ किया जाना अभी शेष है।

B.2.9 ईटर-भारत नैदानिकी

नैदानिकी पैकेज की प्रापण व्यवस्था (पीए) पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया को जारी रखा है एवं ईटर के लिए दो और प्रणालियाँ (1) इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन उत्सर्जन(ईसीई) नैदानिक प्रणाली एवं (2) ऊपरी पोर्ट # 09 (UP#09) को पैकेज के कार्यात्मक विनिर्देशों एवं तकनीकी दायरे को निर्दिष्ट दस्तावेज़ के सफलतापूर्वक समापन के बाद हस्ताक्षर किया है। दो एक्स-रे क्रिस्टल स्पैक्ट्रोस्कॉपी (एक्सआरसीएस) नैदानिकी प्रणालियों, ईसीई नैदानिकी प्रणाली एवं UP#09 के लिए गुणवत्ता आश्वासन दस्तावेज़ों को तैयार करना अर्थात् गुणवत्ता योजना, प्रापण विवरण एवं जोखिम योजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। एक्स-रे स्पैक्ट्रोमीटर के प्रमुख घटकों के लिए अभिकल्पन आवश्यकताओं के मूल्यांकन को पूरा करने के बाद पोर्ट-प्लग कनेक्शन एवं निर्वात घटकों पर रिमोट हैंडलिंग फ्लैंज सम्मिलित दृश्य-नलिका सर्वे के लिए 3-डी सीएटीआईए मॉडल को तैयार किया जा रहा है। पोर्ट-प्लग एवं तापीय प्रसारों की आपेक्षिक गति की क्षतिपूर्ति करने के लिए बैलोज् का प्रारंभिक अभिकल्पन तैयार किया गया। न्यूट्रॉन शील्ड एवं दृश्य-नलिका के लिए समर्थनों का अभिकल्पन भी तैयार किया गया। टाइप-2 निर्वात पंप और प्रणाली से उसके जोड़ का विन्यास तैयार किया गया एवं प्रथम स्तर पम्प डाउन गणना को पूरा किया गया। सर्विस वैक्युम प्रणाली (एसवीएस) के कनैक्शनों के विस्तृतिकरण में भी प्रगति की है। अट्टीला कोड का उपयोग करके न्यूट्रॉनिकी विश्लेषण क्रियान्वित किए गए। प्रतिबिंब या स्पैक्ट्रल विभेदन पर साइड के क्रिस्टलों के झुकाव (टिल्ट) के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए शैडो रे-ट्रेसिंग विश्लेषण पूरा किया गया। प्रोटोटाइप प्रयोगों की तैयारी करने के लिए ब्रॉडबैंड एवं फिक्स्ड् ऐनोड एक्स-रे स्रोतों पर अभिकल्पन कार्य में प्रगति हुई है। एक लघु एक्स-रे नलिका एवं सिलिकन ड्रिफ्ट संसूचक से युक्त एक एक्स-रे अभिलक्षण प्रणाली के लिए प्रापण गतिविधियाँ प्रगति पर है। फिलामेंट एवं हार्डवेर प्रापण को इनपुट प्रदान करने वाले फिक्सड् एनोड स्रोत का अभिकल्पन करने के लिए एक कोड़ लिखा गया है।



चित्र B.2.8 ईसीए पैकेज हेतु स्नीफर के प्रदर्शन के मापने के लिए प्रयोगात्मक व्यवस्था

आयनाइजिंग विकिरण के सुरक्षा पहलूओं पर एईआरबी का अनिवार्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एक्सआरसीएस गतिविधियों के कारण ईटर-भारत प्रयोगशाला में एक्स-रे विकिरण जोखिम का मूल्यांकन किया गया।

ईसीई के लिए कनेक्शन बॉक्स का प्रारंभिक अभिकल्पन, संचरण लाइन एवं हॉट बॉडी कैलिब्रेशन (अंशांकन) स्रोत के लिए विन्यास पूरा कर लिया गया है एवं संचरण लाइन, निर्वात जोड़ों एवं सहायक प्रक्रियाओं का अभिकल्पन प्रगति पर है। फूरियर ट्रांसफॉर्म स्पैक्ट्रोमीटर (एफटीएस) का प्रापण एवं सिलिकॉन कारबाइड समोच्च प्लेट के संविरचन के लिए अनुबंध दिया गया है। इसका उपयोग ईसीई नैदानिकी प्रणाली के लिए प्रोटोटाइप प्रयोगों के लिए किया जाना है। तापमान मापने में अतापीय इलैक्ट्रॉनों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए ईसीई का उपयोग करके नेदरलैण्ड की एफओएम संस्थान द्वारा विकसित नोटेक (एनओटीईसी) का उपयोग किया गया। संसूचक (स्निफर)अभिकल्पन एवं वेवगाइड संकीर्णन के आकलन के लिए अनुकूलन अध्ययनों को पूरा कर लिया गया है। ईसीआरएच स्ट्रे विकिरण मापन स्निफर को विकसित किया गया और उसके अपेक्षित प्राचलों के लिए परीक्षण किया गया, जैसा की चित्र B.2.8 में दिखाया गया है।

ईसीई नैदानिकी के लिए आई एवं सी आवश्यकताओं को निर्धारित किया गया और प्रारंभिक रिपोर्टों को तैयार किया है। यूपी#09 का विस्तृत अभिकल्पन प्रारंभिक अभिकल्पन समीक्षा की दिशा में अच्छी प्रगति कर रहा है। अभिविन्यास प्रबंधन मॉडल (सीएमएम) के सत्यापन के लिए बाहरी अंतरापृष्ठों को निर्धारित किया गया। नैदानिकी परिरक्षण मॉड्युल एवं ऊपरी पोर्ट प्लग के मूल्यांकन के लिए प्रारंभिक विश्लेषण मॉडल को तैयार किया है एवं प्रारंभिक संरचनात्मक विश्लेषण को पूरा किया है। विक्षेपण का निर्धारण करने के लिए इंटरस्पेस सहायक संरचना(आईएसएस) का प्रारंभिक संरचनात्मक विश्लेषण पूरा हो गया है। न्यूट्रॉनिकी विश्लेषण के लिए मॉडल की तैयारी प्रगति पर है। इंटरस्पेस सहायक संरचना (आईएसएस) एवं पोर्ट सेल सहायक संरचना के सामान्य निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया एवं ईटर संगठन के साथ विचार विमर्श किया गया।

B.2.10 संलयन भौतिकी, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आईओ-डीए समन्वय समूह की गतिविधियाँ

टीएससी कोड़ का उपयोग कर, भगोड़ा धारा संदमन एवं दोहराए गए पैलेट अंत:क्षेपण के साथ, व्यवधान शमन और ईटर प्लाज्मा के शटडाउन की मॉडलिंग की जा रही है। ईटर भारत प्रयोगशाला के लिए स्थानीय क्षेत्र के नेटवर्क को स्थापित करने का कार्य शुरू हो गया है। गांधीनगर में ईटर-भारत के कार्यालय एवं आईपीआर में ईटर-भारत प्रयोगशाला के बीच लिज़ड लाइन कनैक्शन (34Mbps) स्थापित किया जा चुका है और उसका उपयोग किया जा रहा है। ईटर-भारत एवं आईपीआर में एसएपी का कार्यान्यवन समाप्त होने के करीब है। सामग्री प्रबंधन के साथ वित्त (वेतननामावली आदि) के लिए सभी लेनदेन पिछले एक वर्ष से एसएपी में क्रियान्वित किए जा रहे हैं। ईटर-भारत के इंटरनेट बैंडविथ से ईटर-फ्रांस तक लिज्ड लाइन कनैक्शन का बैंडविथ भी है, जो इस अवधि के दौरान क्रमश: 45 Mbps से 80 Mbps तक बढ़ा दिया गया। आईटी समूह ने एक व्यवसायिक कंपनी की मदद से आईएसओ 27001 एवं आईएसओ 20000 प्रशिक्षण, क्रार्यान्वयन एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को शुरू किया है।

B.2.11 सभी पैकेजों एवं परियोजना कार्यालय से संबंधित सामान्य गतिविधियाँ

पैकेज समीक्षा बैठकें आयोजित की गई, बजट के आकलनों को तैयार किया गया एवं भुगतानों को तय किया गया। नियमित अनुसूची अद्यतन की गई एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन को प्रतिवेदित की गई। अंत:भित्ती परिरक्षण ब्लॉकों के लिए पराश्रव्य परीक्षण प्रक्रिया गुणवत्ता को पूर्ण किया गया। ईटर-भारत प्रयोगशाला में ईओटी क्रेनों को सफलतापूर्वक संस्थापित एवं कमीशन किया गया। विभिन्न दस्तावेज़ों (गुणवत्ता योजना, विनिर्माण एवं निरीक्षण योजनाएँ, प्रक्रियाएँ आदि) की समीक्षाओं के माध्यम से गुणवत्ता प्रबन्धन पद्धति का अनुपालन सुनिश्चित किया। आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधन कार्य-प्रणालियों का अनुसरण करते हुए और साथ ही अंत:गृह प्रशिक्षण एवं आईपी के लिए पूर्व-स्क्रीनिंग के माध्यम से बौद्धिक संपदा प्रबंधन (आईपी) पर जागृकता विकसित कर रहे हैं। ईटर-भारत ने दिसम्बर 2013 में ईटर आईपी संपर्क व्यक्तियों की बैठक का आयोजन किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर एवं गुजरात साइन्स सिटी, अहमदाबाद की सार्वजनिक प्रदर्शनियों के अतिरिक्त मोनेको-ईटर अंतर्राष्ट्रीय संलयन ऊर्जा दिवस(दिसम्बर 2013) तथा विश्व ऊर्जा कॉन्ग्रेस (कोरिया, सितम्बर 2013) जैसे अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक संचार कार्यक्रमों में भाग लेकर संलयन पर जन जागृकता गतिविधियों को विस्तार दिया है। ईटर-आईओ ने 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2013 के दौरान ईटर-भारत का गुणवत्ता लेखा-परीक्षा आयोजित किया। इस लेखा परीक्षा में सात पीए और एक ईटर-भारत का अनुबंधकर्ता शामिल किया गया।

B.2.12 ईटर-भारत अभिकल्पन कार्यालय की गतिविधियाँ

आईओ और डीए तथा संबद्ध तकनीकी समर्थन के बीच 96 डीईटी (अभिकल्पन विनिमय कर्य) निष्पादित किए गए। 3 अभिकल्पन सहभागिता कार्यान्वयन फॉर्म (डीसीआईएफ), आईओ (ईसीआरएफ, यूपीपी09 एवं ईसीपीएस) के साथ हस्ताक्षर किए गए। क्रायोस्टेट, सीडब्ल्यूएस, डीएनबी, डीएनबीपीएस, आईसीएचवीपीएस, आईडब्ल्यूएस तथा नैदानिकी के लिए ईएनओवीआईए(ENOVIA) का उपयोग करके सिंक्रोनस मोड में अभिकल्पन गतिविधियों को किया गया। पंद्रह उच्च स्तर के वर्कस्टेशनों (HZ820) को संस्थापित किया गया। ANSYS, CATIA, 3DVIA, STAD-Pro, AUTO-CAD लाइसेंसों के लिए एएमसी का प्रापण एवं संस्थापन किया गया। सीएडी डीबी एक्सेस (ENOVIA के माध्यम से) के लिए आईओ एवं

आईएनडीए के बीच ईटर सहयोगात्मक नेटवर्क में सात और वर्कस्टेशनों को जोड़ा गया। कई प्रणालियों का अभिकल्पन एवं आरेखण मूल्यांकन तथा स्टैटिक, भूकंप एवं तापीय क्षेत्र में विश्लेषण समर्थन प्रदान किया। ईटर-भारत की ओर से ईटर और हमारे विक्रेताओं को तकनीकी समन्वय एवं अभिविन्यास प्रबंधन समर्थन प्रदान किया। ईटर-भारत के कर्मचारियों को प्रशिक्षण: उपकरण एवं प्रणाली (पाइपिंग मॉड्यूल) एएनएसवाईएस सीएफडी परिचय, एएनएसवाईएस एवं हाईपरमैश। ईटर-भारत एवं विक्रेताओं के 14 कर्मचारियों के लिए ENOVIA प्रमाणीकरण प्रशिक्षण दिया गया।

B.3 प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र, गुवाहाटी

B.3.1 सैद्धान्तिक एवं अनुकरण कार्य

1डी भारतीय डेमो का न्युट्रॉनिकी विश्लेषण: एक प्रारंभिक न्युट्रॉनिकी विश्लेषण, त्रिज्य वृद्धि सहित 1डी एमसीएनपी मॉडल के साथ भारतीय डेमो के लिए क्रियान्वित किया गया है। चयन की गई प्रारंभिक सामग्रियाँ ये हैं - ब्रिडिंग ब्लैंकेट के लिए लेड-लिथियम शीतलित सिरामिक ब्रीडर (एलएलसीबी), शील्ड ब्लैंकेट एवं निर्वात पात्र दोनों के लिए जल शीतलित एसएस। गणना मॉडल एक टोरोइडल बेलनाकार ज्यामिति है, जिसमें ब्लैंकेट, शील्ड, निर्वात पात्र तथा प्लाज़्मा के दोनों ओर टीएफ कॉयल तथा मध्य में सोलेनोइड (सीएस) कॉयल शामिल है। इस प्रारंभिक विश्लेषण के लिए सभी सामग्रियों को समांगी मिश्रण के रूप में माना गया है। भीतरी एवं बाहरी ब्रिडिंग ब्लैंकेट के लिए ट्रिशियम ब्रिडिंग अनुपातों के कुल अनुपात 1.369 को क्रमश: 0.361 एवं 1.008 पाया गया है।

ऊर्ध्वाधर रूप से संरेखित डस्ट श्रृंखलाओं में 1डी, 2डी एवं 3डी संरचना गठन का एमडी अनुकरण: इस कार्य में आण्विक गतिकी तकनीकों का उपयोग करके हमने प्लाज़्मा में डूबे एक ग्लास बॉक्स के भीतर उड़ते हुए आवेशित डस्ट द्वारा कम ($D<3$) आयाम में स्व:संयोजन एवं संरचना गठन का अध्ययन किया है।

आयतन ऋणात्मक आयन स्रोत की उपस्थिति में एक खुले चुम्बकीय क्षेत्र में उत्पन्न संघट्टनरहित प्लाज़्मा में विभव गठन: एक विश्लेषणात्मक-सांख्यिकी प्रस्ताव के बाद अक्षीय रूप से भिन्न चुम्बकीय क्षेत्र की उपस्थिति में आयात उत्पन्न ऋणात्मक आयनों से एक बहु-प्रजाति प्लाज़्मा के लिए एक भित्ति के निकट वैद्युत् विभव का अध्ययन किया है। सीमित तापमान धनात्मक आयनों एवं बोल्ट्ज़्मन इलेक्ट्रॉनों के साथ एक स्थिर ऋणात्मक आयन स्रोत को पूरे प्लाज़्मा आयतन में माना गया है। कणों को एक खुले चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा निर्देशित माना गया, जिसका अधिकतम, केन्द्र में है, तथा क्षेत्र मजबूती एकदिष्ट रूप से भीत्तियों की दिशा में घटती है।

डस्ट की उपस्थिति में शीथ गठन पर आयन-अनावेशित संघट्टन का प्रभाव: एक संघट्टनीय पर्यावरण में डस्ट की उपस्थिति में शीथ गठन का अध्ययन किया है। साधारण प्रयोगशाला प्लाज़्मा में इलेक्ट्रॉनों के उच्च तापीय वेग के कारण डस्ट ऋणात्मक ऊर्जाओं को प्राप्त करता है। डस्ट चार्जिंग का प्रचलित सिद्धांत ऑर्बिट मोशन लिमिटेड (ओएमएल) सिद्धांत के मुद्दे का सामना कर रहा है। हालांकि, जब आयन अनावेशित संघट्टन पर्याप्त मात्रा में मौजूद होते हैं, तब इस सिद्धांत को अपना अनुप्रयोग नहीं मिलता। संघट्टीय डस्ट चार्जिंग के लिए साहित्य में एक वैकल्पिक सिद्धांत मौजूद है। स्थिर मध्यम मुक्त पाथ मॉडल द्वारा संघट्टन को मॉडल किया गया है। शीथ को प्लाज़्मा के थोक से संयुक्त माना है एवं थोक से शीथ तक एक आसान संक्रमण प्राप्त किया है। बढ़ते आयन अनावेशित संघट्टन के साथ स्थानिक रूप से भिन्नता के लिए विभिन्न प्लाज़्मा प्रालेखों जैसे कण पर स्थिर वैद्युत् बल, डस्ट घनत्व एवं वेग के साथ आयन ड्रैग बल को दर्शाया गया है।

डायवर्टर प्लेटों पर डीबाय शीथ की अनुपस्थिति में आयन कणक्षेपण के कारण अपरदन: पीआईसी अनुकरण: मॉन्टे कार्लो संघट्टन के साथ एक 2डी-3वी पार्टिकल-इन-सेल कोड एवं मैटलैब में लिखा गया प्लाज़्मा सतह अंत:क्रिया कोड का प्रयोग चुम्बकीय संलयन उपकरणों में आयन कणक्षेपण के कारण ठोस सतह (डायवर्टर) अपरदन पर पृष्ठसर्पी कोण (अल्फा) के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए किया गया है, जहाँ α चुम्बकीय क्षेत्र एवं सतह स्पर्शरेखा के बीच का कोण है। अवशोषण भित्ति के सामने आयन वितरण को एक गतिक मॉडल का उपयोग कर के परिकलित किया है। महत्वपूर्ण कारकों जैसे आयन ऊर्जा एवं भित्ति अपरदन के लिए प्रभाव कोण एवं कणक्षेपण पर प्रकाश डाला गया है। पृष्ठसर्पी कोण पर इन दो प्राचलों की निर्भरता को विस्तार से जांचा गया है। डीबाय शीथ की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति में आयन कणक्षेपण के कारण अपरदन में तुलना की गई है।

B.3.2 प्रयोगात्मक कार्य

प्लाज़्मा सतह अंत:क्रिया के लिए सीपीपी-आईपीआर चुम्बकीत प्लाज़्मा प्रयोग (सीआईएमपीएलई-पीएसआई) : बीआरएनएस प्रायोजित परियोजना द्वारा एक पराध्वनिक प्लाज़्मा जेट सहायता प्राप्त प्रयोगात्मक रिएक्टर अभिविन्यास को विकसित किया गया था। नैनो-रिएक्टर की तरह लगभग समान निर्वात विस्तृत रैखिक प्लाज़्मा जैट अभिविन्यास का प्रयोग करके हमने एक उच्च ताप फ्लक्स (एचएचएफ, 10 MW/m^2) प्रणाली को इस प्रयोगशाला में विकसित किया है, जिसका उपयोग उच्च ताप लोड स्थितियों में सामग्री परीक्षण या बहुत सघन प्लाज़्मा में सामग्रियों का संश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है। इस प्रयोगशाला में अन्य प्रमुख गतिविधि में एक स्वतंत्र रैखिक चुम्बकीय प्लाज़्मा युक्ति के रूप में एक साधारण सुविधा का विकास किया जा रहा है, जो ईटर जैसे आधुनिक टोकामक मशीनों के डायवर्टर क्षेत्र में प्रत्याशित चरण प्लाज़्मा एवं ताप फ्लक्स प्राचलों का पुन: उत्पादन करेगा। इस प्रणाली का उपयोग प्लाज़्मा संलयन समुदाय की वर्तमान रूचि के, प्लाज़्मा सतह बहुतेरे अंत:क्रिया मुद्दों के पीछे की भौतिकी एवं रसायन विज्ञान का पता लगाने के अलावा चरण संलयन प्लाज़्मा जैसे पर्यावरण के अंतर्गत नई सामग्रियों/घटकों के



चित्र B.3.1: उच्च ताप फ्लक्स प्रणाली

सीधे मूल्यांकन के लिए एक परीक्षण-बेड के रूप में भी किया जाएगा। वर्तमान में सीआईएमपीएलई-पीएसआई प्रणाली के अग्रदूत के रूप में ऊपर उल्लेखित एचएचएफ प्रणाली का बहुत कुशलता से उपयोग किया गया। खण्डित प्लाज़्मा टॉर्च को उस प्रणाली में ही अनुकूलित किया जा रहा है एवं प्लाज़्मा नैदानिकी प्रणालियों को वहाँ एकीकृत कर रहे हैं। सीपीपी-आईपीआर में इस एचएचएफ प्रणाली का सफलतापूर्वक विकास एवं बिना चुम्बकीय क्षेत्र के आर्गन प्लाज़्मा के अच्छी तरह से समांतरित पुँज का उत्पादन हमने पहले प्रतिवेदित किया था। प्लाज़्मा जेट का यह अभिविन्यास, जो 2 cm व्यास के कैलोरीमीटर सतह पर 10 MW/m^2 ताप फ्लक्स से अधिक का निक्षेपण करने के लिए मापा गया था, टोकामक ग्रेड सामग्रियों के उच्च ताप फ्लक्स परीक्षण के लिए उपयुक्त होना चाहिए। हालांकि मात्र हाईड्रोजन से उत्पन्न करने पर पुँज विसरित हो जाते हैं, जो हमारे नए पूर्ण डायवर्टर सिमुलेटर प्रणाली में अधिकतम 0.4 टेस्ला का एक अक्षीय चुम्बकीय क्षेत्र शुरू करने को सही ठहराते हैं। हमने यह भी पाया कि प्लाज़्मा पुँज निम्न गैस मिश्रण से उत्पन्न होने पर अपनी समांतरित संरचना को बरकरार रखती हैं: आर्गन 20 lpm एवं हाईड्रोजन 10 lpm, जिसे कैलोरीमीटर पर भी अधिकतम ताप फ्लक्स निक्षेप करते देखा गया था।

नैनोसंरचित टंग्स्टन सामग्रियों के संश्लेषण पर अध्ययन: अपने अति उच्च गलन तापमान, निम्न कण क्षेपण क्षेत्र तथा नगण्य ट्रिशियम धारण के कारण टंग्स्टन को विशेष प्लाज़्मा संलयन अनुप्रयोगों के लिए उत्तम पदार्थ माना गया है। ग्रेफाइट, कॉपर, स्टेनलैस स्टील तथा उनका संयोजन जैसी उप्युक्त आधार सामग्रियों पर टंग्स्टन लेपन को उत्पन्न करने के लिए प्लाज़्मा वर्धित रसायनिक वाष्प निक्षेपण या प्लाज़्मा स्प्रे तकनीकों की खोज की जा रही है, जिसे अंततः प्लाज़्मा मुखित सामग्रियों के रूप में टोकामक मशीन के भीतर उपयोग किया जा सकता है। एक अन्य खोज की नई दिशा में नैनोकण या नैनोकोटिंग दोनों में से एक रूप में नैनोसंरचित टंगस्टन सामग्रियों का उपयोग हो रहा है। अभिकारक इन्जेक्शन सेक्शन में पॉउडर फीडर से अमोनियम पाराटंग्स्टेट (एपीटी) के कणों का अंतःक्षेपण करके हमने टंग्स्टन के शुद्ध क्रिस्टीलीय नैनोकणों को संश्लेषित किया है।

सीशियम (सीएस) कोटेड डस्ट द्वारा उत्पादित ऋणात्मक हाईड्रोजन आयनों का निष्कर्षण: 12वीं पंच वर्षीय योजना के तहत डस्टी प्लाज़्मा प्रयोगशाला के लिए एक नए प्रयोगात्मक व्यवस्था को अभिकल्पित किया गया है। प्रस्तावित परियोजना का प्रमुख तकनीकी उद्देश्य सीपीपी-आईपीआर के डस्टी प्लाज़्मा उपकरण में सतह से उत्पन्न सीएस-कोटेड टंगस्टन-डस्ट कणों द्वारा उत्पन्न हुए ऋणात्मक हाईड्रोजन आयनों के निष्कर्षण यंत्र को विकसित करना है। यह प्रयोगात्मक व्यवस्था, निष्कर्षण चैम्बर, निर्वात प्रणाली, डस्ट ड्रॉपर, सीएस ओवन आदि से युक्त है। प्लाज़्मा ग्रिड, निष्कर्षण ग्रिड एवं त्वरण ग्रिड एवं प्लाज़्मा चैम्बर के भीतर उनके स्थान एवं सहायक उपकरण के अभिकल्पन एवं निर्माण भी इसमें शामिल है। H-आयनों के साथ प्लाज़्मा के गुणों का अध्ययन करने के लिए नैदानिकी उपकरणों के रूप में लैंग्म्यूर प्रोब, लेसर फोटो अलगाव एवं ओईएस का उपयोग किया जाएगा। निष्कर्षित ऋणात्मक आयन पुँज विद्युत् धारा को मापने के लिए कैलोरीमीटर का उपयोग किया जाएगा। डस्ट चार्जिंग यंत्र का अध्ययन करने के लिए फैराडे कप एवं इलैक्ट्रोमीटर का उपयोग किया जाएगा।

एक हेलिकॉन स्रोत में आयन-आयन प्लाज़्मा प्रयोग: अपनी उच्च आयनन क्षमता के कारण हेलिकॉन स्रोत प्रसिद्ध है। हालांकि, ऐसे स्रोतों में रेडियो-आवृत्ति ऊर्जा अवशोषण यंत्र अभी भी तरंग परिक्षेपण सिद्धांत में इलेक्ट्रॉन समूह को मानते हुए विवादास्पद हैं, यह प्रस्ताव दिया गया कि अवशोषण यंत्र की दक्षता ट्रिवलपीस-गॉउल्ड (इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन-टीजी मोड) विधाओं के कारण है, जो अर्ध-स्थिर विद्युत् है तथा त्रिज्य सीमा के भीतर संचार होने पर तेजी से अवशोषित होता है। यदि इलेक्ट्रॉनों का अंश, धनात्मक आयन घनत्व को प्रभावित किए बिना अलग किया जाए तो हेलिकॉन स्रोतों में ऊर्जा अवशोषण यंत्र में



चित्र B.3.2. हीलियम प्लाज़्मा को उजागर कराए जा रहे टंग्स्टन नमूने

इलैक्ट्रॉनों की भूमिका का आगे गहन अध्ययन किया जा सकता है। इस संबंध में प्लाज़्मा में ऋण विद्युती गैसों (F, Cl, Br, I, O2 , SF6 आदि) का उपयोग किया जा सकता है, जो अपने इलेक्ट्रॉन आकर्षण गुण से इलेक्ट्रॉन समूह घनत्व को नियंत्रित कर सकती है। ऋण विद्युती गैसें इलेक्ट्रॉनों के बहुत छोटे अंश से धनात्मक आयन-ऋणात्मक आयन (आयन-आयन) प्लाज़्मा को भी उत्पन्न कर सकती हैं।

प्राचलों के ऋणात्मक आयन स्त्रोत एवं मापन में सतह प्रक्रियाओं पर अध्ययन: सतह प्रक्रमण, स्पंदन से उत्तेजित हाईड्रोजन अणुओं के समूहों की वृद्धि करता है, जिससे अलग करने वाले संयोजन की प्रक्रिया से ऋणात्मक हाईड्रोजन आयनों की सतही प्रक्रियाएँ, स्पन्दन से उत्तेजित हाइड्रोजन अणुओं की संख्या में वृद्धि करती हैं, फलस्वरूप विघ्ज्ञटनशील संयोजन की प्रक्रिया द्वारा ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन की बेहतर प्राप्ति होती है। यह भी जानते है कि अच्छे आयन पुँज प्रकाशिक के लिए चुम्बकीय फिल्टर के समीप प्लाज़्मा समानता को जितना संभव हो सके कम रखना चाहिए। ऋणात्मक आयनों के वर्धित उत्पादन के माध्यम से चुम्बकीय फिल्टर के समीप प्लाज़्मा समानता पर सतह प्रक्रमण का भी प्रभाव होगा। यहाँ हम चुम्बकीय फिल्टर के समीप प्लाज़्मा स्थितियों पर सतह प्रक्रमणों के प्रभाव के महत्वपूर्ण पक्ष का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

संलयन रिएक्टर के प्लाज़्मा पदार्थ अंत:क्रिया का अनुकरण करने के लिए GW/m² स्तर के शक्ति घनत्व से एक अर्ध-स्थिर प्रकार की द्विअक्षीय प्लाज़्मा गन का विकास: हम एक द्विअक्षीय प्लाज़्मा गन को चलाने के लिए एक 200 kJ (भविष्य में 600 kJ तक विस्तारित) स्पंद शक्ति प्रणाली का निर्माण करने जा रहे हैं। यह स्पंद शक्ति प्रणाली गैस अंत:क्षेपण वाल्व एवं उसकी शक्ति आपूर्ति, इग्निट्रॉन एवं उसकी ट्रिगरिंग प्रणाली, डमी लोड, डम्प अवरोधकों, स्पंद आकार देने वाले अवरोधकों, द्वियुग्मन स्विच आदि जैसे विभिन्न उप प्रणालियों, घटकों एवं भागों से युक्त है। मुख्य स्पंदित शक्ति प्रणाली में उपयोग करने से पहले इन मदों का परीक्षण करने के लिए घटकों एवं उपप्रणाली का



चित्र B.3.3 ऋणात्मक आयन निष्कर्षण प्रणाली हेतु नई प्रणाली

परीक्षण एवं निष्पादन की जांच करनी है। अत: हम इग्निट्रॉन, करंट मॉनीटर, एवं अन्य घटकों जैसे ट्रिगरिंग प्रणाली, डमी लोड, डम्प अवरोधकों, स्पंद आकार देने वाले अवरोधकों, द्वियुग्मन स्विच आदि को स्पंद विधा में परीक्षण करने के लिए 2-6 kJ की एक लघु-स्पंदित शक्ति प्रणाली भिन्नता वोल्टता 20 kV सहित का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। 200 kJ में प्रयुक्त वोल्टता 15 kV होगी। अत: शांत सर्किट को वोल्टता से अधिक की वोल्टता पर प्रचालित किया जाना चाहिए अर्थात् लगभग 18-20 kV। इस लघु पीपीएस का निर्माण करने के लिए हमें 10uF, 20kV दर के संधारित्र की आवश्यकता है। ऐसे संधारित्र के 2-3 संख्या के समानांतर संयोजन से हमारे पास 20kV वोल्टता के साथ 4-5 kJ ऊर्जा का पीपीएस हो सकता है। इससे हमें विभिन्न घटकों के वोल्टता प्रतिरोध जांच का परीक्षण करने में मदद मिलेगी और साथ ही हम मुख्य स्पंद शक्ति आपूर्ति के सर्किट में मदों को डालने से पहले घटकों/भागों का प्रारंभिक प्रचालन परीक्षण करने में सक्षम होंगे।

संलयन सामग्रियों के क्षति अध्ययन में जड़त्वीय स्थिर वैद्युत् परिसीमन संलयन योजना एवं उसके अनुप्रयोग पर आधारित न्युट्रॉन स्त्रोत का विकास : न्युट्रॉन का जनन करने के लिए हम एक बेलनाकार एवं एक गोलाकर आईईसीए उपकरण का निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं जो निरंतर एवं स्पंदित दोनों विधा में प्रचालन होगा। बेलनाकार आईईसीएफ उपकरण विषमदैशिक रूप में न्युट्रॉनों को उत्सर्जन करेगा, जबकि गोलाकार उपकरण समदैशिक न्युट्रॉन उत्सर्जन प्रदान करेगा। उपकरण का निरंतर प्रचालन परीक्षण किए जाने वाली समग्रियों एवं घटक पर निरंतर न्यूट्रॉन को प्रदर्शित करने की सुविधा देगा। इसके विपरीत स्पंदित विधा में आईईसीएफ उपकरण का प्रचालन करके हम उच्चतर न्यूट्रॉन फ्लक्स को उत्पन्न करने की उम्मीद रखते हैं। आईईसीएफ चैम्बर में निकासी, दृश्य विन्डो, उच्च वोल्टता फीड-थ्रू, गैस इनलेट, विभिनन नैदानिकी युगमन आदि के लिए मल्टीपल पोर्ट होंगे, जैसा कि नीचे चित्र में दिखाया गया है। शीर्ष पोर्ट को उच्च वोल्टता फीड-थ्रू के लिए एक्सेस पोर्ट के रूप में प्रयोग किया जाएगा एवं एक तरफा पोर्ट को निकासी प्रणाली के युग्मन के लिए लगाया जाएगा। अवशिष्ट गैस विश्लेषक का उपयोग निर्वात की गुणवत्ता की देख रेख एवं चैम्बर में अशुद्धियों के सूक्ष्म अवशेष का पता लगाने के लिए किया जाएगा। भिन्न आयाम और पारदर्शिता सहित एसएस की दोनों ज्यामितियों (गोलाकार एवं बेलनाकार) के ऐनोड एवं कैथोड ग्रिड को लगाया जाएगा। उच्च वोल्टता डीसी शक्ति आपूर्ति का उपयोग करके कैथोड को आवश्यक विभव प्रदान करने के लिए उच्च वोल्टता डीसी निर्वात फीड-थ्रू का उपयोग किया जाएगा, जिससे हम प्रचालन की निरंतर विधा को सक्षम बना सकेंगे। ईंधन गैसों के ग्लो डिस्चार्ज प्लाज़्मा को चैम्बर भित्ति एवं एनोड के बीच में चार फिलामेंट को रखकर फिलामेंट डिस्चार्ज द्वारा प्रारंभ में निर्मित किया जाएगा। ग्लो डिस्चार्ज द्वारा उत्पन्न ड्यूटेरॉन्स, दोनों ग्रिडों के बीच में उच्च स्थिर वैद्युत् क्षेत्र के कारण पारदर्शी एनोड एवं कैथोड ग्रिड की दिशा में त्वरित होंगे।

--!--

C. शैक्षिक कार्यक्रम

C.1 डॉक्टरेट कार्यक्रम.....50
C.2 ग्रीष्मकालीन स्कूल कार्यक्रम.....50

D. तकनीकी सेवाएँ

D.1 कम्प्यूटर सेवाएँ.....50
D.2 पुस्तकालय सेवाएँ..... 51

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति

E.1 पत्रिका लेख 52
E.2 आंतरिक शोध एवं तकनीकी प्रतिवेदन 65
E.3 सम्मेलन प्रस्तुति.....71
E.4 आईपीआर कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त आमंत्रित वार्ता 90
E.5 आईपीआर में अतिथि वक्ता द्वारा प्रदत्त आमंत्रित वार्ता.....94
E.6 आईपीआर में प्रस्तुत वार्ता 95
E.7 आईपीआर द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बैठकें.....96
E.8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर.....97

C. शैक्षिक कार्यक्रम

C.1 डॉक्टरेट कार्यक्रम

संस्थान द्वारा प्रचालित Ph.D. कार्यक्रम में वर्तमान में उनतालीस (39) शोधार्थी नामांकित हुए हैं। इनमें से चौदह (14) सैद्धान्तिक तथा अनुकरणीय परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं जबकि चौदह (14) प्रायोगिक परियोजनाओं से जुड़े हैं। वर्ष के दौरान ग्यारह (11) नये छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं तथा पाठ्यक्रम से जुड़े कार्य कर रहे हैं। इस कार्य को पूरा करने के बाद ये पीएच डी के लिए नामांकित किये जायेंगे। वर्तमान में सोलह (16) पोस्ट डॉक्टोरल फैलोज् अपने शोध कार्य में लगे हुए हैं।

जमा किये गए Ph.D शोधपत्र (अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान)

रेडियेशन प्रेशर एक्सिलरेशन ऑफ आयन्स इन बल्क टार्गेट्स बाय अल्ट्रा-इंटेन्स लेसर पलसज्
उज्जवल सिन्हा
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

मोमेन्टम ट्रांसपोर्टः इन्ट्रींसिक रोटेशन एण्ड ज़ोन फ्लोज् इन माइक्रोटर्बुलेंस इन टोकामैक्स
रामेश्वर सिंह
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

लेसर ड्रीवन एक्सिलरेशन ऑफ चार्जड् पार्टिकल्स इन वैक्युम
विक्रम सागर
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

स्टडी ऑफ शीयर ड्रीवन इलेक्ट्रॉन मैग्नेटोहाईड्रोडायनेमिक (ईएमएचडी) इन्स्टेबिलिटिस इन प्लाज़माज़
गुरुदत्त गौर
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

जनरलाइज़्ड हाइड्रोडायनमिक डिस्क्रिपशन ऑफ डस्टी प्लाज्माज़
सनत कुमार तिवारी
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

स्टडी ऑफ वेव प्रोपेगेशन एण्ड पोटेन्शिल स्ट्रक्चरर्स इन एन एक्सपैंडिंग हेलिकन प्लाज्मा
क्षितिश कुमार बराडा
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

ऑब्ज़रवेशन एण्ड थियोरी ऑफ इलेक्ट्रॉन टेम्परेचर ग्रेडिएंट टर्बुलेंस इन लैबोरेटरी प्लाज़्मा
सुशील कुमार सिंह
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

स्टडीज् ऑफ प्लाज़्मा फ्लोज् इन स्क्रेप-ऑफ लेयर प्लाज्मा ऑफ आदित्य टोकामक
दीपक सांगवान
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2013

C.2 ग्रीष्मकालीन स्कूल कार्यक्रम

उनचास (49) छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिसका उद्देश्य M.Sc. भौतिकी में (26) छात्रों और इंजीनियरी शिक्षण के (23) छात्र जिसमें यांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिकी एवं इन्स्ट्रूमेन्टेशन, इलेक्ट्रीकल, रसायनिक एवं धातुकर्म के छात्र शामिल हैं, को संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ काम करने तथा एक परियोजना एवं अनेक शैक्षणिक भाषणों के द्वारा प्लाज़्मा भौतिकी एवं संबंधित विषयों के बारे में सीखने का एक अवसर प्रदान करना है।

उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त नियमित छात्रों को उनके शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुसार कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिकी एवं इलेक्ट्रीकल इन्जीनियरी में परियोजना कार्य दिया जाता है।

D. तकनीकी सेवाएँ

D.1 कम्प्यूटर सेवाएँ:

प्रतिवेदन की अवधि के दौरान निम्न उपलब्धियाँ रही:

- ओएफसी रिंग पर आंतरिक बेंडविथ को 100Mbps तक उन्नत किया गया एवं बीएसएनएल को नया इंटरनेट सेवा प्रदाता बनाया गया। एफसीआईपीटी तथा गाँधीनगर में स्थित आईपीआर की प्रयोगशालाओं में भी बेंडविथ ओएफसी पर 10Mbps बढ़ा दी गई।
- आपदा प्रतिलाभ योजना के पहले चरण के अन्तर्गत एफसीआईपीटी में नये अग्निरोधक सेफ केबिनेट स्थापित किए गये। उपयोगकर्ता इस पर अपने डाटा का स्थैतिक बैक-अप रख सकते हैं।
- नई इमारत के समिति कक्ष, बोर्डरुम तथा वीसी सेट-अप (निदेशक कार्यालय) में नयी अत्याधुनिक A/V प्रणालियाँ स्थापित की गईं।
- आईपीआर के कोट इंटरनेट सर्वर्स को 8 ब्लेडों के एचपी ब्लेड चासिस में उन्नत किया गया।
- सीपीपी-आईपीआरगुवाहाटी परिसर के लिए 10Mbp OFC इंटरनेट बेंडविथ की खरीद की शुरुआत की गई।
- अतिथियों के लिए टिकट प्रणाली के साथ अतिथि गृह को Wi-Fi जोन बनाया गया। यह आईपीआर Wi-Fi परियोजना का पहला चरण है।
- आने वाले उद्योग मानक डेटा सेंटर की व्यवहार्यता का अध्ययन किया गया।
- आईपीआर की 11 सुरक्षा नीति का प्रारुप तैयार कर लिया गया है, जो अनुमोदन के लिए विचाराधीन है।

• गेटवे फायरवॉल (युटीएम-एकीकृत आपात प्रबंधन) की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।
• 10TB SAN (स्टोरेज एरिया नेटवर्क) की स्थापना का कार्य चल रहा है। इससे केन्द्रीकृत भंडारण के साथ- साथ बैक-अप की समस्या का भी निदान होगा।
• एफसीआईपीटी तथा आईपीआर प्रयोगशाला गेटवे के लिए दूर से निरीक्षण कर सकने योग्य CISCO रूटर्स की स्थापना का कार्य चल रहा है।
• कम्प्यूटर केन्द्र में नये आईबीएम एचपीसी (5.2 टीएफ) को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है और उपयोगकर्ता इसपर बड़े पैमाने पर काम कर रहै हैं।
• सीपीपी-आईपीआर, एफसीआईपीटी तथा आईपीआर में 8 नयी अत्याधुनिक विडियो कान्फ्रेंसिंग प्रणालियाँ स्थापित की गयी हैं। इससे IPR के विभिन्न परिसरों के बीच बेहतर संचार हो सकेगा।
• आईपीआर के वर्तमान नेटवर्क का परीक्षण चल रहा है। इस परीक्षण के विवरण तथा अनुशंसाओं का 17 वर्ष पुराने network को उन्नत करने के लिए प्रयोग किया जाएगा।
• पऊवि के निर्देशों के अनुसार, एक वेब आधारित सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए आईपीआर/एफसीआईपीटी की आईटी परिसंपत्ति / सूची की जानकारी तैयार की गई, जिसका निर्माण कम्प्यूटर केन्द्र ने विशेष रुप से पीएचपी तथा एमएसक्युएल का उपयोग करके किया था। इस सॉफ्टवेयर की मदद से आईटी सूची का सुगमता से अभिगम किया जा सकता है तथा रिपोर्ट उत्पन्न की जा सकती है।
• अतिरिक्त कार्यालयों में CAT6A नेटवर्किंग कार्यान्वित की गयी है।
• आईपीआर उपयोगकर्ताओं के लिए ई-मेल कोटा बढ़ा दिया गया।
• पिछले एक वर्ष में 10 स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने केन्द्र में अपनी शैक्षिक परियोजनाएँ पूर्ण की।
• लाइव वीडियों स्ट्रीमिंग तथा अभिलेखीय प्रणाली का विकास एवं कार्यान्वयन किया गया।
• नेटवर्क खतरों एवं अमेधता स्कैनिंग तथा विश्लेषण के लिए एक प्रणाली का विकास एवं कार्यान्वयन किया गया।
• नेटवर्क की निगरानी तथा विश्लेषण के लिए प्रणाली का विकास एवं कार्यान्वयन किया गया।
• निम्नलिखित के लिए प्रलेख संग्रह प्रणाली के साथ नये आईपीआर ई-ऑफिस प्रणाली का कार्यान्वयन किया गया-
• (अ) सार प्रस्तुति एवं अनुमोदन (ब) आधिकारिक प्रलेख अपलोड (स) परियोजना प्रबंधन समूह
• ई-ऑफिस के लिए केन्द्र द्वारा विकसित दूसरी इकाइयों में- (अ) शैक्षिक परियोजना प्रबंधन (ब) अतिथि गृह तथा छात्रालय प्रबंधन शामिल हैं।
• InDico प्लैटफार्म पर आधारित सम्मेलन सार प्रणाली का विकास करके उसे प्लाज़्मा-2013 तथा पीएसएसआई-पीएससी-2014 में कार्यान्वित किया गया। यह प्रणाली सम्मेलन सार/ लेख प्रबंधन के लिए संपूर्ण समाधान प्रस्तुत करती है।

D.2 पुस्तकालय सेवाएँ

अतीत के समान ही आईपीआर पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ता समुदाय की सेवा कर रहा है। आईपीआर पुस्तकालय अपने संग्रह और सेवाओं के संदर्भ में प्लाज़्मा विज्ञान के उन्नत पुस्तकालयों में से एक के रुप में जाना जाता है। पुस्तकालय विभिन्न संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम संसाधनों को उपलब्ध कराकर प्रयोगशाला में हो रहे अनुसंधान के समन्वयक का कार्य करता है। इस उद्धेश्य को पूरा करने के लिए पुस्तकालय अनेक प्रमुख डेटाबेसों जैसे एससीओपीयुएस, साइंस डाइरेक्ट, जर्नल ऑफ प्लाज़्मा फिज़िक्स आरकाईव्ज, एआईपी, एपीएस तथा पीआरओएलए को सब्सक्राइब करता है। इस वर्ष पुस्तकालय ने सभी उपलब्ध पुराने आईपीआर न्यूज़लेटर (वेव्स एण्ड फोर्थ स्टेट) के अंकीकरण की प्रक्रिया शुरु की है तथा इनका फुल टेक्स्ट पुस्तकालय वेब पेज के माध्यम से उपलब्ध कराया है। पुस्तकालय संग्रह में लगभग 286 पुस्तकें, 60 आंतरिक शोध पत्र, 33 आंतरिक तकनीकी शोध पत्र, अन्य संस्थानों के 56 नवीन शोध प्रपत्र, 142 पुनर्मुद्रण, 28 पैम्फलेट तथा 42 सॉफ्टवेयर संकलित किए गये तथा 105 पत्रिकाओं की खरीद की गई। संग्रह में कुल 18 ई-पुस्तकें तथा 9 शोध प्रबंध भी संकलित किए गये। नये सदस्यों, SSP छात्रों तथा शोध छात्रों का पुस्तकालय अभिविन्यास किया गया। वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक विषयों पर आयोजित हिन्दी संगोष्ठी में उपयोगकर्ताओं के लाभ हेतु एक वार्ता "आईपीआर पुस्तकालयः आपके डेस्कटॉप पर" 25 अप्रैल 2013 को आयोजित की गई। पुस्तकालय में स्मोक डिटेक्टर तथा फायर अलार्म प्रणाली की स्थापना की गई। अंतर-पुस्तकालय लेन-देन के अन्तर्गत आईपीआर सदस्यों के 77.44 प्रतिशत आवेदन पूर्ण किए गये; दूसरे संस्थानों के आवेदनों का उत्तर देकर आईपीआर पुस्तकालय ने 89% दस्तावेज उपलब्ध कराए। प्रयोगकर्ताओं को कुल 47168 प्रतिलिपियाँ उपलब्ध कराई गयीं। पुस्तकालय का वेब पेज एक झरोखे की भांति कार्य करता है जिसके माध्यम से सब्सक्राईव की गई अंकीकृत सामग्री के साथ-साथ दूसरे मुक्त एक्सेस संसाधनों का भी अभिगम किया जा सकता है। इसके माध्यम से सांस्थानिक संग्रह का भी अभिगम किया जा सकता है, जो एक मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर डीस्पेस पर आधारित है और जिसमें आईपीआरलेखकों के 1986 से अभी तक के सभी प्रकाशित लेख शामिल हैं। आईपीआर लेखकों के 1506 से अधिक लेख इस संग्रह का हिस्सा हैं। 1982 के बाद के 75 शोध प्रबंध आई पी आर सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं। इन संग्रहों का पुस्तकालय वेबपेज (www.ipr.res.in) से अभिगम किया जा सकता है। पुस्तकालय ने अपने वेबपेज पर समाचार अलर्ट सेवा भी शुरु की । प्लाज़्मा भौतिकी एवं संलयन तकनीक के क्षेत्र में समाचार अलर्ट के रुप में कुल 43 समाचार प्रदर्शित किए गये। राष्ट्रीय स्तर पर प्लाज़्मा भौतिक विज्ञानियों को व्यापक रुप से करंट रेंट सेवाएँ जारी रखी गईं। प्रतिवेदन की अवधि के दौरान कुल 20679807.00रु के बजट का उपयोग किया गया। पुस्तकालय ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्यक्रमों में सक्रिय रुप से सहयोग किया। पुस्तकालय के सभी कर्मचारियों ने संस्थान की बैठकों एवं गतिविधियों में सक्रिय रुप से भाग लिया। पुस्तकालय ने हेमचन्द्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय, पाटण के 3 MLISc छात्रों तथा गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गाँधीनगर के 2 छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति

E.1 पत्रिका लेख

इफेक्ट ऑफ आइसोथर्मल हीट ट्रीटमेंट ऑन माइक्रोस्ट्रक्चर एण्ड मेकेनिकल प्रोपर्टिस ऑफ रिड्युज़्ड एक्टिवेस्शन फेरिटिक मार्टेन्सइटिक स्टील
के.एस. चंद्रावथी, सी. एस. ससमल, के. लाहा, पी. परमेश्वरन, एम. नंदगोपाल, वी. डी. विजयानंद, एम. डी. मेथ्यु, टी. जयकुमार, ई. राजेन्द्र कुमार
जर्नल ऑफ न्युक्लियर मटिरियल्स, 435, 128-136, 2013

इलेक्ट्रॉन हीटिंग इन अ मल्टी-डाइपोल प्लाज़्मा बाय इलेक्ट्रोस्टेटिक प्लगिंग
एम. के. मिश्रा एण्ड ए. फुकान
जर्नल ऑफ प्लाज़्मा फिज़िक्स, 79, 153-161, 2013

कंपेरिज़न ऑफ लो एण्ड एटमोस्फरिक प्रेशर एयर प्लाज़्मा ट्रिटमेंट ऑफ पॉलीइथायलिन
पी. कीकानी, बी. देसाई, एस. प्रजापति, पी. अरूण, एन. चौहान एण्ड एस. के. नेमा
सर्फेस इंजीनियरिंग, 29, 211-221, 2013

ऑप्टिमाइज़ेशन ऑफ वेल्डिंग प्रोसेस पॉरामिटर्स फॉर डिस्टोर्शन कंट्रोल वीथ टागुची एप्रोच
सुरेश एकेला, बी. रमेश कुमार एण्ड वाय. क्रिष्नैया
इंटरनेशनल जर्नल ऑफ प्रिसिज़न टेक्नोलॉजी, 3, 206-219, 2013

रेपिड सिन्थेसिस ऑफ कार्बन नेनोपार्टिकल्स वीथ एन ऑप्टिमाइज़्ड कॉम्बिनेशन ऑफ स्पेसिफिक सरफेस एरिया एण्ड क्रिस्टेलिनिटी बाय अ प्लाज़्मा-एसिस्टेड सिंगल-स्टैप प्रोसेस
एन. एओमोआ, एच. भूयान, ए. एल. काब्रेरा, एम. फावरे, डी. ई. डिआज़-ड्रोगुट, एस. रोजास, पी. फेरारी, डी. एन. श्रीवास्तव एण्ड एम. ककाती
जर्नल ऑफ फिज़िक्स डी: एप्लाइड फिज़िक्स, 46, 165501, 2013

स्टडिज़ ऑन एक्स-रे एण्ड न्यूट्रॉन एमिज़न फ्रम 2.2 KJ प्लाज़्मा फोकस डिवाइस
एन. तालुकदार, टी. के. बोरठाकुर एण्ड एन. के. निओग
प्रोबलम्स ऑफ ऍटमिक साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, 1, 125-127, 2013

इफेक्ट्स ऑफ टंग्स्टन एण्ड टेन्टेलम ऑन क्रीप डिफॉरमेशन एण्ड रपचर प्रोपर्टिस ऑफ रिड्युज़्ड एक्टिवेशन फेरेटिक-मार्टेन्स्टिक स्टील
जे. वनाजा, के. लाहा, एम. डी. मैथ्यु, टी. जयकुमार एण्ड इ. राजेन्द्र कुमार
प्रोसिडिया इंजिनियरिंग, 55, 271-276, 2013

इफेक्ट ऑफ टंग्स्टन ऑन मेकेनिकल प्रोपर्टिस ऑफ रिड्युज़्ड एक्टिवेशन फेरिटिक-मार्टेन्सइटिक स्टील सबजेक्टेड टू इंटरक्रिटिक्कल हीट ट्रिटमेंट
सी. एस. ससमल, के. एस. चंद्रावथी, एम. नंदगोपाल, एस. पन्नीर सेल्वी, पी. परमेश्वरन, के. लाहा, एम. डी. मेथ्यू, टी. जयकुमार, ई. राजेन्द्रकुमार
प्रोसिडिया इंजिनियरिंग, 55, 277-283, 2013

माइक्रोस्ट्रक्चरल मॉडिफिकेशन्स ड्यू टू टंग्स्टन एण्ड टेन्टेलम इन 9Cr रिड्यूस्ड एक्टिवेशन फेरिटिक मार्टेन्सिइटिक स्टील्स ऑन क्रीप एक्सपोज़र
आर. मैथिली, रविकिरन, जे. वनाजा, के. लाहा, एस. सरोजा, टी. जयकुमार, एम. डी. मैथ्यु, ई. राजेन्द्रकुमार
प्रोसिडिया इंजीनियरिंग, 55, 295-299, 2013

प्रिपेरेशन एण्ड कैरेक्टराइज़ेशन ऑफ SnO_2 थिन फिल्म कोटिंग यूज़िंग rf-प्लाज़्मा एन्हांस्ड रिएक्टिव थर्मल इवॉपरेशन
पुनित पटेल, आयान कर्माकर, चेतन जरीवाला, जयेश पी. रूपारेलिया
प्रोसिडिया इंजीनियरिंग, 51, 473-479, 2013

ऑब्ज़रवेशन ऑफ लो मेग्नेटिक फिल्ड डेंसिटी पीक्स इन हेलिकन प्लाज़्मा
क्षितिश के. बराडा, पी. के. चट्टोपाध्याय, जे. घोष, सुनिल कुमार एण्ड वाय. सी. सक्सेना
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 042119, 2013

काइनेटिक इफेक्ट्स ऑन रॉब्स्टनेस ऑफ इलेक्ट्रॉन मेग्नेटोहाइड्रोडाइनेमिक स्ट्रक्चर्स
एम. हाटा, एच. साकागामी एण्ड ए. दास
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 042303, 2013

रोल ऑफ आयन टेम्प्रेचर ऑन स्क्रैप-ऑफ लेयर प्लाज़्मा टर्ब्युलेंस
एन. बिसाई एण्ड पी. के. कॉव
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 042509, 2013

नॉनलिनियर डाइनामिक्स ऑफ मल्टी नियोक्लासिकल टियरिंग मोड्स इन टोकामैक्स
डी. चंद्रा, ओ. एगुल्लो, एस. बेन्कड्डा, एक्स. गार्बेट एण्ड ए. सेन
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 042505, 2013

इफेक्ट ऑफ टेम्प्रेचर ऑन हाइड्रॉलिक पैरामिटर्स ऑफ केबल-इन-कंड्युट-कंडक्टर ऑफ एसएसटी-1
सुनिल केडिया, सुब्रता प्रधान, बिश्वनाथ रथ, कल्पेश दोशी, योहान ख्रिस्ती, दीपक पटेल, उपेन्द्र प्रसाद एण्ड आशु एन. शर्मा
जर्नल ऑफ सुपरकंडक्टिविटी एण्ड नोवल मेग्नेटिस्म, 26, 1289-

1296, 2013

डिज़ाइन एण्ड डेव्लपमेंट ऑफ रोगोविस्की कॉइल सेन्सर्स फॉर एडी करंट्स मेज़रमेंट ऑन टोरोइडल वेसल
एन. रवि प्रकाश, कनिकदीप फ्लोरा, राजन बाबु, आर. गांग्रडे एण्ड एच. के. पटेल
जर्नल ऑफ फ्युज़न एनर्जी, 32, 263-267, 2013

B2S: ए प्रोग्राम टु रिकंस्ट्रक्ट जियोमेट्रिकल इन्फॉरमेशन फ्रम कंप्यूटर एडिड डिज़ाइन मॉडल्स (सीएडी) एण्ड कंवर्टिंग इन्टु प्रिमिटिव मेथेमेटिकल फॉर्म
पी. वी. सुभाष, सी. वी. सुरेश, श्रीचंद जाखर, सी. वी. एस. रॉव एण्ड टी. के. बासु
एडवांसिस इन एनर्जी इंजीनियरिंग, 1, 16, 2013

ओवरव्यू ऑफ डिज़ाइन एण्ड थर्मल-हाइड्रॉलिक अनेलेसिस ऑफ इंडियन सॉलिड ब्रीडर ब्लेंकेट कंसेप्ट
परितोष चौधरी, चंदन दनानी, विलास चौधरी एण्ड इ. राजेन्द्र कुमार
फ्युजन इंजीनियरिंग एण्ड डिज़ाइन, 88, 209-215, 2013

इफेक्ट ऑफ कन्फाइनिंग वाल पोटेन्शियल ऑन चार्ज्ड कोलिमेटेड डस्ट बीम इन लो-प्रेशर प्लाज़्मा
एस. एस. कौशिक, बी. ककाती एण्ड बी. के. साइकिया
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 053702, 2013

डिसरपशन एवोइडेन्स इन द एसआइएनपी-टोकामक बाय मिन्स ऑफ इलेक्ट्रोड-बायसिंग एट द प्लाज़्मा एज
देबज्योति बासु, रबिन्द्रनाथ पाल, जूलियो जे. मार्टिनेल, जॉयदीप घोष एण्ड प्रबल के. चट्टोपाध्याय
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 052502, 2013

फोटोकेमिस्ट्री एण्ड एक्साइटेड स्टेट प्रोटोट्रॉपिक बिहेवियर ऑर 8-अमिनो 2-नेप्थोल
रीचा गह्लौत, हेम सी. जोशी, नीरज के. जोशी, नीतू पांडे एण्ड संजय पंत
स्पेक्ट्रोकिमिका एक्टा पार्ट ए: मॉलिक्यूलर एण्ड बायोमोलिक्यूलर स्पेक्ट्रोस्कोपी, 109, 164-172, 2013

टियरिंग मोड स्टेबिलिटी इन अ टोरोइडली फ्लोइंग प्लाज़्मा
ए. सेन, डी. चंद्र एण्ड पी. कॉव
न्युक्लियर फ्यूज़न, 53, 053006, 2013

लेसर एब्लेटेड कॉपर प्लाज़्माज़ इन लिक्विड एण्ड गैस एम्बिएंट
भुपेश कुमार एण्ड राज के. थरेजा
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 053503, 2013

हाइ हीट फ्ल्क्स परफोर्मेंस ऑफ ब्रेज़्ड टंग्स्टन मेक्रो-ब्रश टेस्ट मॉक-अप फॉर डाइवर्टर्स
यशश्री पाटिल, एस. एस. खीरवाडकर, डी. कृष्णन, ए. पटेल, एस. त्रिपाठी, के. पी. सिंह एण्ड एस. एम. बेलसरे
जर्नल ऑफ न्युक्लियर मटिरियल्स, 437, 326-331, 2013

वेक्युम कपलिंग ऑफ फोटो मल्टिप्लायर ट्युब वीथ मोनोक्रोमेटर फॉर इम्प्रुव्ड मॉनिटरिंग ऑफ वीयुवी एमिशन फ्रम आदित्य टोकामक
आर. मनचंदा, एम. बी. चौधरी, जे. घोष, के. एम. पटेल, एन. रमैया, एस. बेनर्जी, निरल चांछापरा, अनिरूद्ध माली, विपल राठोड, सी. जे. हानसलिया एण्ड विनय कुमार
इंडियन जर्नल ऑफ प्योर एण्ड एप्लाइड फिज़िक्स, 51, 421-425, 2013

टेम्प्रेचर प्रोफाइल इवोल्युशन इन क्वेंचिंग हाइ-Tc सुपरकंडक्टिंग कम्पोज़िट टेप
ज़ियाउद्दीन खान, सुब्रता प्रधान एण्ड इरफान अहमद
प्रमाण, 80, 1011-1016, 2013

रिड्युज़्ड लिकेज इन ऍपिटेक्सियल $BiFeO_3$ फिल्म्स फॉलॉइंग ऑक्सिजन रेडियो फ्रिक्वेंसी प्लाज़्मा ट्रिटमेंट
दीप्ती कोठारी, संजय के. उपाध्याय, सी. जरीवाला, पी. एम. राओले एण्ड वी. राघवेन्द्र रेड्डी
जर्नल ऑफ एप्लाइड फिज़िक्स, 113, 214109, 2013

मॉडिफिकेशन ऑफ प्लाज़्मा फ्लोस वीथ गैस पफ इन द स्क्रैप-ऑफ लेयर ऑफ आदित्य टोकामक
दीपक सांगवान, रतनेश्वर झा, जाना ब्रोटेन्कोवा एण्ड एम. वी. गोपालकृष्णा
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 062503, 2013

स्पेशियोटेम्पोरेल इवोल्युशन ऑफ डाइइलेक्ट्रिक ड्राइवन कोजनरेटेड डस्ट डेन्सिटी वेव्ज़
संजिब सरकार, एम. बोस, एस. मुखर्जी एण्ड जे. प्रमानिक
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 064502, 2013

डाइनामिक्स ऑफ डार्क हॉलो गौसियन लेसर पलसिस इन रिलेटिव्सटिक प्लाज़्मा
ए. शर्मा, एस. मिश्रा, एस. के. मिश्रा एण्ड आई. कौराकिस
फिज़िकल रिव्यु ई, 87, 063111, 2013

मेज़रमेंट ऑफ ट्रांशमिशन एफिशिएंसी फॉर 400 MeV प्रोटोन बीम थ्रु कोलिमिटर एट फर्मिलेब MuCool टेस्ट एरिया युज़िंग क्रोमेक्स-6 सिन्टिलेशन स्क्रिन
एम. आर. जाना, एम. छंग, बी. फ्रिमायर, पी. हेनलेट, एम. लियोनोवा,

ए. मोरेट्टी, एम. पालमेर, टी. स्काव्र्ज़, ए. टोलेस्ट्रप, वाय. टोरून एण्ड के. योनेहारा
रिव्यु ऑफ साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंट्स, 84, 063301, 2013

थर्मल एन्करिंग ऑफ वायर्स इन लार्ज स्केल सुपरकंडक्टिंग कॉइल टेस्ट एक्सपेरिमेंट
दीपक पटेल, ए. एन. शर्मा, उपेन्द्र प्रसाद, योहान ख्रिस्ती, पंकज वरमोरा, कल्पेश दोशी एण्ड एस. प्रधान
फ्युज़न इंजीनियरिंग एण्ड डिज़ाइन, 88, 374-379, 2013

ल्युमिनेसेन्स कॅरेक्टरिस्टिक्स एण्ड रूम टेम्प्रेचर फोसफोरेसेंस ऑफ नेफ्थोइक ऍसिड्स इन पॉलिमर्स
रीचा गहलौत, हेम सी. जोशी, नीरज के. जोशी, नीतू पांडे, प्रियंका अरोरा, रंजना रौटेला, कंचन सुयाल एण्ड संजय पंत
जर्नल ऑफ ल्युमिनिसेन्स, 138, 122-128, 2013

प्रिपेरेशन एण्ड कैरेक्टराइज़ेशन ऑफ एन्टिमनी डोप्ड टीण ऑक्साइड थीन फिल्म्स सिन्थेसाइज़्ड बाइ को-इवॉपरेशन ऑफ Sn एण्ड Sb यूज़िंग प्लाज़्मा एसिस्टेड थर्मल इवॉपरेशन
सी. जरीवाला, एम. धिव्या, आर. राणे, एन. चौहान, पी. ए. रायजादा, पी. एम. राओले, पी. आई. जॉन
जर्नल ऑफ नैनो एण्ड इलेक्ट्रॉन्क फिज़िक्स, 5, 02029, 2013

हाइ- पावर टेस्ट ऑफ केमिकल वेपर डिपोज़िटेड डायमंड विन्डो फॉर एन ईसीआरएच सिस्टम इन एसएसटी-1
बी. के. शुक्ला, आर. बाबु, एम. कुश्वाह, के. सत्यनारायण, जे. पटेल, एस. एल. रॉव, पी. धरोजिया, एच. पटेल, एस. बेल्सरे, वी. रठोड, एस. डी. पटेल, वी. भवसार, पी. ए. सोलंकी, ए. शर्मा, आर. शाह, डी. बोरा, एम. श्मेएलेव, वाय. बेलोव एण्ड वी. बेलॉसोव
आईईईई ट्रांसेक्शन्स ऑन प्लाज़्मा साइंस, 41, 1794-1798, 2013

रिसेंट प्रोग्रेस ऑन लोवर हाइब्रिड करंट ड्राइव एण्ड इम्प्लिकेशन्स फॉर ईटर
जे. हिल्लाइरेट, ए. एकेडेह्ल, एम. गोनिछे, वाय. एस. बेई, जे. आचर्ड, ए. आर्मिटेनो, बी. बैकेट, जे. बेलो, जी. बर्जर-बाय, जे. एम. बर्नर्ड, ई. कोरबेल, एल. डेल्पेछ, जे. डेकर, आर. डुमोंट, डी. गुल्हेम, जी. टी. होवांग, एफ. कज़ारियन, एच. जे. किम, एक्स. लिताओडोन, आर. मेग्ने, एल. मार्फिसी, पी. मोलार्ड, डब्ल्यु. नेम्कंग, ई. निल्सन, एस. पार्क, वाय. पेसन, एम. प्रेनास, पी. के. शर्मा, एम. प्रौ एण्ड द टीओआरई सुप्रा टीम
न्युक्लियर फ्यूज़न, 53, 073004, 2013

प्लाज़्मा रेस्पोंस टू ट्रांसिएंट हाइ वोल्टेज पल्सेस
एस. कर एण्ड एस. मुखर्जी
प्रमाण-जर्नल ऑफ फिज़िक्स, 81, 35-66, 2013

3-डी सिमुलेशन्स ऑफ प्लाज़्मा ट्रांस्पोर्ट इन द रिंग लिमिटर स्क्रैप-ऑफ लेयर ऑफ टोकामक आदित्य
देवेन्द्र शर्मा, रत्नेश्वर झा, युहे फेन्ग एण्ड फ्रांसिस्को सार्डिया
जर्नल ऑफ न्युक्लियरमटिरियल्स, 438, S554-S558, 2013

फ्लक्च्युएशन्स एण्ड इन्टर्मिटेन्ट पोलोइडल ट्रांस्पोर्ट इन अ सिम्पल टोरोइडल प्लाज़्मा
टी. एस. गौड, आर. गणेश, वाय. सी. सक्सेना एण्ड डी. राजू
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 072308, 2013

मल्टिस्टेज आयन एक्सिलिरेशन इन फाइनाइट ओवरडेन्स टारगेट विथ अ रिलेटिविस्टिक लेसर पल्स
उज्जवल सिन्हा
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 073116, 2013

स्पेशियोटेम्पोरल इवोल्युशन ऑफ पोन्डरोमोटिव इलेक्ट्रॉन हीटिंग इन एक्सियली इनहोमोजिनियस कोलिज़नलैस प्लाज़्मा
एस. के. मिश्रा एण्ड ए. शर्मा
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 073109, 2013

इम्प्रुव्ड एल्गोरिथम फॉर इलिमेंटल अनेलिसिस बाय लेसर-इंड्युस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी
प्रशांत कुमार, के. पी. सुब्रमणियन, अजय कुमार एण्ड आर. के. सिंह
एप्लाइड ऑप्टिक्स, 52, 5178-5183, 2013

डेव्ल्पमेंट ऑफ इन सिटू लेसर ब्लो ऑफ क्लिनिंग सेटअप फॉर आदित्य टोकामक विन्डो
एस. सासन्का कुमार, एम. के. जयराज, अजय कुमार, रवि ए. वी. कुमा
फ्युज़न साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, 64, 54-62, 2013

फॉल्ट प्रोटेक्शन एण्ड ओवरलोड डाइगोसिस इन अ रेग्युलेटेड हाइ-वोल्टेज पॉवर सप्लाए
परेश पटेल, सी. बी. सुमोद, डी. पी. ठक्कर, एल. एन. गुप्ता, वी. बी. पटेल, एल. के. बंसल, के. कुरेशी, वी. वाधेर, यु. के. बरूआ, एन. पी. सिंह
फ्युज़न साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, 64, 39-44, 2013

डेव्लपमेंट ऑफ इंडिया-स्पेस्फिक आरएएफएम स्टील थ्रु ऑप्टिमाइज़ेशन ऑफ टंग्स्टन एण्ड टेन्टेलम कंटेन्ट्स फॉर बैटर कॉम्बिनेशन ऑफ इम्पेक्ट, टेन्साइल, लो साइकल फतिग एण्ड क्रीइप प्रोपरटीज़
के. लहा, एस. सरोजा, ए. मोइत्रा, आर. संध्या, एम. डी. मैथ्यु, टी. जयकुमार, ई. राजेन्द्र कुमार
जर्नल ऑफ न्युक्लियर मटिरियल्स, 439, 41-50, 2013

इन्वेसटिगेशन ऑफ क्लास जे कन्टिनियस मोड फॉर हाइ-पावर सोलिड-

स्टेट आरएफ एम्प्लिफायर
अखिलेश जैन, पुंण्लिक रामा हान्नुरकर, सूर्या काँत पाठक, दीपक कुमार शर्मा एण्ड आलोक कुमार गुप्ता
आईईटी माइक्रोवेव्ज़, एन्टेनास एण्ड प्रोपेगेशन, 7, 686-692, 2013

डेव्ल्पमेंट ऑफ एल्युमिनियम वायर एज़ एन युएचवाय कम्पेटिबल डिमाउंटेबल सील
ज़ियाउद्दीन खान एण्ड एच. ए. पाठक
एड्वांस्ड मटिरियल्स मेन्युफेक्चरिंग एण्ड कैरेक्टराइज़ेशन, 3, 511-514, 2013

प्रिडिक्टिंग प्लाज़्मोनिक कप्लिंग विथ Mie-Gans थियरी इन सिल्वर नैनोपार्टिकल ऐरेस
एम. रंजन
जर्नल ऑफ नैनोपार्टिकल रिसर्च, 15, 1908, 2013

पोर्ट-बेस्ड प्लाज़्मा डाइग्नोस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ऑन ईटर
सी. एस. पिचर, आर. बार्नस्ले, एल. बर्टालोट, ए. एनछेवा, आर. फेडर, जे. पी. फ्रिकोनियू, क्यू. हू, बी. लेवेसी, जी. डी. लोइस्सेर, बी. ल्युब्लिन, बी. मेक्लिन, जे. पी. मार्टिन्स, एस. पदसालगी, एस. पाक, आर. रेईछले, के. साटो, ए. सेरिकोव, एफ. सेवेट, ए. सुआरेज़, वी. उदिन्तसेव, जी. वायाकिस, ई. वेश्छेव, सी. वॉल्कर, एम. वॉट्स, वाय. झाइ
फ्युज़न इन्जिनियरिंग एण्ड डिजाइन, 64, 118-125, 2013

रेन्डम लेसर एक्शन वीथ नैनोस्ट्रक्चर्स इन अ डाइ सोल्युशन
भुपेश कुमार, एस. के. एस. पटेल, एन. एस. गजभिए एण्ड राज के. थारेजा
जर्नल ऑफ लेसर एप्लिकेशन्स, 25, 042012, 2013

कम्पेरेटिव मॉडलिंग ऑफ लोवर हाइब्रिड करंट ड्राइव वीथ टू लौंचर डिज़ाइन्स इन द टोर सुप्रा टोकामक
इ. निल्सन, जे. डेकर, वाय. पेस्सन, जे. एफ. आरतौड, ए. एकेडेह्ल, जे. हिलैरियट, टी. एनियल, वी. बेस्युक, एम. गोनिछ, एफ. इम्बेयुक्स, डी. मेज़न एण्ड पी. शर्मा
न्युक्लियर फ्युज़न, 53, 083018, 2013

कॉम्पेक्ट सौलिड स्टेट रेडियो फिक्वेन्सी एम्प्लिफायर्स इन kW रिजाइम फॉर पार्टिकल एक्सिलेटर सबसिस्टम्स
अखिलेश जैन, डी. के. शर्मा, ए. के. गुप्ता, पी. आर. हन्नुरकर एण्ड एस. के. पाठक
साधना, 38, 667-678, 2013

फेज़-मिक्सिंग ऑफ इलेक्ट्रोस्टेटिक मोड्स इन अ कोल्ड मेग्नेटाइज़्ड इलेक्ट्रॉन-पॉज़िट्रॉन प्लाज़्मा
चंदन मैती, निखिल चक्रबर्ती एण्ड सुदीप सेनगुप्ता
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 082302, 2013

डायनामिक्स ऑफ लेसर-ब्लो-ऑफ इन्ड्युस्ड Li प्लूम इन कन्फाइन्ड जियोमेटरी
भूपेश कुमार, आर. के. सिंह एण्ड अजय कुमार
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 083511, 2013

डेन्स स्ट्रॉन्ग्ली कपल्ड प्लाज़्मा इन डबल लेसर पल्स एब्लेशन ऑफ लिथियम: एक्सपेरिमेंट एण्ड सिमुलेशन
अजय कुमार, वी. सीवाकुमारन, अश्विन जे., आर. गणेश एण्ड एच. सी. जोशी
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 082708, 2013

इन्फ्लुएंस ऑफ प्लाज़्मा सरफेस इंटरेक्शन्स ऑन टोकामक स्टार्टअप
राजीव गोस्वामी
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़्माज़, 20, 082516, 2013

रैपिड एल्लोइंग ऑफ टेट्राहैड्रल डाइमेग्नेटिक सेमिकंड्क्टर्स इन माइक्रोवेव एच फिल्ड
चारू लता दुबे, सुभाष सी. कश्यप, डी. सी. दुबे एण्ड डी. के. अग्रवाल
जर्नल ऑफ ऍलोइज़ एण्ड कंपाउंड्स, 571, 75-78, 2013

स्टडिज़ ऑन अ सुपरसोनिक थर्मल प्लाज़्मा एक्सपांशन प्रोसेस फॉर सिन्थेसिस ऑफ टिटेनियम नाइट्राइड नैनोपार्टिकल्स
बी. बोरा, एन. आओमोआ, एम. ककाती एण्ड एच. भुयान
पाउडर टेक्नोलॉजी, 246, 413-418, 2013

एफैक्ट ऑफ ऐनोड शेप ऑन पिंच स्ट्रक्चर एण्ड एक्स-रे एमिशन ऑफ प्लाज़्मा फोकस डिवाइस
एन. तालुकदार, एन. के. नियोग एण्ड टी. के. बोरठाकुर
रिज़ल्ट्स इन फिज़िक्स, 3, 142-151, 2013

थर्मल डिफोकसिंग ऑफ इंटेंस हौलो गॅसियन लेसर बीम्स इन एटमॉस्फेयर
आशुतोष शर्मा, महेन्द्र सिंह सोधा, शिखा मिश्रा एण्ड एस. के. मिश्रा
लेसर एण्ड पार्टिकल बीम्स, 31, 403-410, 2013

एडियाबेटिक फॉर्मुलेशन ऑफ चार्ज्ड पार्टिकल डायनामिक्स इन एन इन्होमोजिनियस इलेक्ट्रो-मेग्नेटिक फिल्ड
विक्रम सागर, सुदीप सेनगुप्ता एण्ड प्रद्युम्न कॉव
लेसर एण्ड पार्टिकल बीम्स, 31, 439-455, 2013

इफेक्ट ऑफ कोलिज़न पॅरामिटर्स इन इलेक्ट्रोनैगेटिव प्लाज़्मा शीथ वीथ टू स्पिशिस ऑफ पॉज़िट्रॉन आयन्स

आर. मौलिक, एम. के. महन्ता एण्ड के. एस. गोस्वामी
फिज़िक्स ऑफ प्लाज़माज़, 20, 094501, 2013

एम्प्लिट्युड डैथ इन नेटवर्क्स ऑफ डिले-कपल्ड डिले ओसिलेटर्स
जोअनेस एम. हॉफ्नर, गौतम सी. सेठिया एण्ड थिलो ग्रॉस
फिलॉसौफिकल ट्रांज़ेक्शन्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी ए: मैथेमेटिकल, फिज़िकल एण्ड इंजीनियरिंग साइंसिस, 371, 20120462, 2013

स्टडी ऑफ एक्स-रे एमिशन फ्रम प्लाज़्मा फोकस डिवाइस युज़िंग वेक्युम फोटोडायोड
एन. तालुकदार, टी. के. बोरठाकुर एण्ड एन. के. नियोग
न्युक्लियर इन्स्ट्रूमेंट्स एण्ड मेथड्स इन फिज़िक्स रिसर्च सेक्शन ए: एक्सिलेटर्स, स्पैक्ट्रोमिटर्स, डिटेक्टर्स एण्ड एसोशिएटेड इक्युपमेंट, 726, 139-144, 2013

चार्जिंग काइनेटिक्स ऑफ डस्ट इन इंटरप्लेनेटरी स्पेस प्लाज़्मा
शीखा मिश्रा एण्ड एस. के. मिश्रा
मंथली नोटिसिस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी, 432, 2985-2993, 2013

स्टेटस ऑफ द ईटर ऑयन साइक्लोट्रॉन एच एण्ड सीडी सिस्टम
पी. लामाल्ले, बी. बियोमोंट, एफ. क्ज़ारियन, टी. गास्स्मन्न, जी. अगारिची, पी. अजेश, टी. एलोन्ज़ो, बी. एरामभादिया, ए. अर्गौर्छ, आर. बाम्बेर, जी. बर्जर-बाय, जे.-एन. बर्नर्ड, सी. ब्रुन, एस. कारपेंटियार, एफ. क्लेरेट, एल. कोलस, एक्स. कर्टोइस, ए. डेविस, सी. डेछिले, एल. डोसियोल, पी. डुमोर्टियार, एफ. डुरोडी, एफ. फरले, एम. फिरदौस, ई. फ्रेड, जे.-सी. जियाकालोन, आर. गौल्डिग, एन. ग्रिनौफ, डी. ड्राइन, डी, हैनकॉक, जे. वी. एस. हरि, जे. हिलेरेट, जे. होसिया, एस. हायजेन, जे. जॅकक्विनॉट, जे. जैकक्योट, ए. एस. काये, डी. केल्लर, वी. क्रायत्स्या, डी. लॉक्ले, एफ. लौछे, एच. मच्छर, ई. मेनन, एन. मेन्टेल, आर. मार्टिन, एम. मेक्कार्थी, ए. मेसियान, एल. मियुनायर, डी. मिलानेसियो, एम. मिस्सिरलियान, के. मोहन, ए. मुखर्जी, एम. नाइटेंगेल, डी. पटादिया, ए. एम. पटेल, जी. पेरोल्लाज़, बी. पिटर्स, आर. पिट्स, एम. पोर्टन, के. रजनीश, डी. रसमुस्सेन, डी. राठी, आर. सनाब्रिया, आर. सरटोरी, एम. शेनन, ए. सिमोनेटो, आर. सिंह, जी. सुथार, डी. स्वैन, पी. थॉमस, पी. टिग्वैल, आर. जी. त्रिवेदी, एम. वरवायर, एम. व्रेन्क्गेन, डी. विल्सन एण्ड के. विन्कलर
फ्युज़न इंजीनियरिंग एण्ड डिज़ाइन, 88, 6-8, 517-520, 2013

वेक्युम सिस्टम ऑफ एसएसटी-1 टोकामक
ज़ियाउद्दीन खान, फिरोज़खान पठान, सीजू जॉर्ज, प्रतिभा सेमवाल, कल्पेश धनानी, युवाकिरण पारावस्तु, प्रशांत थांके, गट्टू रमेश, मान्थेना हेमाबिन्दु एण्ड सुब्रता प्रधान
फ्युज़न इंजीनियरिंग एण्ड डिज़ाइन, 88, 692-695, 2013

नेगेटिव आयन बीम एक्सट्रेक्शन इन रॉबिन
गौरब बंसल, अग्रजीत गहलौत, जिग्नेश सोनी, कौशल पंड्या, कन्नू जी. परमार, रवि पाण्डे, महेश वुप्पूगल्ला, भावेश प्रजापती, अमी पटेल, हिरेन मिस्त्री, अरूण चक्रबर्ती, मैनक बंधोपाध्याय, महेन्द्रजीत जे. सिंह, अरिंदम फुकन, रत्नाकर के. यादव एण्ड दीपक परमार
फ्युज़न इंजीनियरिंग एण्ड डिज़ाइन, 88, 778-782, 2013

